सूर्योदय 6:07 सूर्यास्त 6:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.8 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83079.66 |
| निफ्टी | 25418.55 |
| सोना 74,890 | चांदी 92,121 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



करीना और भूमि एक ही तरह के सलवार-सूट पहनें आई नजर

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 18 सितंबर 2024 | 3 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 272, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने पहली अक्तूबर को होने अगली सुनवाई तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने साफ किया कि अगर सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण है, तो वह हटाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत तमाम राज्यों में आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर तमाम याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थीं।

### प्रियंका के बाद शिमला पहुंची सोनिया गांधी



**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी मंगलवार को शिमला पहुंचीं। वहीं, पड़ोसी राज्य हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच 2 दिन पहले ही एआईसीसी की महासचिव प्रियंका गांधी भी शिमला पहुंची हैं। दिल्ली से सोनिया गांधी चंडीगढ़ तक फ्लाइट में आईं। चंडीगढ़ से सड़क मार्ग से सीधे शिमला के छराबड़ा पहुंची, जहां पर प्रियंका गांधी बीते रविवार से ठहरी हुई हैं। बताया जा रहा है कि दोनों कांग्रेस नेत्रियों का यह निजी दौरा है।

### जम्मू-कश्मीर में पहले चरण का मतदान आज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सात जिलों में बुधवार को मतदान होगा। मतदाता 10 सालों में पहली बार विधानसभा चुनाव में मतदान करेंगे। पहले चरण के मतदान की तैयारियां पूरी हो गई हैं। जम्मू क्षेत्र के तीन जिलों और कश्मीर घाटी के चार जिलों में 24 सीटों पर 90 निर्दलीय सहित 219 उम्मीदवारों के लिए 23 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। अगस्त 2019 में अनुच्छेद-370 निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह पहला विधानसभा चुनाव होगा।

### हिजबुल्लाह के पेजर्स में धमाके, दहला लेबनान

**बेरुत।** लेबनान की राजधानी बेरुत में लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के सदस्य कथित तौर पर उस समय घायल हो गए, जब उनके द्वारा संवाद करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई पेजरों में विस्फोट हो गए। इस घटना में एक हजार से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। वहीं, ईरान के राजदूत मुज्तबा अमानी भी घायल हो गए हैं। मार्केट में हुए हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई है। बताया जा रहा है सभी पेजर्स एक ही समय में फटे हैं। हिजबुल्लाह ने इस हमले के लिए इसराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गोबिंद सागर झील में शुरू हुई साहसिक गतिविधियां -पेज 2
- सोलन व्यापार मंडल अध्यक्ष व अन्य पर मामला दर्ज -पेज 3
- अस्पतालों में क्यूआर कोड स्कैन करने पर बनेगी पर्ची -पेज 9
- जल्द होगी जनगणना की घोषणा: शाह -पेज 13
- नए कोचिंग स्टाफ की शैली द्रविड़ से अलग: रोहित शर्मा -पेज 14


# रचा इतिहास: भारत 5वीं बार बना एशियाई हॉकी चैंपियन

एजेंसी, हुलुनबुइर ( चीन )

**भारतीय** हॉकी टीम ने मंगलवार को मेजबान चीन को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अजेय रही है। यह मुकाबला चीन के हुलुनबुइर शहर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। चौथे क्वार्टर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई। हरमनप्रीत सिंह की टीम के लिए यह मुकाबला कतई आसान नहीं था। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिए 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया। चीन दूसरी बार ही किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था।

**जुगराज के एकमात्र गोल से चीन चारों खाने चित**



### चीन ने दी कड़ी टक्कर, तीसरे क्वार्टर तक दोनों टीमें नहीं कर पाई गोल

**भारत** और चीन के बीच एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में तीसरे क्वार्टर का खेल बराबरी पर रहा। चीन टीम ने कड़ी टक्कर दी। पहले क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन चीन के डिफेंडर और गोलकीपर ने शानदार खेल दिखाते हुए उसे गोल में कन्वर्ट नहीं होने दिया। अभिषेक सिंह ने 8वें मिनट में गोल पर सीधा शॉट मारा। यहां चीन के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भारत और चीन की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में चीन की टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी। भारतीय टीम को इस क्वार्टर में बहुत कम मौके मिले, लेकिन वह उसे गोल में नहीं बदल पाए। चीन के डिफेंडरों ने भारतीय अटैक का मजबूती के साथ सामना किया है।

# सरप्लस मिड-डे मील वर्कर्स दूसरे स्कूलों में होंगे एडजस्ट: सुक्खू

## शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और डाइट संस्थानों का होगा पुनर्गठन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि स्कूलों के विलय के दृष्टिगत सरप्लस मिड-डे मील वर्कर्स को समीपवर्ती स्कूलों में एडजस्ट किया जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त नहीं किया जाएगा।

प्रदेश सरकार विभिन्न पहलुओं के माध्यम से वर्तमान शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है और शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों का विलय किया जा रहा है। यह बात सीएम सुक्खू ने शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना है। पूर्व भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर फिसल गया है और वर्तमान प्रदेश सरकार सरकारी शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। प्रदेश में खेल गतिविधियों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डाइट मनी में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

**कहा- शिक्षा प्रणाली में बदलाव ला रही है सरकार**



शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में खेल गतिविधियों में बढ़ावा देकर नशे की प्रवृत्ति से दूर रखा जा रहा है। सरकार ने सभी स्कूलों को शारीरिक व्यायाम के लिए हर दिन कम से कम 15 मिनट समर्पित करने के निर्देश दिए हैं।

### पीएम मोदी ने जन्मदिन पर दिया तोहफा, दो किस्तों में मिलेंगे 10 हजार रुपए

# ओडिशा की महिलाओं को 'सुभद्रा' योजना की सौगात

एजेंसी, भुवनेश्वर

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर ओडिशा की महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार की 'सुभद्रा' योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के जरिए महिलाओं को साल में दो किस्तों में 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। इस योजना के लिए 21 साल से लेकर 60 साल की महिला अप्लाई कर सकती हैं।

इस योजना को 5 सालों के लिए शुरू किया गया है। राज्य सरकार ने 55,825 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। इस योजना से एक करोड़ महिलाएं लाभान्वित होंगी। योजना में अभी तक 76 लाख महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। मंगलवार को सुभद्रा योजना के तहत 25 लाख से अधिक महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,250 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। वहीं, पीएम ने 3,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का अनावरण किया। वहीं, पीएम ने 14 राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत करीब 10 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त भी जारी की। उन्होंने आवास योजना के 26 लाख लाभार्थियों के लिए 'गृह प्रवेश' कार्यक्रमों में भी भाग लिया। मोदी ने पीएमएवाई-जी के तहत अतिरिक्त परिवारों के सर्वेक्षण के लिए 'आवास प्लस 2024' ऐप भी जारी किया। गृह प्रवेश समारोहों में भागीदारी करते हुए मोदी ने भुवनेश्वर की साबार साही झुग्गी का दौरा किया और कुछ लाभार्थियों से बात की।

प्रधानमंत्री ने वहां पीएमएवाई के तहत 20 लाभार्थियों के मकानों का उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ आवास योजना के लाभार्थी अंतरजामाई नायक के घर गए और उनके आवास पर तैयार पारंपरिक ओडिया मिठाई खीरी का स्वाद चखा।



**प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 10 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी**

# आतिशी होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री केजरीवाल ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

एजेंसी, नई दिल्ली

**अरविंद** केजरीवाल ने मंगलवार शाम उपराज्यपाल विनय सक्सेना को सीएम पद से इस्तीफा सौंप दिया। वहीं, दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। इससे पहले आतिशी मार्लेना को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान किया गया।

केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर विधायकों ने सहमति जताई। दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल की ईमानदारी पर कीचड़ उछाला गया। जनता जब तक उन्हें नहीं चुनती, वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। आतिशी ने कहा कि मैं अपने गुरु केजरीवाल का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए, दिल्लीवालों के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे।

**आतिशी ने किया सरकार बनाने का दावा पेश**



### यूपी में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 5 की मौत

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में सोमवार देर रात को अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 6 मकान ढह गए। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मलबे से 11 लोगों को बाहर निकाला गया। उधर, ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। हादसे में बेटा-बेटी को खोने वाली मां ने कहा कि जब तक सीएम योगी नहीं यहां नहीं आएंगे, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सीएम योगी ने मृतकों को परिजनों को 4-4 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है।

## हिमाचल में 20 को सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे पेंशनर्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** के पेंशनर 20 सितंबर को प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे। शिमला में मंगलवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें 20 सितंबर को प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदेशभर में सभी जिला मुख्यालयों व स्थानीय स्तर पर जगह-जगह प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने कहा कि जुलाई माह में हुई राज्य स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री से 15 सितंबर तक मिलने का समय मांगा था, लेकिन मुख्यमंत्री ने उन्हें मिलने का समय नहीं दिया। इसके बाद पेंशनर एसोसिएशन ने 20 सितंबर को प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। पेंशनर्स लंबे समय से प्रदेश सरकार से जीसीसी के गठन की मांग कर रहे हैं और पेंशनर्स को उसमें शामिल किया जाए।






**सुनवाई** नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को लगाई फटकार

# महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं? उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में महिलाएं रात में काम करती हैं। वकील कपिल सिब्बल ने बंगाल सरकार की तरफ से कहा कि सरकार अपने फैसले वापस ले लेगी। कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट 24 सितंबर को अगली सुनवाई करेगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच पर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया।



**कहा- नाइट शिफ्ट करने से नहीं रोक सकते, विकिपीडिया ट्रेनी डॉक्टर की तस्वीरें हटाएं**

### ईडी की घोष के फार्महाउस पर रेड

**कोलकाता।** ईडी की टीम ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष के फार्महाउस पर वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में रेड डाली। वहीं, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष और श्रीरामपुर से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक डॉ. सुदीप्त रॉय के आवास और नर्सिंग होम की भी तलाशी ली।

### बनर्जी का इस्तीफा मांगने संबंधी याचिका खारिज

**सुप्रीम** कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के मद्देनजर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे मांगे जाने का अनुरोध किया गया था। याचिका दायर करने वाले वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय के पास ऐसा आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है।

### मनोज वर्मा होंगे कोलकाता के नए पुलिस आयुक्त

**कोलकाता।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार वर्मा को विनीत गोयल की जगह कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया। ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले में आलोचनाओं का सामना कर रहे गोयल को हटाने की घोषणा सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार रात को प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के साथ बैठक के बाद की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ



**दशमी रावत, जुब्बल।** विकास खंड जुब्बल की सभी पंचायतों में वीरवार से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ हो गया है। खंड विकास अधिकारी कार्यालय से बीडीओ जुब्बल करन ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। वहीं इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया।

### पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने की दिलाई शपथ



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मिशन शक्ति संकल्प योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी शिमला द्वारा उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौपाल में शिविर आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्कूल के बच्चों तथा महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अलावा मिशन शक्ति के तहत चल रही विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पोषण अभियान को अपनाने व इसे जन आंदोलन बनाने की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरी शर्मा, डॉ. ऋचा, सुमन, रचना, खंड समन्वयक राकेश कुमार सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका भी उपस्थित रही।

### चौपाल महाविद्यालय में स्वयंसेवकों ने की सफाई

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। इस स्वच्छता अभियान के दौरान कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य प्रियंका ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व भी बताया।




### डॉ. मनमोहन ने बताया ओजोन परत का महत्व




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी बाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में साइंस सोसायटी ने केमिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से छात्रों और विज्ञान संकाय सदस्यों की भागीदारी और बड़े उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में प्रो. सुभाष ठाकुर और डॉ. मनमोहन ठाकुर ने ओजोन परत के महत्व पर प्रकाश डाला।

### निशुल्क शिविर में 500 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार के सिविल अस्पताल क्वार में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 500 लोगों ने शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह जानकारी बीएमओ चिड़गांव डॉ. रोहित धवन ने दी। वहीं कैंप में कई डॉक्टर मौजूद रहे।



### हिम सर्वोदय स्कूल ने किया गणपति विसर्जन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भगवान श्रीगणेश के विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव संपन्न हुआ। 7 सितंबर को हिम सर्वोदय स्कूल घुमारवीं में भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई थी, जिसके बाद 10 दिनों तक रोजाना गणपति जी की आरती व पूजा की गई। वही मंगलवार को स्कूल में भगवान श्री गणेश के विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा पर माला व पुष्प अर्पित किए तथा दीप जलाकर गणेशजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्कूल प्रबंध निदेशक नीलम महाजन ने सभी को गणेश उत्सव की हार्दिक बधाई दी और गणेश जी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। स्कूल स्टाफ ने बहुत ही उत्साह के साथ नाचते-गाते मोटरबोट के जरिए गोबिंद सागर झील में गणपति जी की मूर्ति विसर्जित की और अगले वर्ष जल्दी आने का भगवान गणेश जी को न्यौता भी दिया। इस अवसर पर सह निदेशक कमल महाजन, विमल महाजन, डॉ. ऋचा व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

### अमिता चौधरी ने संभाला घुमारवीं थाने का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** वर्तमान समय में नशे के बढ़ते प्रभाव को खत्म करने के लिए नशा माफिया को जड़ से खत्म करना ही मुख्य लक्ष्य रहेगा। यह कहना है घुमारवीं थाना की नई थाना प्रभारी अमिता चौधरी का है। उन्होंने कहा कि नशे की बढ़ती गंभीर समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए जल्द ही एक योजना तैयार की जाएगी। इससे पहला अमिता ऊना व शाहतलाई क्षेत्र में कार्य कर चुकी हैं। वह कांगड़ा जिले के नूरपुर गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पुलिस का सहयोग करें और कानून का पालन करें। इसके अलावा अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। यदि कहीं भी नशे के सौदागरों की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें।



### जारी रहेगा घुमारवीं अंगेस्ट चिट्टा अभियान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार संस्था द्वारा शुरू किया गया घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान शुरू हुए एक वर्ष पूरा हो गया है। समाज में इस अभियान के प्रभाव को देखते हुए संस्था ने निर्णय लिया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा जागरूकता अभियान की शुरुआत संस्था द्वारा अक्तूबर 2023 में कई गई थी। एक वर्ष के कार्यकाल में संस्था ने विभिन्न कार्यक्रमों से इस अभियान को जनता और युवाओं के बीच में ले जाने की एक सार्थक पहल की है। घुमारवीं की 40 पंचायतों के प्रतिनिधियों से पत्र व व्यक्तिगत संपर्क से चर्चा करने के उपरांत 24 पंचायतों के 30 स्थानों पर बड़ी व छोटी बैठकें आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त 20 शिक्षण संस्थानों में जाकर जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। स्कूली बच्चों के लिए उपमंडल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से घुमारवीं में 8000 लोगों से प्रत्यक्ष संवाद व संपर्क करने का काम किया गया। इस सर्वेक्षण में आए सुझावों के अनुरूप संस्कार सोसायटी आगामी वर्ष की गतिविधियां करने के लिए रूपरेखा तैयार करेगी तथा समाज के सभी वर्गों के सहयोग से अगले वर्ष इस अभियान को तेजी से चलेगी। इस दौरान घुमारवीं पंचायत के उपप्रधान किशोरी लाल शर्मा, सुनील शर्मा, बांके बिहारी, बाबू लाल धर्माणी, डॉ. सुनील चंदेल आदि उपस्तिथ रहे।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस पर हुआ कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बिलासपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं। साथ ही संस्था के उपाध्यक्ष मनोज शर्मा व जिला परिषद सदस्य सैलजा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं हेतु समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इसके पश्चात संसाधन प्रशिक्षक निशा देवी व प्रोमिला द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की संक्षिप्त जानकारी दी गई। मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यातिथि नड्डा ने समस्त श्रोताओं को जन्मदिवस की बधाई दी और प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को बताया तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया।

## नालदेहरा में हिम हिरा हाट से किया राज्य स्तरीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

# पर्यटक चलते वाहन से न फेंकें कूड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य स्तरीय स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का शुभारंभ आज नालदेहरा में हिम हिरा हाट में आयोजित विशेष कार्यक्रम से हुआ। इस मौके पर सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भी पौधरोपण किया। मुख्यातिथि ने कहा कि राज्य भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं अभियान के दौरान स्वच्छता पर केंद्रित नारा लेखन के कार्यक्रम भी होंगे। राजेश शर्मा ने प्रदेश के लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि चलते वाहनों से कूड़ा खुले में न फेंकें। हमेशा कूड़ेदान में ही कूड़ा फैंकने में अपनी भूमिका निभाए। अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने भी पौधा रोपण में हिस्सा लिया। वहीं हिम ईरा हाट का संचालन मशोबरा ब्लॉक लेवल फेडरेशन द्वारा किया जा रहा है। यहां पर स्थानीय महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाता है। मुख्य अतिथि ने हिम ईरा हाट का निरीक्षण किया और सदस्यों से हाट की कार्यप्रणाली को समझा।



### पत्तल में परोसे सिड्डू

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में हरी पत्तल पर सिड्डू परोसे गए। यह पत्तल बसंतपुर खंड के स्वयं सहायता समूह की ओर से तैयार की गई है।

### पॉली ब्रिक पर होगी प्रतियोगिता

**जिला** के सभी स्वयं सहायता समूहों को उक्त अभियान के तहत पॉली ब्रिक बनाने को लेकर प्रतियोगिता की लॉन्चिंग की गई। इस प्रतियोगिता के तहत स्वयं सहायता समूहों को प्लास्टिक वेस्ट को एकत्रित करके पॉली ब्रिक तैयार करनी होगी।

## एडवांस्ड स्टडी में स्वच्छता अभियान शुरू

**शिमला।** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान ने गर्व के साथ अपने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्र की स्वच्छ भारत पहल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाने वाले इस अभियान में स्टाफ और फेलोज़ की उत्साही भागीदारी देखी गई, जो कि सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित थी। सचिव मेहर चंद नेगी के मार्गदर्शन में, यह अभियान प्रधानमंत्री के लक्ष्यों और स्वच्छ भारत की ओर सरकारी उद्देश्यों के प्रति हमारी समर्पण को दर्शाता है। सचिव नेगी ने जोर दिया। यह पहल जिसका नेतृत्व डॉ. मीनू अग्रवाल, आवासीय चिकित्सा अधिकारी ने किया था और कई जगहों पर स्वच्छता सुनिश्चित की।

# मंगलवार से 16 दिन तक धरती पर निवास करेंगे पितर

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

मंगलवार को पूर्णिमा के दिन पितर पितृलोक से उतर कर 16 दिन तक धरती पर निवास करेंगे तथा इस दौरान सोलह दिन तक पितरों के वंशज उनका श्राद्ध करेंगे।

सोलन के सुबाथू निवासी प्रख्यात ज्योतिषी पवन शर्मा शूलिनी के अनुसार शास्त्रों में छह वर्ष तक के बालक , बालिका की मृत्यु उपरांत श्राद्ध नहीं बताया गया है एवं लड़की की शादी के बाद मृत्यु हो तो मायका पक्ष को उसका श्राद्ध नहीं करना चाहिए। उन्हों ने बताया कि पूर्णिमा तिथि पर प्रथम श्राद्ध ऋषि मुनियों, नवां सौभाग्यवती को, 12वां सन्यासी को, 14वां अलप मृत्यु अथवा दुर्घटना में मृत व्यक्ति को तथा समावस्या का अंतिम श्राद्ध नानका पक्ष को समर्पित होता है। शूलिनी ने बताया कि अश्विनी कृष्ण पक्ष के 16 दिन शास्त्रों में परिजनों द्वारा श्रद्धापूर्वक पितरों की तृप्ति के लिए किए गए भोजन, अन्न, वस्त्र, जल, दक्षिणा, जाप, अग्नि में दिए जाने वाले नैवेद्य दान, व्रत, तर्पण, पिंडदान आदि को श्राद्ध कहते है।


पवन शर्मा शूलिनी।

इस दौरान गऊ, कौआ, कुत्ता, चींटी आदि को भोजन देना अति शुभकर है। श्राद्ध में पंडित पंडिताईन, नाती, बेटी व कुंवारी कन्या को भोजन करवाने के बाद हाथ धुलवा कर गीले हाथों में दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। पितृ पक्ष के अंतिम दिन घर के दरवाजे तक जल के छींटे देते हुए पितरों और मृत आत्माओं को विदाई दें तथा पित्र देवता से प्रार्थना करनी चाहिए कि इस सब पुण्य कार्य का फल दिवंगत आत्मा को प्रदान कर उनको सद्गति प्रदान करें और आशीर्वाद स्वरुप दिवंगत आत्मा को पितृगण होने का वरदान दें ।

## हैप्पी क्लास रूम पर करवाया कार्यक्रम

**शिमला।** डीएवी सीपीएस गजेरी, ठियोग में हैप्पी क्लासरूम पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीबीएसई शिक्षण संस्थाओं के करीब 43 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। सीबीएसई के प्रतिष्ठित पप्रशिक्षिका उपासना वशिष्ठ, प्रिंसिपल फ्लोरेंस कॉन्वेंट हाई स्कूल, सुबाथू और श्रीमती अनुपम, प्रिंसिपल दयानंद पब्लिक स्कूल शिमला ने अनुभव साझा किए।

# कुल्लू की नोमिका सोनी बनी मोर्चे की राज्य अध्यक्ष

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा नोमिका सोनी को परिषद की महिला विंग की राज्य अध्यक्ष मनोनित किया गया गया है ।


नौमिका सोनी।

परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की कुल्लू के ब्रो गांव से संबंध रखने वाली नोमीका सोनी को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की महिला विंग की राज्य अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।

मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी। (अनंत ज्ञान)

# दिव्यांग खिलाड़ियों को दिए जाएंगे विशेष उपकरण : सिद्धार्थन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा युवा मोर्चा जिला द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में भाजपा के प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपाथित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने प्रदेश के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से पीएम मोदी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

सिद्धार्थन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 74वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर को गांधी जयंती पर समाप्त होगा। वहीं पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितम्बर और 2 अक्तूबर को गांधी जी की जयंती पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


रक्तदानियों के साथ सिद्धार्थन

वहीं विकसित भारत पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच उपकरणों का वितरण एवं बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

# बाहरी राज्यों के व्यापारियों के दस्तावेजों की हो जांच

**कोटखाई, भरत ठाकुर**

गुम्मा व्यापार मंडल प्रधान देवेंद्र सिंह की अगुवाही में एक प्रतिनिधिमंडल ने को कोटखाई थाना और एसडीएम ऑफिस में एक अर्जी पेश की जिसमें उन्होंने गुम्मा मे बाहरी राज्यों से आ रहे व्यापारियों के दस्तावेज के जांच की मांग की। उन्होंने खास एक समुदाय का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें बाहर से आए व्यापारियों से 86आधार कार्ड प्राप्त हुए हैं जिम 46 लोगों की जन्म तिथि 1 जनवरी दर्ज है जिस बात को लेकर उन्हें संदेह हो रहा ह। उन्होंने इन सभी आधार कार्ड धारकों की सत्यता की जांच की मांग उठाई। 17 दिन के अंदर उनकी मांगों को माना नहीं जाता है तो प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# कवालिया मंदिर भैंस पालकों की आस्था का बना केंद्र

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

सुरम्य चोटी कवालिया में आज भैंस पालकों का जातर मेला कवालिया देवता की पारंपरिक पूजा के साथ संपन्न हो गया। इस मेले में पीरन और सतलाई पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने कवालिया देवता का आर्शिवाद प्राप्त करके खीर के भंडारे का भरपूर आनद उठाया।

बता दें कि समुद्र तल से करीब आठ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित कवालिया मंदिर आदीकाल से पूरे क्षेत्र के भैंस पालकों की आस्था का केंद्र बना हुआ है । कवालिया पीक प्रकृति सौंदर्य से भरपूर है । मूलभूत सुविधाओं के सृजन से यह स्थल प्रदेश में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में उभर सकता है।


देवता की जातर में आए लोग।

कवालिया देवता के पुजारी जबर सिंह ठाकुर ने बताया कि सैलानी इस स्थल पर पहुंचकर प्रकृति की अनुपम छटा तथा हिमालय पर्वत की चोटियों का आनद ले सकते हैं । उन्होंने बताया कि यह स्थल पर्यटक स्थल चायल और कूफरी से करीब 20 किलोमीटर, दूरी पर है ।

## पोस्टर मेकिंग में अपराजिता प्रथम

**सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील मे ईको क्लब और विज्ञान परिषद के तत्वावधान मे विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर ओजोन संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की अपराजिता ने प्राप्त किया ।

# स्वच्छता ही सेवा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का शुभारंभ मंगलवार को जिला विकास अधिकारी कार्यालय, जिला बिलासपुर परिसर में 11 बजे श्रीमती बिमला देवी अध्यक्षा जिला परिषद बिलासपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर उपस्थित व्यक्तियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का शुभारंभ जिला के सभी विकास खंडों में तथा ग्राम पंचायतों में भी इसका आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कार्यालयों के परिसरों की साफ-सफाई की गई। यह अभियान स्वच्छता को बढ़ावा देने और समाज में इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए चलाया गया है। जिले में 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है, ताकि समाज के हर वर्ग को सफाई के प्रति सजग किया जा सके और स्वच्छता के महत्व को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सके।



उन्होंने कहा कि गंदगी को दूर करके अपने देश की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।

जिला विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार ने बताया कि इस अभियान के कार्यान्वयन के लिए शिक्षकों, आंगनबाड़ी तथा आशा कार्यकर्ताओं की सेवाओं का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव को ओडीएफ मॉडल घोषित करने के लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा और स्त्यापित गांव के लिए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे तथा व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के लिए लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और शौचालयों का नवीनीकरण भी किया जाएगा।

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान पंचायतीराज, नवयुवक मंडल, महिला मंडल तथा स्वयं सहायता समूहों के संयुक्त सहयोग से जल निकायों, पेयजल टैंकों सहित पारंपरिक जल स्त्रोतों को साफ किया जाएगा और हॉट स्पॉट्स की पहचान कर उनकी सफाई के बाद सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अलावा सफाई मित्रों को सरकार की योजनाओं के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा तथा उन्हें इसका लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उनसे आवेदन भी प्राप्त किए जाएगे।

## संतों की भूमिका पर हुई संगोष्ठी

**बिलासपुर।** गायत्री मंदिर बिलासपुर में ठाकुर रामसिंह स्मृति न्यास एवं सामाजिक समरसता मंच हिमाचल प्रांत के तत्वाधान में प्रबुद्ध जन पूजनीय संत, कथावाचक, पुजारी, पुरोहित, मंदिरधाम लीला कमेटी के पदाधिकारी, भजन-कीर्तन मंडली द्वारा प्रमुखद्ध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय सामाजिक समरसता में संतों की भूमिका था। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक प्रमोद का उद्वोधन हुआ। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से सारी प्रजा धर्मानुसार चलने वाली होगी। संगोष्ठी में स्वामी राजेंद्र गिरी ने भी अपना आशीर्वचन दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता समरसता मंच बिलासपुर के अध्यक्ष सोहन सिंह ठाकुर ने की।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े का आयोजन

**गोपाल कपिल, झंडूता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में झंडूता विधानसभा क्षेत्र में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हो गया। 15 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत विधायक जीतराम कटवाल ने झंडूता अस्पताल से की। अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों का कुशलक्षेम जानने और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करने के साथ ही उन्होंने उन्हें फल भी वितरित किए।



वहीं, सेवा पखवाड़े के तहत झंडूता मंडल भाजपा की ओर से बरठीं, गेहड़वीं, तलाई व कलोल अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित करके प्रधानमंत्री को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु के लिए प्रार्थना की गई। जीतराम कटवाल ने कहा कि आज का दिन कई मायनों में खास है। प्रधानमंत्री का जन्म दिवस होने के साथ मंगलवार को ही भगवान विश्वकर्मा जयंती भी है। इसके अलावा मोदी सरकार-3 के 100 दिन भी पूरे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर कॉलेज में मनाया विश्व ओजोन दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रसायन विभाग द्वारा विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पोस्टर, भाषण तथा पॉवर प्वॉइंट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कटवाल ने युवाओं को ओजोन के महत्व तथा इसके संरक्षण के लिए जागृत करते हुए कहा कि 1987 में ओजोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की तिथि की याद में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में ओजोन दिवस की थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल यानि जलवायु क्रियाओं को आगे बढ़ाना है।

# ऋषि मार्कंडेय स्कूल ने जीता सब जूनियर कबड्डी का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जुखाला में आयोजित जिला स्तरीय सायर मेले में सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता पर ऋषि मार्कंडेय पब्लिक स्कूल जुखाला ने फतह कर ली। सब जूनियर प्रतियोगिता में 14 वर्ष तक की आयु वाले बच्चो ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में फाइनल का मुकाबला ऋषि मार्कंडेय पब्लिक स्कूल जुखाला व जुखाला के मध्य हुआ, जिसमें ऋषि मार्कंडेय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस मुकाबले में एक तरफा कब्जा करते हुए बड़ी आसानी से जीत दर्ज की। वहीं, जूनियर प्रतियोगिता के लिए 24 टीमें आपस में भीड़ रही है। जूनियर प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सुई सुराहड़ व कोठीपूरा के मध्य हुआ, जिसमें सुई सुराहड़ विजयी रहा। दूसरा मुकाबला घाघस-ए व स्याहुला के मध्य हुआ जिसमें घाघस-ए विजेता बना। गेहड़वी व ज्योरा के मध्य हुए मुकाबले में ज्योरा विजयी रहा। इसके अलावा कई खेल मुकाबले हुए। खेल समिति के प्रभारी प्रदीप ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच मैट के ऊपर करवाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों के रहने व खाने की व्यवस्था की गई है। मेले के समापन पर सीनियर प्रतियोगिता का समापन होगा।



**रोमांच** बंदलाधार से पैराग्लाइडरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# गोबिंद सागर झील में शुरू हुईं साहसिक गतिविधियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर की गोबिंद सागर झील में एक बार फिर साहसिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली की ओर से बिलासपुर में चार दिवसीय एसआईवी कोर्स शुरू किया गया है, जिसमें पायलटों को बंदलाधार से पैराग्लाइड़िंग के साथ डाइव करवाया जा रहा है और आपातकाल स्थिति के दौरान कैसे बचाव किया जा सके, उसके बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस कोर्स में 20 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। इस शिविर में पैराग्लाइडिंग के बारीकियों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। इस एसआईवी कोर्स के माध्यम से पायलट को अपने पर्यटक की जान बचाने के अलावा अन्य बारिकियां सीखाई जा रही हैं। बता दें कि बिलासपुर की गोबिंद सागर झील प्रदेश की एकमात्र ऐसी साइट है जहां पर यह एसआईवी कोर्स के लिए बेहतर है। जिसके चलते यहां पर हर साल इस तरह के कोर्स करवाए जाते हैं। हालांकि, उतराखंड के टीहरी में इस कोर्स को करवाया जाता है, लेकिन बिलासपुर की गोबिंद सागर झील की यह साइट देश में सबसे बेहतर साइट मानी गई है। पर्वतारोहण संस्थान मनाली के अधिकारियों की मानें तो कांगड़ा में इस कोर्स को करवाया जाता है, लेकिन वहां पर पिंच मशीन के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। बहरहाल, इस कोर्स का लाभ पैराग्लाइडिंग करने वालों के लिए होगा। इस प्रशिक्षण शिविर के बाद जल्द ही दूसरा एसआईवी कोर्स भी शुरू होगा।



उधर, अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के एसआईवी कोर्स इंचार्ज गिमनर सिंह ने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रशिक्षुओं को घटनाओं से निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी मिल सके। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को पैराग्लाइडिंग के दौरान उत्पन्न होने वाली आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना है। यह प्रशिक्षण स्थानीय युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है। जिससे भविष्य में उन्हें रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं।

बता दें कि अभी हाल ही में बिलासपुर की बंदला की साईट पैराग्लाइडिंग के लिए नोटिफाई हुई है। जिसके चलते यहां पर मानव परिंदे उड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# सोलन व्यापार मंडल अध्यक्ष व अन्य पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मस्जिद विवाद

हिंदू समाज व व्यापार मंडल सोलन ने शिमला पुलिस द्वारा हिंदुओं पर किए लाठीचार्ज व सोलन में बाहरी राज्यों से गैर-पंजीकरण रह रहे लोगों के विरोध में सांकेतिक बंद का ऐलान किया था, इस संदर्भ में हिंदू समाज व व्यापार मंडल सोलन द्वारा आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों के साथ रैली/प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

उक्त प्रदर्शन/रैली का नेतृत्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुशल जेठी, हिंदू समाज के प्रतिनिधियों मुकेश शर्मा, भूपेंद्र ठाकुर व आशीष अन्य द्वारा किया जा रहा था तथा इनके द्वारा तय किए गए रैली के रास्ता को चिल्ड्रन पाक से शुरू करके अपर बाजार होते हुए पुराना बस स्टैंड सोलन में रैली को समाप्त करना था। उक्त प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा माल रोड पर एक व्यक्ति के साथ हाथापाई की तथा समुदाय विशेष के प्रति आपतिजनक नारेबाजी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनकारियों ने पुराना बस स्टैंड के समीप व अन्य जगहों पर दुकाने चिन्हित करके उन पर क्रॉस के

### माल रोड पर एक व्यक्ति के साथ हाथापाई की वीडियो वायरल




निशान लगाए तथा कुछ दुकानों के बाहर होर्डिंग को भी तोड़ा। प्रदर्शन/रैली का नेतृत्व कर रहे व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुशल जेठी द्वारा उक्त रैली को तय रूट से हटकर कोटला लाला की तरफ ले जाया गया।

उसके उपरांत ये उक्त रैली को जानबूझकर ठोड़ो ग्राउंड जहां पर हिमाचल उत्सव चल रहा था की तरफ ले गए, जिन्हें वहां पर बतलाया गया कि रैली का तय समय 12.00 बजे है जो समय अधिक हो गया है, अब अपने प्रदर्शन को समाप्त करके चले जाए, परंतु वह ठोडो ग्राउंड जाने की जिद पर अड़े रहे। परंतु बार-बार समझाने पर भी प्रदर्शनकारी न माने तथा ठोडो ग्राउंड चले गए जहां पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया तथा उसके उपरांत अपने प्रदर्शन को समाप्त किया। रैली समाप्त होने के बाद कुछ लोग ज्ञापन देने के लिए उपायुक्त कार्यालय तरफ चले गए जो उक्त प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रशासन द्वारा रैली के लिए तय किए गए रूट के आदेशों की अवहेलना करके उग्र प्रदर्शन किया व कानून व्यवस्था को खराब करने की कोशिश की तथा एक समुदाय के प्रति आपतिजनक / गलत नारेबाजी की गई।

इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में धारा 189(2),190,191(2), 299,353(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक जिला पुलिस द्वारा उक्त उग्र प्रदर्शन के दौरान स्थिति को बहुत अच्छे व पेशेवर तरीके से संभाला, जिस कारण उक्त प्रदर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हुई व प्रदर्शन शांतिपूर्वक तरीका से समाप्त हो गया। प्रदर्शन के दौरान जिन्होंने कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश की, उन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

### हिंदू संगठनों की नारेबाजी पर मुस्लिम समुदाय ने जताई आपत्ति



पांवटा साहिब । मुस्लिम समुदाय ने हिंदू संगठनों की ओर से की गई नारेबाजी पर आपत्ति जताई और कहा कि उन्हें इससे ठेस पहुंची है। मुस्लिम समुदाय के लोगों में नजाकत अली, शमशेर अली, शखावत अली, अजगर अली व डॉ. अब्दुल रहमान, मुश्ताक अहमद आदि शिकायतकर्ताओं ने हिंदू संगठनो पर आपत्तिजनक नारे लगाने हेतु मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

उन्होंने बजरंग दल व हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को भड़काने का मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घिनौनी और गैर कानूनी हरकतों की पुनरावृत्ति न हो,जिसके लिए एसडीएम गुंजित सिंह चीमा को ज्ञापन दिया। एक सवाल के जवाब में समुदाय के लोगों ने कहा कि उन्हें विश्वास ही कि शहर के लोग इस प्रकार की नारेबाजी नहीं कर सकते। इस प्रदर्शन में कुछ बाहरी लोग शामिल थे।

# हिमाचल की तरह हरियाणा को भी ठगने की कोशिश में कांग्रेस : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार के साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब हरियाणा और जम्मू कश्मीर के आम विधानसभा चुनाव में लोगों को ठगने के लिए झूठी गारंटियों का सहारा ले रही है, जिस तरह से कांग्रेस के छोटे-बड़े सभी नेताओं ने हिमाचल के लोगों से झूठ बोलकर सत्ता हासिल की उसी तरीके के हथकंडे अब देश के बाकी राज्यों में फिर से अपनाने की कोशिश हो रही है।

अब कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो चुका है। कांग्रेस की गारंटी पर अब कोई भी यकीन नहीं करने वाला है। पूरे देश ने देख लिया है की कांग्रेस किस तरह बिना किसी रोडमैप के झूठी घोषणाएं करके लोगों का वोट लेती हैं। हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में जो कुछ



हुआ वह समूचे देशवासियों के लिए भी एक सबक है कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों पर यकीन न करें।

हिमाचल में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों से छीनी गई सुविधाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। सुक्खू सरकार ने लगभग 2 साल के कार्यकाल में सिर्फ और सिर्फप्रदेश के लोगों को महंगाई के झटके दिए। मिल रही सुविधाओं को या तो बंद कर दिया या फिर उनका बजट रोक दिया। 1500 से ज्यादा चले हुए संस्थान बंद करना और दस हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकालना सुक्खू सरकार की पहली उपलब्धि के रूप में जानी जाती है।

सुक्खू सरकार ने 500 से ज्यादा स्कूल बंद किए। इसके बाद पूर्व सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं छीन ली गई, जिसमे लोगों का नि:शुल्क इलाज, जांच, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं हैं। सरकार द्वारा आपदा ग्रस्त हिमाचल प्रदेश में 100 रुपए से ज्यादा सीमेंट के दाम बढ़ा दिए गए।

सहारा जैसी पेंशन योजना का बजट रोक दिया गया। कर्मचारियों को डीए देना तो दूर की बात इलाज में खर्च का होने वाला पैसा भी नहीं मिल रहा है। वेतन को लेकर सरकार द्वारा जो किया गया उसे पूरे देश ने देखा।




## ‘ठेंगे’ पर शिक्षा सचिव और डायरेक्टर के आदेश

# टाइम टेबल पर सिमटा प्रिंसिपल, हेडमास्टर और सीएचटी को हर रोज एक पीरियड लेना

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल के शिक्षा सचिव और डायरेक्टर के एक पीरियड लगाने के आदेश ‘ठेंगे’ पर हैं। इन आदेशों में प्रदेश भर के सभी स्कूलों के प्रिंसिपलों, हेडमास्टरों और सेंटर हैड टीचरों (सीएचटी) को हर रोज अपने-अपने सब्जेक्ट की विशेषज्ञता के आधार पर स्कूल में एक-एक पीरियड लगाना अनिवार्य है। अब असल समस्या यह है कि स्कूल के टाइम टेबल के हिसाब से तो उन्होंने इसकी व्यवस्था कर दी है, लेकिन व्यवहारिक रूप में राज्य के ज्यादातर स्कूलों में ऐसा हो नहीं रहा। यही असल में समस्या है।

यानी राज्य सरकार के आदेशों को अमलीजामा पहनाने में यह लापरवाही व्यवस्था बनाने वालों की वजह से भारी पड़ रही है। करीब दो




माह पहले शिक्षा सचिव और डायरेक्टर ने प्रदेश भर के सभी स्कूलों को या आदेश भेजे थे इन पर डिप्टी डायरेक्टर ऑफिसों से भी अलग से आदेश जारी हुए थे। इन आदेशों को लाजिमी तौर पर अमलीजामा पहनाया जाना था, लेकिन स्कूल के ज्यादातर मुखिया होशियारी से टाइम टेबल चार्ट पर तो इसका उल्लेख कर रहे हैं। मगर क्लासरूम में नहीं पहुंच पा रहे। हर सप्ताह कम से कम पांच पीरियड तो लगने लाजमी है, लेकिन यहां तो एक पीरियड भी नहीं लग रहा।

अब विषय यही है कि इन आदेशों को सरकार ने क्यों जारी किया उसके पीछे बजाय थी कि संबंधित मुखिया जिस सब्जेक्ट के विशेषज्ञ हैं उसका लाभ स्टूडेंट्स को मिलना चाहिए।

> इन आदेशों को लाजिमी तौर पर सभी स्कूलों के मुखियाओं को अपनाना होगा। पीरियड चार्ट में डालना होगा। यदि ऐसा हो रहा है, तो कल से स्कूलों में इसकी छानबीन होगी और यदि ऐसी लापरवाही करते हुए कोई पाया गया, तो फिर उसके खिलाफ निश्चित रूप में कड़ी कार्रवाई होगी।
> **-अनिल कौशल, हमीरपुर सेकेंडरी शिक्षा के डिप्टी डायरेक्टर**

इसीलिए सरकार ने मौजूदा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए ही इन आदेशों को जारी किया था। ताकि स्कूलों में कोई कोर कसर पढ़ाने में न रह जाए। तो वहां के मुखिया भी योगदान देंगे। लेकिन अब योगदान यकीनी तौर पर मिलेगा कैसे? (अनंत ज्ञान)

# मोदी ने हिमाचल को माना दूसरा घर, जन्मदिन पर बधाई : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 74वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए हिमाचल के प्रति विशेष स्नेह रखने के लिए उनका आभार प्रकट किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, ‘दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता, नवभारत निर्माण के प्रणेता, आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के संकल्पकर्ता, हमारी पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी को 74 वें जन्मदिन की बहुत बधाई। मजबूत, संवेदनशील, प्रतिबद्ध, परिश्रमी, दूरदर्शी, गतिशील नेतृत्वकर्ता के रूप में मोदी जी के कार्य पिछले एक दशक से देश को आश्वस्त करते हैं कि सत्ता को सेवा मानने वाले मोदी जी के हाथों में देश सुरक्षित है। राष्ट्र को सदैव उन्होंने परिवार माना है और मां भारती के सच्चे सेवक के रूप में वो हमेशा अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि वह हमारे प्रधानमंत्री हैं। मोदी ने



सदा हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है और सदा ही हिमाचल के हितों की रक्षा की है।’

अनुराग ठाकुर ने कहा, ‘मोदी ने अब तक गरीबों, दलितों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, बच्चों, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए जितने कार्य किए हैं, वह अभूतपूर्व है। ‘सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास’ के आदर्श वाक्य के साथ, प्रधानमंत्री जी आत्मानिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने और एक नए भारत की पटकथा लिखने की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं।’

## न्यूज ब्रीफ

### कीर्तिमान स्थापित करेगी भाजपा : कश्यप



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं शिमला लोकसभा के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि सदस्यता अभियान में भाजपा इस बार नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। भाजपा नेता आज बैजनाथ में सदस्यता अभियान के आरंभ पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 16 लाख कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य रखा गया है पर जिस तरह से देश दुनिया की सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ता में उत्साह है और आम जनता भाजपा का सदस्य बनने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है इससे यह बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में पूर्ण विश्वास जताते हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मोदी तीन के कार्यकाल के 100 दिन के भीतर ही 15 लाख करोड़ विकास की योजनाएं स्वीकृत की गई है तथा कई योजनाओं पर काम भी आरंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्य कर रहे हैं उसे यह स्पष्ट है की 2047 तक उनका विकसित राष्ट्र का सपना भी पूरा होने वाला है और हमारा देश दुनिया की नंबर वन अर्थव्यवस्था भी बनने वाली है।

### आभूषण चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा पुलिस ने बीते पांच अगस्त को एसीसी आवासीय कालौनी में आभूषण चोरी के आरोप में चार चोरों को पकडा है। इन आरोपियों ने लाखों के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इन आरेपियों को अदालत में पेश किया, जहां पर अदालत ने उन्हें 30 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि पुलिस इन शातिर चोरों को पिछले काफी दिनों से तलाश कर रही थी। इन आरोपियों में हैपी (20) उर्फ अनिकेत, अजय कुमार (24) उर्फ रिशू निवासी , दृपम्मी (19) तीनों निवासी गांव संदौली माकडी मारकंड जिला बिलासपुर व अनुप कुमार (27) उर्फ अनु निवासी गर्ल्स स्कूल बिलासपुर रौडा सैक्टर बिलासपुर शामिल है। इन चोरों को चोरी के मामले में शिमला पुलिस द्वारा पहले की पकडा गया था। पुलिस द्वारा इन्हें यहां भी पांच अगस्त को एसीसी आवासीय कालौनी में आभूषण चोरी के मामले में लाया गया था।

# सड़क को चौड़ा करने का कार्य भूमि पूजन करने के बाद शुरू करवाया

### 13 करोड़ से बनेगी रामशहर से क्वारनी सड़क : विधायक बावा




**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने प्रधानमंत्री ग्राम सेवक योजना के तहत रामशहर से क्वारनी सड़क को चौड़ा करने का कार्य भूमि पूजन करने के बाद शुरू करवाया। नई तकनीक से बनने वाले इस मार्ग पर करीब 13 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह मार्ग सीमेंट व तारकोल से मिक्स करके बनाया जाएगा। विधायक हरदीप सिंह बावा सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने के उपरांत कवारनी मे सभा को संबोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र की गडेच, जगनी, लूनस, नंड पंचायतों के लिए एनडीपी प्रोजेक्ट के तहत बहुत बड़ी पेयजल योजना का कार्य चल रहा है जिसमें हर घर को नल से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने प्रोजेक्ट के ठेकेदार से कहा कि योजना शुरू करने से पहले पंचायत के लोगों को विश्वास में लिया जाए। लोगों के सुझाव लिए जाएंगे ताकि किसी भी परिवार को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होते ही पहाड़ी क्षेत्र की ज्यादातर पंचायतों की पेयजल समस्या को दूर कर दिया जाएगा।

विधायक ने पोले द खाला, धर्माणा व अन्य पंचायतों में विकास कार्यों के लिए विधायक निधि व डीसी फंड से 6 लाख रुपए देने की घोषणा की।

# मणिकर्ण में पंजाब के पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू ।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में पंजाब के एक पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पुलिस जानकारी के अनुसार पंजाब के 6 युवक सैर सपाटा करने के लिए पार्वती घाटी आए थे। वहां पर वे मणिकर्ण के चोज इलाके में एक होमस्टे में रुके। इस दौरान एक युवक को रात को अचानक दर्द हुआ और वह छटपटाने लगा। उसे उसके दोस्त होम स्टे स्टाफ की मदद से अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया। कुल्लू में चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक की पहचान वरुण शर्मा (25) पुत्र अशोक शर्मा निवासी हाऊस नंबर 5273, झुझार सिंह नगर, जिला रोपड़ पंजाब के रूप में हुई है। युवक की मौत की बजह हार्ट अटैक बताया जा रहा है। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने घटना की पुष्टि की है।

# संजय अवस्थी ने किया प्रदर्शनियों का अवलोकन

**अनंत ज्ञान, अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सायरोत्सव की अर्की व प्रदेश वासियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

संजय अवस्थी ने आज अर्की के ऐतिहासिक चौगान मैदान में राज्य स्तरीय सायरोत्यव में विभिन्न विभागों तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारंभ किया तथा प्रदर्शित उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि कृषि, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, उद्यान, वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का न केवल अवलोकन करें बल्कि विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी उठाएं।



सायरोत्सव में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीपीएस संजय अवस्थी।

उन्होंने अर्की चौगान मैदान में नए मंच निर्माण के लिए प्रारूप के अनुसार धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर स्कूलों बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष सतीश कश्यप, जिला कांग्रेस समिति के महासचिव प्यारे लाल, नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, नगर पंचायत अर्की की पूर्व अध्यक्ष सीमा शर्मा, खंड कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश ठाकुर, नगर पंचायत के पार्षदगण, ग्राम पंचायत रोहांज जलाना की प्रधान सुनीता गर्ग, खण्ड कांग्रेस समिति अर्की के सचिव कमलेश शर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे।

# युवती से अश्लील हरकत पर 2 साल की जेल

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आनी विशाल तिवारी की अदालत ने युवती के साथ अश्लील हरकत करने वाले एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए दो साल की जेल की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की पैरवी कर रहे सहायक जिला न्यायवादी एश्वर्य चौहान ने बताया कि मामला 2019 का है।

मामले के अनुसार निरमंड खंड के कनराड़ गांव निवासी एक युवती ने पुलिस थाना ब्रो आकर इसी गांव के एक व्यक्ति सतपाल पुत्र चानन सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई कि 22 मई 2019 की सुबह करीब साढ़े 7 बजे जब वह घर से बाहर शौच के लिए निकली तभी उसी गांव के सतपाल ने उसको रोककर अश्लील हरकत की और जबरदस्ती करने का प्रयास किया था। (अनंत ज्ञान)

# एक लाख करोड़ की गारंटियां दीं, 27 हजार करोड़ का लिया लोन : बिंदल

### फिर भी प्रदेश का विकास करवाने में कांग्रेस सरकार नाकाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एक लाख करोड़ रुपए की गारंटिया देने, 27 हजार करोड़ का ऋण लेने के बावजूद न तो कांग्रेस सरकार गारंटियां पूरी कर पाई और न ही विकास करवा पाई है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार विकास के मामले में पूरी तरह से नाकाम रही है। यह आरोप भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में लगाए।

डा. बिंदल ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गारंटियां देकर, मुकरने का नया उदाहरण पूरे देश के सामने सेट कर दिया है। सीएम सुक्खू विधानसभा के भीतर कुछ और बोलते हैं तथा बाहर कुछ और बोलते हैं। प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक न होने का हवाला देकर बिजली की दरें बढ़ाई



धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. राजीव बिंदल

जा रही हैं, मुफ्त पानी की सुविधा को बंद कर दिया गया, स्टांप डयूटी बढ़ा दी, स्कूल व कार्यालय बद कर दिए। पीएम मोदी ने कहा है कि देश व प्रदेश की दिशा सही होनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस राज में हिमाचल किस दिशा की ओर जा रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू आंकड़ों के मायाजाल से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि शायद सीएम यह भूल गए हैं कि उनकी विधानसभा चुनावों में दी गई गारंटियों के पूरा न होने के चलते उनकी सरकार की असलियत जनता पहले ही जान चुकी है तथा अब उनके बयानों से भ्रमित होने वाली नहीं है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, कांगड़ा के विधायक पवन काजल, पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

**संस्कृति**

## सोलन जिले में ओच्छघाट में दो दिवसीय माता भगवती मेले का समापन

# मेलजोल बढ़ाने में मेले निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले, उत्सव एवं त्योहार लोगों के मध्य मेलजोल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के ओच्छघाट में दो दिवसीय माता भगवती मेले के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर माता भगवती मेले की शुभकामनाएं दीं और प्रदेशवासियों के खुशहाल जीवन की कामना की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न मेले, उत्सव एवं त्यौहार हिमाचल की विविध संस्कृति को दर्शाते है। उन्होंने कहा कि मेले जहां लोगों के मध्य मेलजोल बढ़ाने में सहायक है वहीं



ओच्छघाट में दो दिवसीय माता भगवती मेले के समापन समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री।

युवा पीढ़ी को पुरातन संस्कृति से रू-ब-रू करवाने में भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने इस अवसर पर युवाओं से नशे से दूरी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नशा एक क्षणिक सुख है जो भविष्य को अंधकार में धकेल देता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति व परंपराओं को आगे ले जाने मे युवा पीढ़ी की भागीदारी अपेक्षित होती है। उन्होंने युवाओं से नशे से चंगुल से निकलकर गांव, प्रदेश व देश के भविष्य को और उज्ज्वल बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगाए गए पौधे ही भविष्य को हरा-भरा बना सकते है।

### खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

मेले के दौरान विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया और मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूलों बच्चों द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व मुख्य मार्ग ओच्छघाट से मेला मैदान तक 2 लाख रुपए से निर्मित संपर्क मार्ग का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने सम्पर्क मार्ग को पक्का करने के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने खेल मैदान के अतिरिक्त निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने खेल मैदान ओच्छघाट में डंगे के प्रारम्भिक निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने मेला समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

## न्यूज ब्रीफ

### जीएवी कांगड़ा बना फुटबॉल चैंपियन



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा अंडर -14 लड़कों के वर्ग में फुटबॉल चैंपियन बना, जबकि हैंडबॉल में रनर अप रहा है। इंदौरा स्कूल में हुए जिला स्तरीय टूर्नामेंट में जीएवी से दो टीमों ने ही भाग लिया और विजेता व उपविजेता रहीं। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने विजेता टीमों को सम्मानित किया और आह्वान किया कि छात्र हर के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएं। कोच दिनेश को मिस्र में चल रहे हैंडबाल टूर्नामेंट में कोचिंग का बुलावा मिला, लेकिन उन्होंने अपनी व्यस्तताओं के कारण इतने बड़े ऑफर को छोड़ दिया। फुटबॉल की विजेता टीम में मृदुल चौधरी, निर्भय, उज्जवल, अक्षित, आरव, आरुष, दनिश कोंडल, कृष्णा, सर्वेश, अंशुमन, अयान, अनिकेत डोगरा शामिल रहे। हैंडबाल टीम में रोहन, अक्षित, प्रियांश, अर्षित वर्मा, अमितेश सिंह, ऋषभ बलिया, आयुष्मान शर्मा, आयुष्मान, आयुष भाटिया, कार्तिक, आसमान नायक, शिवांश, आदित्य गुलरिया, विराज गौतम ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया।

### स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, जवाली।** जिला स्तरीय खेलों में भाग लेने के पश्चात मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाड जरोट में खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत स्कूल प्रबंधन कमेटी व स्टाफ की तरफ से किया गया। ज्ञात रहे कि स्कूल वॉलीबाल में जोन स्तर पर विजयी रहा और चार स्टूडेंट्स का जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के लिए चयनित हुआ है। खास बात यह है कि इस विद्यालय में पीईटी तथा डीपीई दोनों के पद खाली चल रहे हैं। वहीं, नीतिश ठाकुर का चयन राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए हुआ है।

### सिद्धपुरघाड़ के वंश का राज्य स्तरीय खेलों में चयन



**अनिल छांगू, जवाली।** जिला के तहत पड़ते शिक्षा खंड ब्लॉक जवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सिद्धपुरघाड़ के 9वीं कक्षा के छात्र वंश चौधरी का अंडर-14 राज्य स्तरीय वॉलीबाल टीम में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि वंश चौधरी खंड व जिला स्तरीय खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अब अंडर-14 राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएगा और खेलों में भी विजय हासिल करेगा।

# साडा के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

## सरकार और प्रशासन के खिलाफ बिलिंग रोड पर दिया धरना

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



धरना-प्रदर्शन करने वाले लोगों से बातचीत करते अधिकारी।

बैजनाथ विधानसभा के कुछ नए क्षेत्रों को साडा में शामिल किए जाने के विरोध में लोगों का गुस्सा ठंडा होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस फैसले के विरोध में मंगलवार को बीड़ बिलिंग में साडा के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

डेढ़ महीने बाद भी गुनेहड़ गांव की समस्या का समाधान न होने के कारण लोगों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। साडा को लेकर मंगलवार को सरकार और प्रशासन के खिलाफ बिलिंग रोड पर धरना शुरू हो गया है। लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया और इसमें करीब 1500 लोगों ने भाग लेकर धरना दिया और बीड़ से बिलिंग की और काफी गाड़ियां रोकी गई। लोगों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ काफी रोष प्रकट किया है। स्थानी लोगों की मांग है कि उन पर जो साडा थोपा गया है उसे तुरंत हटाया जाए। बाद में पुलिस ने आकर मामले को सुलझाने की कोशिश भी की पर लोगों ने धरना-प्रदर्शन जारी रखा।

नायब तहसीलदार गुरुमुख सिंह ने लोगों को समझाया और शांति पूर्वक रूप से धरना-प्रदर्शन बंद करने का आग्रह किया और लोगों को विश्वास दिलाया कि आपकी बात जो सरकार तक पहुंच गई है और इस पर पर जल्द ही अमल किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# रच्छयालु पंचायत में शराब के सेल्समैन व ड्राइवर की पिटाई

**अनंत ज्ञान, गगल**

पुलिस थाना गगल के अंतर्गत सोमवार देर रात जगदीश कुमार पुत्र हरि सिंह गांव सिरमनी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह सेल्समैन के तौर पर गगल ब्रांच शराब के ठेके पर काम करता है।

बीती देर रात वो और गाड़ी का ड्राइवर जीत कुमार इलाका का चक्कर लगाने गए थे। करीब शाम 8 बजे रच्छयालु गांव में गए तो स्थानीय लोग हमारे से लड़ाई-झगड़ा करने लगे। उसने बताया कि उसने अपने अन्य साथी उधम को फोन किया। उधम सिंह और सुनील गाड़ी लेकर आए और देखते ही देखते गांव के लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने हाथ में लिए डंडों से गाड़ी की तोड़-फोड़ कर दी।

साथ में उधम सिंह व सुनील पर रॉड से सिर पर वार किया। रच्छयालु के प्रधान के हस्तक्षेप के बाद उन्हें लोगो से छुड़ाया व घायल उधम सिंह व सुनील को सीएचसी तियारा ले जाया गया है। प्रधान संजू बाला ने कहा है कि गांव में पेट्रोलिंग पर आना है तो कम से कम पंचायत प्रधान को फोन पर बताना चाहिए। उधर, गगल पुलिस थाना ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

# बैजनाथ में चलाया 'श्रमिक संकेत' अभियान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



पुलिस उपमंडल बैजनाथ में प्रवासियों के पंजीकरण व सत्यापन हेतु एक विशेष अभियान 'श्रमिक संकेत' चलाया गया है, जिसके लिए थाने में स्पेशल डेस्क लगाया गया है। यदि आपके पास भी कोई प्रवासी मजदूरी करता है या किरायेदार के तौर पर रहता है तो उसका पंजीकरण अवश्य करवाएं।

डीएसपी अनिल शर्मा ने बताया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाहर से आए हुए प्रवासियों पर निगरानी और ट्रैकिंग को बेहतर बनाना है। यह अभियान 15 दिनों तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत बैजनाथ उपमंडल के तहत प्रत्येक थाने के अंतर्गत आने वाले प्रवासियों को एक आधिकारिक पत्र दिए जाएगा, जिसकी वैधता एक महीने तक रहेगी इसके बाद इसका नवीनीकरण करवाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान उपमंडल के तहत आने वाले सभी पुलिस थानों में शुरू किया गया है। अनिल शर्मा ने सभी पार्षदों पंचायत प्रधानों ठेकेदारों दुकानदारों और मकान मालिकों से अपील की है कि बी अपने किराएदारों का पंजीकरण सुनिश्चित करवाएं।

# श्रीमणिमहेश लंगर सेवा दल ने किया कन्या पूजन

**अनंत ज्ञान, जवाली**



श्री मणिमहेश लंगर सेवादल जवाली द्वारा श्रीमणिमहेश व कुंजर महादेव सिहुंता में विशाल वार्षिक भंडारों का आयोजन करने के उपरांत मंगलवार को ज्वाला माता मंदिर लब में कन्या पूजन किया गया। सेवादल अध्यक्ष मनजीत कौंडल व प्रवक्ता रामनाथ शर्मा ने बताया कि सेवादल द्वारा सुंदरासी में 22वां लंगर 18 अगस्त से 31 अगस्त तक लगाया गया व कुंजर महादेव में 10 से 12 अगस्त तक 18वां वार्षिक लंगर लगाया। सेवादल द्वारा यात्रा के दौरान आपात स्थिति के लिए हड़सर में एम्बुलेंस की भी सुविधा निशुल्क दी गई। उन्होंने बताया कि लंगर को सफल बनाने के लिए 25 सेवादार गए थे जिन्होंने दिनरात सेवा की। इस मौके पर अवतार सिंह, राम कुमार, स्वतंत्र गोगी, महिंदर मियां, दलजीत मन्हास, नरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल में लगाया रक्तदान कैंप

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन और प्रिंसिपल रेणु परमार की अध्यक्षता में आज श्री सत्य साई सेवा सगंठन इंदौरा जोन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया।

डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन और एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि इस शिविर में लगभग 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।

ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरतमंद की मदद हो सकेगी। प्रताप वर्ल्ड स्कूल हमेशा से ही ऐसे धार्मिक कार्यों का आयोजन करवाता आया है और भविष्य में भी करवाता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# डाडासीबा के किसान तुरंत करवाएं ई-केवाईसी : तहसीलदार बीरबल



**डाडासीबा।** उपायुक्त कांगड़ा के सख्त दिशा-निर्देशों के अनुसार डाडासीबा तहसीलदार बीरबल ने डाडासीबा क्षेत्र की ग्राम पचायतों से अपील की कि जिन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है वे अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र में जाकर 20 सितंबर तक ई-केवाईसी करवा ले, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल सके। सभी ग्राम पंचायत प्रधान से अनुरोध है कि वे इस संबंध में अपने-अपने वार्ड मेंबरों के माध्यम से व्यापक प्रचार करवाएं, ताकि समय पर इसका फायदा उठा सकें।

# मोबाइल लौटा कर दिया ईमानदारी का संदेश

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



पुराना कांगड़ा निवासी सुमित गुप्ता सोमवार को एक बस से कांगड़ा आ रहे थे तो यात्रा के दौरान बगल वाली सीट पर बैठे जयपुर से आ रहे यात्रियों से बातचीत शुरू हो गई जो कि बगलामुखी मंदिर माथा टेकने आ रहे थे। बातों ही बातों में पर्यटन नगरी हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती की बात होने लगी और जो यात्री जयपुर से आए थे उनमें से एक व्यक्ति हनुमान ने सुमित गुप्ता को अपना नंबर दे दिया और इतने में बस बगलामुखी मंदिर पहुंच गई और यात्री बस से उतर गए, लेकिन अपना फोन बस की सीट पर भी भूल गए। बस वहां से चली गई तो सुमित को उन यात्रियों की कॉल आ गई और बोले की सीट पर देखना कहीं मोबाइल तो नहीं पड़ा है। जब उन्होंने देखा तो मोबाइल सीट पर पड़ा हुआ था। उन्होंने मोबाइल अपने पास रखा लिया और बोले आप जब भी कांगड़ा पहुंचेंगे तो आप कॉल करना आपको मोबाइल मिल जाएगा। जैसे ही वे कांगड़ा पहुंचे तो सुमित ने उनका मोबाइल वापस लौटा दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष व समाजसेवी नरेंद्र त्रेहन भी मौजूद रहे।

## अनंत ज्ञान फैशन





# हर लुक में खास दिखेंगी ये कश्मीरी डिजाइन की झुमकियां

### सूट से लेकर साड़ी तक के साथ कर सकती हैं ट्राई

**सूट-सलवार से लेकर साड़ी तक के साथ में हम स्टाइलिंग करते समय कई बातों का खासतौर से ध्यान रखते हैं। ऐसे में फैशन के बदलते दौर में रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया देखने को मिल जाता है। ऐसे में अक्सर हम एवरग्रीन फैशन में रहने वाली चीजें ही स्टाइल करना पसंद करते हैं। लुक में जान डालने के लिए इयररिंग्स का रोल अहम होता है। इसमें आजकल कश्मीरी डिजाइन की झुमकियां पहनना काफी पसंद किया जा रहा है। तो आइए देखते हैं कश्मीरी झुमकियों की नई डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन झुमकियों को आकर्षक लुक देने के आसान टिप्स :-**



### पर्ल झुमकी डिजाइन

**पर्ल** को एवरग्रीन पसंद किया जाता है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं कश्मीरी झुमकी में चेन और झुमकी की लटकन में बड़े साइज का मोती यानी पर्ल लगाया जा सकता है। इसके अलावा बारीक डिजाइन के बीड्स को भी आप झुमकी में लगवा सकती हैं।

### मां दुर्गा डिजाइन झुमकी

आप चाहें तो मां दुर्गा के डिजाइन वाले लॉन्ग झुमकी डिजाइन के इयररिंग्स को पहन सकती हैं। इस तरह की झुमकी में आपको टेम्पल ज्वेलरी की तरह दिखने वाले डिजाइन की झुमकी को पहन सकती हैं। मां दुर्गा के अलावा आप राधा-कृष्णा या भगवान राम के डिजाइन वाले इयररिंग्स भी सूट या साड़ी के साथ में पहन सकती हैं।

### गोल झुमकी डिजाइन

**सिंपल** डिजाइन की कश्मीरी झुमकी पहनना चाहती हैं तो इस तरह की चेन वाले डिजाइन को पहन सकती हैं। केवल यह इयररिंग्स पहनने से आपको गले में कुछ भी नेकलेस या चेन को पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### मल्टी-कलर झुमकी डिजाइन

**मल्टी** कलर देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इसमें आपको बीड्स वर्क में कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। कश्मीरी डिजाइन की बात करें तो आप इसमें ऊन या बारीक बीड्स की सहायता से खुद भी झुमकी को तैयार कर सकती हैं। वहीं पर्ल मोती से आप लटकन बनाकर झुमकी में चेन भी लगवा सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स ट्रेडिशनल व इंडो-वेस्टर्न लुक में जान डालने का काम करते हैं।

*फैशन के बदलते दौर में आए दिन नई से नई चीजें देखने को मिल जाती हैं। ऐसे में हम अपने लुक में जान डालने के लिए बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के पहनें स्टाइलिश लुक्स को हम री-क्रिएट भी करते हैं। वहीं, कई बार इन एक्ट्रेसेस के लुक्स भी आपस में काफी मिलते-जुलते हो जाते हैं। इसी तरह अंबानी गणपति उत्सव के दौरान एक्ट्रेस करीना कपूर और भूमि पेडनेकर एक ही तरह के दिखने वाले बेहद खूबसूरत घेरदार सलवार-सूट लुक में दिखाई दीं, तो चलिए जानते हैं किसके लुक को फैंस ने पसंद किया है और किस लुक को फैंस ने बताया है बिल्कुल फ्लॉप :-*

# करीना और भूमि एक ही तरह के सलवार-सूट पहनें आईं नजर



### करीना कपूर
### सलवार-सूट लुक

**एक्ट्रेस** अपने आइकोनिक और स्टेटमेंट लुक्स के कारण फैंस की फेवरेट हैं। वहीं गणपति उत्सव के दौरान एक्ट्रेस ने अपने आइकोनिक स्टाइल को बरकरार रखते हुए घेरदार फ्लोर लेंथ सूट को पहना है। इसके प्लेन सूट के साथ में एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत गोटा-पट्टी डिजाइन के बांधनी दुपट्टे को कैरी किया है। एक्ट्रेस के इस लुक को डिजाइनर सब्यासाची ने तैयार किया है। लुक में जान डालने के लिए एक्ट्रेस ने गोल्डन कलर के हैवी झुमकी को स्टाइल किया है। हेयर स्टाइल में बेबो ने सिंपल पुल बैक बन लुक को चुना है। बात मेकअप की करें तो एक्ट्रेस ने अपने स्टेटमेंट कोहल आई मेकअप और न्यूड लिप्स से लुक को पूरा किया है।

### भूमि पेडनेकर
### सलवार-सूट लुक

**भूमि** अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चा में आए दिन रहती हैं। इस लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने भूमि ने बेहद खूबसूरत चूड़ीदार पाजामी के साथ लॉन्ग घेरदार सूट को पहना है। लुक में जान डालने के लिए एक्ट्रेस ने बनारसी सिल्क दुपट्टे को स्टाइल किया है। देखने में यह लुक काफी शानदार नजर आ रहा है। एक्ट्रेस ने मेकअप के लिए सटल कलर कॉम्बिनेशन को चुना है। वहीं बालों के लिए सिंपल बन और बात ज्वेलरी की करें तो काफी खूबसूरत झुमको को कानों में पहना हुआ है। दोनों एक्ट्रेसेस का लुक भले ही काफी मिलता-जुलता है, लेकिन इनकी स्टाइलिंग बॉडी टाइप को स्टाइल स्टेटमेंट को ध्यान में रखकर ही की गई है। जहां करीना ने फ्रंट ओपन वी-नेक शेप में दुपट्टे को स्टाइल किया है, तो वहीं भूमि ने बैक से इस खूबसूरत दुपट्टे को पहना हुआ है।





# सेलिब्रिटी जैसा लुक पाने के लिए साड़ी के साथ क्लब करें ऑफ शोल्डर ब्लाउज

*साड़ी का ब्लाउज अगर ट्रेंडी हो, तो पूरा लुक बदल जाता है। इसलिए हम सभी को साड़ी के साथ-साथ ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है। वैसे तो मार्केट में कई तरह के ब्लाउज मौजूद हैं, लेकिन आजकल ऑफ शोल्डर ब्लाउज डिजाइंस तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।*

### बेसिक ऑफ शोल्डर ब्लाउज

यह डिजाइन बहुत ही आसान क्लासिक ऑफ शोल्डर स्टाइल है। इसमें शोल्डर के ऊपर कोई कपड़ा नहीं होता, जिससे कंधों का हिस्सा खूबसूरती से उभर कर आता है। इसे साड़ी, लहंगा या स्कर्ट के साथ पेयर कर आप एक शानदार लुक पा सकते हैं।

### रफल ऑफ शोल्डर ब्लाउज

हर साल रफल डिजाइन ट्रेंड में रहता है। इस साल भी काफी ट्रेंड में है, जिसे कई चीजों के साथ वियर किया जाता है। बता दें इस ब्लाउज में ऑफ शोल्डर के साथ रफल्स या फ्रिल्स जोड़ी जाती हैं। इस डिजाइन को किसी भी फंक्शन या पार्टी में पहनकर आप सबका ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

### कोल्ड शोल्डर ब्लाउज

अगर पको पूरी तरह से ऑफ शोल्डर डिजाइन पसंद नहीं आता, तो कोल्ड ल्डर एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता हल्का कट होता है, जिससे आपकी स्किन थोड़ी दिखती है और ब्लाउज को एक मॉडर्न टच मिलता है। यह डिजाइन पारंपरिक और आधुनिक फैशन का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है।

### एंब्रॉयडरी ऑफ शोल्डर ब्लाउज

अगर आप अपने ब्लाउज में थोड़ा भारी काम पसंद करती हैं, तो एंब्रॉयडरी ऑफ शोल्डर ब्लाउज आपके लिए एक शानदार ऑप्शन है। इसमें खूबसूरत कढ़ाई और डिजाइन होते हैं, जो ब्लाउज को एक रिच और एथनिक लुक देते हैं। इसे शादी या किसी खास अवसर पर पहनकर आप एक रॉयल लुक पा सकते हैं।

### केप स्टाइल ऑफ शोल्डर ब्लाउज

यह डिजाइन उन महिलाओं के लिए परफेक्ट है, जो थोड़ा ड्रामेटिक और इनोवेटिव लुक चाहती हैं। केप स्टाइल में ब्लाउज के ऊपर एक केप जैसी स्टाइल दी जाती है, जिससे ब्लाउज को एक खास और यूनिक टच मिलता है। यह डिजाइन साड़ी या लहंगे के साथ पहनने के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है।

# डीसी ने खेलों पर किया फोकस

## धर्मशाला खेल परिसर में बनेगा मॉडर्न जिम, योगा सत्र भी चलेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कांगड़ा जिला में खेलकूद गतिविधियों के विस्तारीकरण तथा आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए आवश्यक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



उपायुक्त कार्यालय में जिला खेल परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी हेमराज बैरवा।

मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला खेल परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला के खेल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस जिम निर्मित किया जाएगा, पुराने उपकरणों को हटाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही चेजिंग रूम तथा शौचालयों की सुविधा भी उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि खेल परिसर की इंडोर स्टेडियम की रूफ की मरम्मत के लिए भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसके साथ ही खेल परिसर के विस्तारीकरण पर भी चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जिला युवा एवं खेल सेवाएं विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्लान तथा प्राकल्लन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यक बजट का प्रावधान किया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि नुरपुर, जयसिंहपुर, नगरोटा बगवां, बैजनाथ तथा चंबी में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इन स्थानों में निर्मित स्टेडियमों के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने तथा उचित देखभाल के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि देहरा में एकीकृत खेल परिसर के निर्माण की कार्य योजना भी तैयार की जा रही है तथा इस के लिए युवा खेल सेवाएं विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है।

### अधिकारियों से बोले-जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए बनाएं प्लान

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि खेल परिसर धर्मशाला में योगा के सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि खिलाड़ियों की एकाग्रता को बल मिल सके, इसके लिए भी युवा खेल सेवाएं विभाग को आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। जिला खेल परिषद की बैठक में जरूरतमंद खिलाड़ियों को स्पांसरशिप तथा इंडोर स्टेडियम में प्रवेश तथा पंजीकरण शुल्क को लेकर भी चर्चा की गई।

इससे पहले जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी सन्नी कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए जिला खेल परिषद की वार्षिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम नुरपुर गुरसिमर सिंह, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' अभियान को लेकर टास्क फोर्स की हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में मंगलवार को बाल कल्याण भवन में 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय' योजना और 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान को लेकर खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एसडीएम ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भवारना परियोजना वृत्त के तहत आने वाले क्षेत्रों के सभी पात्र निराश्रित बच्चों का चयन किया जाए, ताकि कोई भी इस योजना से कोई वंचित न रहे।

'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करने के उपरांत एसडीएम ने लिंग अनुपात को बढ़ाने के लिए प्रभावी जागरूकता शिवरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। 30 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे पोषण माह की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने पोषण माह की गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार करने को भी कहा, ताकि सभी लोगों पोषण माह में बढ़ चढ़कर भाग लें। उन्होंने यह भी कहा कि पोषण मां के दौरान एनीमिया जांच भी की जा रही है। उन्होंने महिलाओं से भी आह्वान किया कि वह पोषण माह में भाग लेकर अपना एनीमिया टेस्ट भी करवाए। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर को पोषण माह के तहत प्रभात-फेरी का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि सभी तक पौष्टिक आहार को दिनचर्या में अपनाने की प्रेरणा मिले।

उन्होंने यह भी कहा कि कांगड़ा जिला में चलाए जा रहे मिशन भरपूर के तहत कुपोषित व अति-कुपोषित बच्चों के लिए आंगनबाड़ी वृत्त सुपरवाइजर की निगरानी में सप्ताह में 6 प्रकार के पौष्टिक आहार भी दिए जा रहे हैं, ताकि बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाया जा सके। बैठक का संचालन कार्यवाहक बाल विकास परियोजना अधिकारी भवारना सुदेश चौहान ने किया। बैठक के उपरांत एसडीएम ने पोषण माह शिविर में भी शिरकत की। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ सहायक राजेश राय, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नगरोटा कॉलेज में पीटीएम 19 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में अध्यापक-अभिभावक संघ की मीटिंग 19 सितंबर को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों और अभिभावकों को इस सभा में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना है। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे इस बैठक में अवश्य शामिल हों और अपने बच्चों के शैक्षिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण विचार-विमर्श में भाग लें।

### आज होगी एयरपोर्ट मामले की सुनवाई

**अनंत ज्ञान, गगल।** दो दिन से चल रही उच्च न्यायालय शिमला में एयरपोर्ट मामले की सुनवाई बुधवार को भी होगी। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने कहा है कि पिछले दो दिन से लगातार एयरपोर्ट की सुनवाई उच्च न्यायालय शिमला में चली हुई है जिस पर बुधवार को तीसरे दिन भी बहस होगी। रजनीश मोना ने कहा है कि अब उच्च न्यायालय में भी एयरपोर्ट का फैसला जल्दी ही होने वाला है, क्योंकि लगातार बहस चली हुई है।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के रोटरी भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत यह रक्तदान शिविर लगाया गया है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं तथा समाजसेवकों ने रक्तदान किया।

### लोकगायक विक्रांत दिल्ली में मचाएंगे धमाल

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** कला के क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के युवा कलाकारों ने अपनी आवाज के जादू से हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के विक्रांत भंद्राल का नाम भी इसमें शामिल हो गया है। जी हां, इंदिरा गांधी नेशनल कला केंद्र भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से दिल्ली में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित किए जीने वाले 'पांचवी नदी उत्सव' के मौके विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के कलाकार विक्रांत भंद्राल हिमाचल को रिप्रेजेंट करते हुए अपनी प्रस्तुति देंगे। बता दें कि इस पांचवी नदी उत्सव कार्यक्रम में देशभर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम की खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में जो भी कलाकार प्रस्तुति देंगे वह नदी या प्राकृतिक सौंदर्य पर आधारित होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



### कांगड़ा निवासी से 72 लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना साइबर धर्मशाला के तहत लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत में कांगड़ा निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात शातिरों ने व्हाट्सएप तथा टेलीग्राम ग्रुप में होटल तथा रेस्टोरेंट के रिव्यू तथा रेटिंग के नाम पर उसके खाते 71,62,850 रुपए उड़ा लिए हैं। शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद साइबर पुलिस थाना ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### पंचतत्व में विलीन हुए साहित्यकार डॉ. प्रत्यूष गुलेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के विख्यात साहित्यकार दिवंगत डॉ. प्रत्यूष गुलेरी (77) का मंगलवार को चरान खड्ड स्थित श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे विशाल गुलेरी ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान कई हस्तियां मौजूद रहीं। डॉ. गुलेरी का निधन साहित्य जगत के लिए बड़ी क्षति है। वह पिछले कई दशकों से निरंतर साहित्य की सेवा कर रहे थे। नील गगन पर चमके तारे... उनका लिखा बालगीत आज भी हर जुबां पर है। उनका जन्म 9 जून, 1947 को पिता कीर्तिधर शर्मा गुलेरी और माता सत्यावती गुलेरी के घर गुलेर, जिला कांगड़ा में हुआ। हिंदी साहित्य में डॉक्टरेट करने के बाद उन्होंने कई शैक्षणिक पदों पर अपनी सेवाएं दीं। उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार भी मिले। गुलेरी का लंबी बीमारी के बाद चंडीगढ़ में सोमवार को निधन हो गया था। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।



### बामटा में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 पर एकदिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन जिला कल्याण कार्यालय के सहयोग से सामुदायिक भवन, गांव खैरियां (लुहणू) ग्राम पंचायत बामटा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, सुश्री मनीषा गोयल, सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने की। कार्यक्रम में तहसील कल्याण अधिकारी घुमारवीं कमलकांत, कानूनी सहायता बचाव अधिवक्ता नरेश कुमार एवं मधु शर्मा बिलासपुर ने बतौर वक्ता शिरकत की। तहसील कल्याण अधिकारी कमलकांत ने उपस्थित लोगों को इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा नशा निवारण पर जागरूक किया गया। इसके अलावा अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

# केंद्रीय संस्कृत विवि बच्चों के विकास के लिए वचनबद्ध

**शिबम, परागपुर**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय क्षेत्र का एक ऐसा संस्थान है जो संस्कारों के साथ-साथ बच्चों के विकास के प्रति वचनबद्ध है। वर्तमान में इस संस्थान में 1000 से अधिक विद्यार्थी करीब 12 विषयों में विद्या अर्जन कर रहे हैं। परिसर की निदेशक सत्यम कुमारी ने कहा कि आगे चलकर इस संस्थान के विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि आज के ही दिन वर्ष 1997 को गरली गांव के राजकीय कन्या विद्यालय में दो कमरों में यह विश्वविद्यालय केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से प्रारंभ हुआ था। इस संस्था को इस क्षेत्र में लाने का श्रेय तत्कालीन शिक्षा मंत्री नारायण चंद पाराशर को जाता है उनके अथक प्रयासों से ही आज यह संस्कृत विद्यापीठ वर्तमान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के रूप में हिमाचल में ही नहीं अभी तो पूरे भारत में अपने संस्कृत ज्ञान की पताका को फहरा रहा है ।

वर्तमान में इस परिसर के निदेशक के पद पर प्रो. सत्यम कुमारी अपने दायित्व का निर्वहन कर रही हैं। जिन्होंने परिसर के सभी प्राध्यापक कर्मचारी और छात्रों को आज के दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। परिसर स्थापना दिवस समारोह में डॉ. शैलेश, डॉ. पुरुषोत्तम डॉ. प्रियंका, डॉ. संतोष गोडर, डॉ. मुकेश, डॉ. वीणापाणि, डॉ. मनोज्ञा, डॉ. साहनी आदि उपस्थित रहे।

# कंड की छात्राएं पहाड़ी नृत्य में प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खनियारा में जय इंद्रु नाग मंदिर सेवा समिति की ओर से सायर लोक परंपरा उत्सव 'भेड़े के मेले' रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।



लोक नृत्य में कंड उच्च पाठशाला की दीक्षिता व छात्राओं की टीम ने पहाड़ी गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। राधिमा, प्रज्ञा, रूही व हर्षिता, आयुषी, आंशिका गुरुग, यशस्वी आदि ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इसी तरह से पिट्टू प्रतियोगिता में प्रथम अक्षिता की टीम व पलक की टीम द्वितीय रही।

सुंदरटापू में प्रथम स्थान सूर्योदय टीम की डिंपल ने व द्वितीय स्थान सूर्योदय की आंशिका ने प्राप्त किया। पांच गिट्टी में प्रथम स्थान मानसी ने व द्वितीय स्थान पलक ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिधिमा ने व द्वितीय स्थान इनाक्षी ने प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में डिंपल प्रथम ओरोही द्वितीय रही। इस मौके पर विजेता व उपविजेताओं को मुख्यातिथि विपिन नैहरिया ने सम्मानित किया।

विपिन नैहरिया ने कहा कि समिति की ओर से बेहतरीन मेले का आयोजन किया गया है और लोक परंपरा, लोक संस्तृति को बढ़ावा दिया है। इसके लिए समिति के अध्यक्ष व पूरी टीम को बधाई दी।

समिति के अध्यक्ष नीरज व्यास ने बताया कि यह मेला विलुप्त-सा हो गया था, पिछले पांच साल से इस मेले को गति प्रदान की गई है। नाग देवता के खेलपात्र में गुर ने सुखशांति का आशीर्वाद प्रदान किया है और जरूरी पूजा अर्चनाएं व कन्या पूजन करने को बताएं हैं। इस मौके पर भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया गया। भजन संध्या में राजेश हैप्पी ने भगवान इंद्रु नाग देवता का गुणगान किया। गायक राजेश गोरा ने यूट्यूब में लांच किए नाग देवता के भजन को मंच से गाकर खूब तालियां बटौरीं।

## हैप्पी बर्थडे



सुजानपुर की यशवी पुत्री अतुल और मंजूबाला को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशी प्रथम

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य पर एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के फिजिक्स विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशी, प्रश्नोत्तरी में खुशबू और दीपशिखा ने तथा भाषण प्रतियोगिता में हिमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्य ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ओजोन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत की रक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। 1985 में वैज्ञानिकों ने पाया कि ओजोन परत पतली हो रही है, जिसे ओजोन छिद्र के रूप में जाना गया। इसका प्रमुख कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल था, जो वायुमंडल में पहुंचकर ओजोन को नष्ट कर रहे थे।

ने बताया कि वर्ष 2024 की थीम 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल जलवायु कार्रवाईको आगे बढ़ाना' है। यह थीम इस ओर ध्यान आकर्षित करती है कि कैसे ओजोन परत को बचाने के लिए चुनौतियों का सामना किया जा रहा है और साथ ही किस प्रकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार इस समस्या को हल करने में मदद कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. विजय शर्मा, डॉ. अंकिता शर्मा, डॉ. मनोज कुमार, प्रो. साहिल, डॉ. मधुरिका महाजन, डॉ. नेहा शर्मा, प्रो. गौरव और विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत करवाए जिला स्तरीय मुकाबले

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

समग्र शिक्षा अभियान अथॉरिटी पंजाब के अधीन और जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी पठानकोट के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' प्रोग्राम के तहत सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल केएफसी में जिला नोडल अधिकारी कौशल कुमार और प्रिंसिपल स्वतंत्र कुमार की देख-रेख में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार मुख्यातिथि और डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी अमनदीप कुमार विशेष तौर पर उपस्थित हुए।



राजेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृत विभाग की ओर से पूरे भारत में यह मुकाबले करवाए जा रहे हैं। इन मुकाबलों में जिले के 7 ब्लॉकों के 28 स्कूलों ने भाग लिया, जिनके सोलो डांस व सोलो पेंटिंग एलिमेंट्री और सेकेंडरी स्तर के मुकाबले करवाए गए। सोलो डांस जूनियर ग्रुप में रीत शहीद मक्खन सिंह सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़कियां पठानकोट, मानवी हाई स्कूल चक्कड़, राधिका मिडल स्कूल रतडावा ने पहला दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह सीनियर ग्रुप में प्रिंस सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़के सुजानपुर, पलक स्कूल नरोट मेहरा, सिमरन स्कूल लड़कियां सुजानपुर ने क्रमवार पहला दूसरा तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रमन कुमार, रवीन कमल, प्रियंका, कीर्ति उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# इंश्योरेंस कंपनी को 1,33,000 रुपए का क्लेम देने का आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

कांगड़ा तहसील के गांव बांध निवासी संदीप कुमार पुत्र मनोहर लाल को वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर एक इंश्योरेंस कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। इसके बाद संदीप ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग से मुआवजे की गुहार लगाई। आयोग ने अब इंश्योरेंस कंपनी को 1,33,000 रुपए का क्लेम देने के आदेश दिए हैं।

संदीप ने अपनी गुड्स कैरियर गाड़ी की इंश्योरेंस यूनिवर्सल सोमपो जनरल इंश्योरेंस कंपनी से ऑनलाइन 19,805 रुपए देकर करवाई थी। 16 फरवरी 2024 को उक्त वाहन सकरी स्टेशन (नगरोटा सूरियां) से एक किलोमीटर पीछे सड़क पर गिरे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी तीसरे पक्ष को क्षति नहीं हुई। संदीप वाहन को उसी दिन मैसर्स दीपक पठानिया व्हीकल रिकवरी सर्विस की क्रेन के माध्यम से अमन दीप अस्पताल, डलहौजी रोड पठानकोट के पास मोटर गैरेज में ले गया। क्रेन का भाड़ा 7,500 रुपए दिया। शिकायतकर्ता ने दुर्घटना की सूचना कंपनी को ई-मेल से दी और मुआवजे का दावा किया। उन्होंने दावे की अनुमानित राशि 1,25,000 रुपए देने की सहमति व्यक्त की। हालांकि, एक महीने के बाद कंपनी ने दावा भुगतान करने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता आयोग में इसकी शिकायत की। आयोग के बुलाने के बाद कंपनी से कोई व्यक्ति आयोग नहीं पहुंचा।

शिकायतकर्ता ने 1,25,000 के भुगतान का दावा किया था, लेकिन सर्वेक्षण रिपोर्ट से पता चला कि नुकसान 1,03,626.25 रुपए का हुआ है। इस पर आयोग ने शिकायतकर्ता को 1,03,626 रुपए की राशि शिकायत की तिथि यानी 24 मई 2024 से लेकर इसकी वसूली तक 9 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित अदा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, विपक्षी पक्ष को शिकायतकर्ता को 20,000 रुपए का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया जाता है, इसके अलावा मुकदमे की लागत 10,000 रुपए देने का निर्णय सुनाया गया। (अनंत ज्ञान)



# बॉक्सिंग में झटके तीन कांस्य पदक

**राकेश डोगरा, डरोह।** इंदौरा (कांगड़ा) में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 14 तीन दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पारस स्कूल भवारना के छात्रों बॉक्सिंग में कांस्य पदक हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर निदेशक महेश चंद कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा ने विजेता छात्रों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# डेरा स्वामी जगत गिरि आश्रम की तरफ से स्पेशल ट्रेन रवाना

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

डेरा स्वामी जगत गिरि आश्रम चक्की पुल भद्रोया की तरफ से एक स्पेशल ट्रेन बेगमपुरा एक्सप्रेस श्रीश्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज की देख-रेख में पठानकोट से वाराणसी सत्गुरु रविदास महाराज जी के जन्म स्थान तथा सभी गुरु धामों के दर्शन करने के लिए रवाना हुई। इस ट्रेन को आज सुबह 8.50 बजे स्वामी गुरदीप गिरी महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पठानकोट से चलकर जालंधर कैंट, लुधियाना, साहनेवाल, सहारनपुर, मुरादाबाद, अलाम नगर, लखनऊ तथा सुल्तानपुर होते हुए वाराणसी 18 सितंबर को ट्रेन पहुंचेगी। वाराणसी गुरु धामों के दर्शन करके 21 सितंबर को वापिस पठानकोट लौटेगी।



स्वामी गुरदीप गिरी ने बताया कि यह यात्रा का उद्देश्य यह नहीं है कि यात्रा करने से इंसान के पाप धुल जाएंगे बल्कि समाज को अपने जीवन इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी। सत्गुरु रविदास महाराज जी के जन्म स्थान, कबीर महाराज जी के जन्म स्थान, सारनाथ जहा महात्मा बुद्ध जी ने पांच भिक्षुओं को दीक्षा दी। इस मौके ट्रस्ट की जनरल सेक्रेटरी डॉ. सोमा अत्री, सेक्रेटरी विजय कुमार, श्री गुरु रविदास सभा जिला पठानकोट के प्रधान केवल कृष्ण, महिला संगठन की प्रधान रानी देवी, युवा संगठन के प्रधान दलवीर संगल, देहाती सभा के प्रधान मंगल सिंह, सभा के जनरल सेक्रेटरी प्रेम सिंह, डॉ. एमएल अत्री आदि उपस्थित थे।

# धर्मशाला ऑडिटोरियम में नाटी पर झूमे स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धर्मशाला महाविद्यालय इकाई ने मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम अनवरत का आयोजन किया।






धर्मशाला महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभाविप के सदस्य तथा (दाएं) उपस्थित स्टूडेंट्स।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि कमल पाधा (वरिष्ठ कार्यकर्ता भाविक एवं उद्यमी (विशिष्ट अतिथि मंदार भानुशे (विशेष आमंत्रित सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद, अभाविप) और कार्यक्रम अध्यक्ष जसवंत यादव (पूर्व विभाग संगठन मंत्री अभविप एवं प्रदेश संगठन मंत्री स्वावलंबी भारत अभियान) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्यतिथि ने अपने वक्तव्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि छात्रों के बीच रखी कि कैसे विद्यार्थी परिषद की स्थापना 1949 में 4-5 लोगों की ओर से की गई थी, लेकिन विद्यार्थी परिषद की लगातार काम करने और राष्ट्र सेवा के भाव से काम करने वाले छात्रों की बदौलत आज विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बनकर उभरा है। विद्यार्थी परिषद छात्रों की मांगों को तो प्रशासन के समक्ष रखती ही है, बल्कि समाज सेवा के काम भी अलग-अलग आयाम गतिविधियों के माध्यम से करती रहती है। अगर छात्रों और समाज के बीच कोई राष्ट्र भाव की भावना उत्पन्न करता है, तो वह विद्यार्थी परिषद ही है।

इस अवसर पर स्टूडेंट्स की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आर्कषण स्टूडेंट्स की ओर से की गई नाटी रही, जिसमें सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। हजारों की संख्या में महाविद्यालय के ऐतिहासिक ऑडिटोरियम में छात्र-छात्रा आए यह संस्कृति कार्यक्रम

## आस्था

### अमरनाथ यात्रा करने के बाद शिवम ने किया हिमाचल का रुख

# साइकिल से धर्मयात्रा पर निकला शिवम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

हर इंसान को घूमने का शौक रहता है। कोई शौकिया तौर पर घूमने निकलते हैं तो कोई सामाजिक चेतना जगाने के लिए यात्रा करते हैं, तो कोई धर्म उजागर करने के लिए यात्रा करता है। शिवम चारधाम, 12 ज्योतिर्लिंग, 41 शक्तिपीठ के दर्शन के लिए अयोध्या से साइकिल पर 22 जून से यात्रा पर निकला है। हालांकि, साइकिल से यात्रा करना आसान काम नहीं है। इसके बाद बावजूद यह युवक अपने लक्ष्य को साधने के लिए निकल पड़ा है। शिवम ने ठान लिया है कि जिस संदेश को लेकर निकला है, उसे देश के कोने-कोने में फैलाना ही है।

शिवम अयोध्या का रहने वाला है और यह अपने घर से 22 जून को 2 साल की भारत यात्रा पर निकला है। शिवम अयोध्या से 22 जून को निकला और उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होते हुए माता शाकुंभरी देवी के दर्शन किए। उसके बाद में चंडीगढ़ में मनसा देवी के दर्शन करने के बाद बद्री नाला, कुल्लू मनाली से होते हुए लेह-लद्दाख और फिर श्रीनगर में बालटाल से पैदल यात्रा कर बाबा अमरनाथ जी के दर्शन किए। फिर माता खीर भवानी, शंकराचार्य जी मंदिर के दर्शन किए और फिर पीर की गली से होते हुए कल राजौरी पहुंचा। वहीं आज राजौरी से शिवखोड़ी के लिए निकला और फिर वैष्णो देवी के दर्शन कर अपनी अगली यात्रा के लिए दूसरे राज्यों में निकल जाएगा। अमरनाथ यात्रा करने के बाद शिवम ने हिमाचल का रुख किया वह मनिमाहेश यात्रा पर गए। वहां से फिर धर्मशाला आए, माता चामुंडा हिमानी चामुंडा होते हुए बैजनाथ शिव मंदिर महाकाल मंदिर होते हुए बाबू बालक नाथ मंदिर नैना देवी से फिर पंजाब की ओर आनंदपुर साहिब करतारपुर साहिब जाएंगे। शिवम का कहना है कि अगले साल वह श्रीखंड यात्रा को किन्नर कैलाश यात्रा पर जाएंगे। शिवम का कहना है कि लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और वह उन लोगों का पूरे दिल से धन्यवाद करता है।



## न्यूज ब्रीफ

### रकोटी की महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** स्वच्छता और पर्यावरण को लेकर ग्रामीण महिलाएं जागरूक हो गई हैं। इसी कड़ी में टौणी देवी विकास खंड की पंचायत टपरे के वार्ड नंबर तीन दरकोटी के अपर दरोगन गांव में सफाई अभियान और पौधरोपण किया गया। पंचायत सदस्य सुमना देवी व महिला मंडल प्रधान संतोष कुमारी की अध्यक्षता में यह सफाई अभियान और पौधरोपण किया गया। संतोष कुमारी ने बताया कि लोगों को गंदगी से फैलने वाली बीमारियों, रास्तों पर गंदा पानी फैलाने से होने वाले नुकसान और बरसात में जलजनित रोगों के बारे जानकारी भी प्रदान की गई।

### सरकारी कार्यालयों की साफ-सफाई की




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वच्छता ही सेवा-2024 के शुभारंभ अवसर पर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों, सरकारी कार्यालय परिसरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित सफाई अभियान के दौरान एडीएम राहुल चौहान ने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उधर, नगर परिषद के परिसर में भी स्वच्छता की शपथ ली गई और परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास ने स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नगर परिषद कार्यालय परिसर और शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा प्लास्टिक का कचरा एकत्रित किया गया।

### समैला स्कूल के लिए भेंट किया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय मिडिल स्कूल समैला (सकड़ी ) के लिए क्षेत्र के एक दानवीर परिवार ने वाटर कूलर भेंट किया है। चकमोह से संबध रखने वाले भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट बीएसएफ यूनिट हेमराज सोनी व उनकी पत्नी ने अपने स्व. माता-पिता की याद मे स्कूल को यह वाटर कूलर भेंट किया है। स्कूल के मुख्याध्यापक रमेश कुमार न कहा कि समैला स्कूल का समस्त स्टॉफ व छात्र इस भेंट के लिए उनके आभारी हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों की चाबियां सौंपी



**एसके ठाकुर, बड़सर।** विकास अधिकारी कार्यालय बिझड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हुए मकानों के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हुए मकानों के पत्र जारी किए गए। वहीं, योजना के तहत बनकर तैयार हुए मकान की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी गईं। योजना के तहत इस बार 182000 की राशि लाभार्थियों को जारी होगी और मकान का काम तीन माह में पूरा करवाया जाएगा। कार्यकारी खंड विकास अधिकारी जगतपाल चौहान, खंड प्रधान संगठन के अध्यक्ष प्रधान संजय शर्मा ने कहा कि अगर कोई लाभ पात्र लाभार्थी इस योजना से अबकी बार वंचित रहा है तो फिर से सर्वे होगा और 2025-26 में उसे योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विकास खंड बिझड़ी में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों के मकान बनने हैं, उन्हें स्वीकृत पत्र दिए गए।

### पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचा सकते हैं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा की ओर से एक बरगद व एक पीपल का पेड़ रोपण किया गया। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज प्राचार्य डा. राज कुमार धीमान, सुरजीत सिंह उपप्रधान सौर पंचायत, पौधरोपण के समन्वयक सुनील कुमार, समस्त छात्र व अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

### विश्व शांति के लिए करवाया महायज्ञ



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** सक्रांति एवं सायर उत्सव के दौरान उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की पंचायत फस्टे में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में बिल्लकलेश्वर सुधार सभा द्वारा विश्व शांति के लिए विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रवासियों एवं नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### नुहाडा में मनाया वृत्त स्तरीय पोषण मेला



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र नुहाड़ा में बाल विकास परियोजना टौणी देवी के सौजन्य से वृत्त स्तरीय पोषण मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ वृत्त पर्यवेक्षक राजेश राणा ने किया व स्वास्थ्य विभाग की एएनएम मंजू देवी मुख्य अतिथि कर तौर पर उपस्थित रही। राजेश राणा ने पोषण माह की थीम के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पम्मी देवी, सरला देवी, प्रोमिला देवी, कमला देवी, सावित्री देवी व महिला मंडल प्रधान बंदना उपस्थित रहीं।

### कंज्याण में ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग कल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम कार्यालय भोरंज के अंतर्गत ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग के लिए 19 सितंबर की तिथि तय की गई है। एसडीएम संजय स्वरूप ने बताया कि 19 सितंबर को ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग सुबह 10 बजे कंज्याण के हेलिपैड पर होगी। उन्होंने बताया कि भोरंज उपमंडल के आवेदक 18 सितंबर तक एसडीएम कार्यालय में या ऑनलाइन माध्यम से फीस जमा करवाकर 19 सितंबर को सुबह 10 बजे कंज्याण हेलिपैड पर पहुंचकर ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी। फीस व अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को वाहनों की पासिंग या ड्राईविंग टेस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद हरकत में आए नेशनल हाईवे के अधिकारी

# हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी एनएच का निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य पिछले अढ़ाई वर्ष से धीमी गति से चला हुआ है। सड़क निर्माण के दौरान कई हादसे भी हो चुके हैं और लोग भी पिछले अढाई वर्षों से एनएच 03 के निर्माण कंपनी की कार्यप्रणाली को कोस रहे हैं। एनएच के निर्माण में कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर कई लोगों ने सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय व प्रदेश सरकार को अपनी शिकायतें भेजी हैं।

एनएच के धीमी गति से चले हुए कार्य की शिकायतें मिलने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संज्ञान लेते हुए सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के बाद सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी हरकत में आए और मंगलवार को उच्च स्तरीय टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया।



लोगों की शिकायतों के बाद हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य की जांच करती उच्च स्तरीय टीम।

गौर रहे कि राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक रोमी धनखड़, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र पांडे, सहायक अभियंता तन्मय महाजन और अन्य अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय टीम ने बीते दिनों हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की और निर्माण कंपनी को निर्धारित समय अवधि के भीतर इस नेशनल हाईवे का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## लदरौर सायर मेले के विकास के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे : सुरेश

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज उपमंडल के लदरौर सायर मेले का इतिहास बहुत ही पुराना है और कई अदभुत घटनाओं से जुड़ा हुआ है। यह बात भोरंज विधायक सुरेश कुमार के द्वारा लदरोर सायर मेले के समापन पर जनता को संबोधित करते हुए कही। विधायक सुरेश कुमार को मेले के समापन अवसर पर बाबा लख्मीर दास कमेटी लदरौर के सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांगड़ा सहकारी बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि मेले को आधुनिक रूप से विकास करने के लिए लोगों का सहयोग का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लदरौर सायर मेले के विकास के लिए जो भी आवश्यकता होगी, उसका पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल लदरौर कला, लदरौर खुर्द दशमाहीं लठवान व साहरवीं के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

विधायक के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए विधायक सुरेश कुमार के द्वारा हर महिला मंडल को 15-15 हजार रुपए देने की घोषणा की। विधायक सुरेश कुमार ने बाबा लखमीर दास मंदिर के प्राचीन बरगद के वृक्ष के चारों ओर शैड बनाने का घोषणा की। इस अवसर पर कांगड़ा सहकारी बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया , भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व प्रधान नरेश ठाकुर , झरलोग पंचायत प्रधान मनोका देवी व अन्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



सायर मेले में ढोल की टमक बजाते विधायक सुरेश कुमार।

## बस सेवा बंद होने से कई गांवों के छात्रों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के बदारन क्षेत्र को एचआरटीसी की बस रोजाना चलती थी, लेकिन अब यह बस करीब एक सप्ताह से बदारन को नहीं जा रही है। इससे नादौन गगाल कॉलेज में बदारन क्षेत्र के आसपास के गांवों में पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**बस सेवा को बदारन तक बहाल करने की लोगों ने की मांग**

बदारन क्षेत्र के लोगों विनोद कुमार, कुलदीप सिंह उपप्रधान, प्रकाश चंद, शमशेर सिंह, विपन कुमार, उपप्रधान पंचायत ग्वाल पत्थर, सतवीर सिंह, अजमेल सिंह, रविंद्र कुमार, जसवंत सिंह, रमेश चंद, विजय कुमार व पवन कुमार आदि का कहना है कि एचआरटीसी की बस नादौन -बदारन चलती थी, जो बदारन से प्रात: 9 बजे नादौन कॉलेज को जाती थी, जिसमें गांव बदारन, जसोह, करड़ी, धमरूं, भड़ोली भगौर, टंग, कोठी आदि गांव को छात्र-छात्राएं जाती थीं।

यह बस नादौन कॉलेज में समय पर बच्चों को पहुंचा देती थी, लेकिन पिछले करीब एक सप्ताह से इस बस को बसारल तक ही चलाया जा रहा है जिस वजह से कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे समय पर कॉलेज नहीं पहुंच पा रहे हैं। लोगों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस बस सेवा को बदारन तक बहाल किया जाए ताकि कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

### कन्या विद्यालय की टीम बैडमिंटन में बनी विजेता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंडर-19 जिला स्तरीय लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर ने अपने दो खिताब अपने नाम किए हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं टिक्कर में आयोजित की जा रही है। मंगलवार को हुए बैडमिंटन मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर के बीच हुआ, जिसमें कन्या स्कूल हमीरपुर विजेता रहा, वहीं दूसरा मैच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्कर खतरियां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के बीच हुआ, जिसमें टिक्कर खतरियां विजेता रहा। कबडडी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बिझड़ी, सुजानपुर की टीम और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर के बीच हुआ, जिसमें हमीरपुर स्कूल की टीम विजेता बनी।

## फेरी वालों से सामान लिया तो 2 से 5 हजार तक जुर्माना वसूल करेगी धमरोल पंचायत

**एसके शर्मा, जाहू।** ग्राम पंचायत धमरोल ने प्रस्ताव पारित कर दिया है कि बाहरी राज्यों से आने वाले और गांव-गांव में फेरी लगाने वालों, भिक्षा मांगने वाले बहूरूपियों तथा कबाड़ इकट्ठा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी । अगर, वे बिना पुलिस पंजीकरण से गांव में आते हैं। पंचायत में प्रस्ताव पारित करते समय विस्तार में चर्चा की गई की पंचायत क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही हैं और इन सब के पीछे बाहरी राज्यों से आए हुए व्यक्तियों का हाथ रहता है। पंचायत प्रधान बीना कुमारी ने बताया इस समस्या के समाधान के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत क्षेत्र में जिन व्यक्तियों ने बाहरी राज्यों से आए व्यक्तियों को किराये पर रखा है, वे उनसे संबंधित सूचना पुलिस व पंचायत प्रधान को दें, साथ ही पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत प्रधान की अनुमति के बिना फेरी लगाने वालों मांगने वाले व कबाड़ इकट्ठा करने वालों व बहुरूपियों के घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही जनता को भी सूचित किया जाता है कि इन फेरी वालों से सामान न खरीदें। इस आदेश की आवहेलना करने वाले को 2000 से 5000 पर का जमाना लगाया जा सकता है और न मानने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई ही अमल में लाई जाएगी।

## निर्माण कंपनी ने कोल्हूसिद्ध मंदिर परिसर के आसपास से उठाया मलबा

**अनंत ज्ञान , टौणी देवी।** एनएच 03 की ब्लास्टिंग के बाद कोल्हू सिद्ध मंदिर परिसर के आसपास बिखरे मलबे को एनएच निर्माण कंपनी ने हटा दिया है। इससे पहले मंदिर के गेट के सामने की जा रही ब्लॉस्टिंग को रोक दिया गया था। ब्लॉस्टिंग के बाद मंदिर की छत और मुख्य गेट को करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। स्थानीय ग्रामीणों ने आस्था के केंद्र इस मंदिर में हुए नुकसान को लेकर नाराजगी जताई थी। कोल्हू सिद्ध मंदिर के मुख्य पुजारी रघुबीर सिंह चौहान और ग्रामीण बार-बार कंपनी को मलबा हटाने की बात कर रहे थे। पुलिस ने भी निर्माण कंपनी को मंदिर के आसपास बिखरे मलबे को शीघ्र हटाने के लिए कहा था ताकि किसी श्रद्धालुओं को नुकसान न पहुंचे। मुख्य पुजारी रघुबीर सिंह चौहान ने बताया कि जैसे ही कटान का कार्य कंपनी पूरा करेगी, मंदिर के गेट और छत की मरम्मत का काम भी निर्माण कंपनी शुरू कर देगी। वहीं, एनएच निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि मंगलवार को मंदिर परिसर के आसपास बिखरे मलबे को हटा दिया गया है। मंदिर को पहुंचे नुकसान की मरम्मत भी शीघ्र करवा दी जाएगी।



## देश में नए दौर की राजनीति कर रही शर्मसार : कौशल

### बोले - राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की एक टीम लगातार जहर उगलने में जुटी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने आरोप लगाया है कि भाजपा के 10 साल के शासनकाल में देश की राजनीति जिस दौर में पहुंच गई है, वह यहां की व्यवस्था को शर्मशार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की एक टीम लगातार राहुल गांधी के खिलाफ जहर उगलने में जुटी हुई है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा के लोगों के रुख का अभास भाजपा नेताओं को नहीं हो रहा है। मंगलवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कौशल ने कहा कि पंजाब का जो नेता लोस चुनाव न जीत पाया हो, वह राहुल गांधी को आतंकी कह दे और उसी तर्ज पर हिमाचल की सांसद कंगना रणौत भी बोल रही हों, उसी से यह पता चलता है कि भाजपा के नेताओं को केवल और केवल राहुल गांधी ही निशाने पर रखना है।



लोकसभा के पिछले चुनाव में कांग्रेस ने राहुल गांधी की देशव्यापी यात्रा से जो समर्थन जुटाया था, उसी का नतीजा है कि देश का लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। कांग्रेस लोकसभा में मजबूत हुई है और मोदी सरकार को विपक्ष का नेता बनाने में मजबूरी दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के दरमियान जो सहयोगी राजनीतिक दल सरकार चला रहे हैं, वे भी राहुल की बातों से सहमत हैं क्योंकि जाति आधारित जनगणना को राहुल गांधी ने ही उठाया था और अब भाजपा के भीतर भी सहयोगी दल इस भाषा को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि भाजपा और उसके नेता अहंकार में डूबे हुए हैं, जो सबक भाजपाइयों को देश की जनता ने सिखाया है। इससे भाजपा नेताओं ने कोई सीख नहीं ली है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार को कमजोर करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने जिस तरीके से अभी तक काम किया है, उसके बावजूद मुख्यमंत्री ने सूझबूझ दिखाकर ओवरड्राफ्ट की स्थिति पैदा नहीं होने दी है, जो भाजपा की सरकारों के समय होता रहा है, आर्थिक संकट भाजपा की ही देन है। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुमन भारती, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेश चौधरी और जिला मीडिया प्रभारी अंशुल शर्मा भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## अंशकालीन कर्मचारी राजस्व विभाग में तैनात कर्मचारियों को सरकार बनाए दैनिक वेतनभोगी



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्व अशकालीन कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी ने कहा कि राजस्व विभाग में हमारे कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारी सात वर्षों से राजस्व विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। हमारे सभी कर्मचारियों का सात वर्ष का कार्यकाल सितंबर में पूरा हो रहा है। मंडी, शिमला, ऊना, सोलन तथा किन्नौर से अंशकालीन कर्मचारियों को सात वर्ष का कार्यकाल पूरा होते ही सरकार द्वारा दैनिक भोगी बना दिया गया। हमारी नियुक्ति कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2017 में हुई थी। आज तक हमारे कार्मचारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते आ रहे है, न ही हमारे कर्मचारी सरकार के विरुद्ध खड़े हुए, लेकिन सरकार द्वारा बनाई गई नीति की एक बार नियमित करने की नीति सरकार से हमारे कर्मचारी नाखुश हैं। हमारे कर्मचारी सात वर्ष से दैनिक वेतन भोगी बनने का इंतजार कर रहे हैं। साल में एक बार नियमित होने के निर्णय से हम दैनिक भोगी बनेंगे, न की नियमित होंगे और चार साल और लगाने के बाद हमारे कर्मचारी नियमित होंगे। प्रदेश उपाध्याक्ष ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के लिए जो नीति बनाई है, उसे वापस लिया जाए और सितंबर 2024 में अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी बनाया जाए। अगर सरकार 30 सितंबर से पहले अंशकालीन कर्मचारियों को देनिक वेतन भोगी बनने का 30 दर्जा या नोटिफिकेशन नहीं करती है तो हिमाचल प्रदेश के समस्त कर्मचारी तेज आंदोलन करेगी। अगर सरकार हमारे कर्मचारियों को दैनिक भोगी नहीं बनाती है या नजर अंदाज करती है तो हमारे कर्मचारी सचिवालय शिमला के बाहर आत्मदाह करेंगे।

## बीड़ बगेहड़ा में पकड़ा इंडियन कोमन कोबरा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के बीड़ बगेहड़ा पंचायत के वार्ड नंबर पांच में निखिल गुलेरिया के घर में बैठा छह फुट लंबा इंडियन कोमन कोबरा पकड़ लिया गया।

जानकारी के अनुसार जैसे ही निखिल घर के अंदर स्टोर रूम में रात को सामान रखने गया तो अंदर दीवार के साथ बैठे कोबरे पर पांव रखने से बाल-बाल बच गया। इसकी सूचना स्नेक मैन माथुर धीमान को दी गई। मंगलवार को माथुर धीमान ने कोबरे का रेस्क्यू किया। उन्होंने कहा कि अभी तक रेस्क्यू किए कोबरा में यह सबसे लंबा कोबरा था।

## छात्राओं को तनाव से निपटने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरियों के लिए तनाव प्रबंधन शिविर का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर तथा द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में किया गया। शिविर में वृत्त पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी।

उन्होंने किशोरियों को अपने स्वास्थ्य तथा शिक्षा पर विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। दोनों शिविरों की मुख्य वक्ता एवं मनोचिकित्सक डॉ. अनुपम कुमारी ने किशोरियों को तनाव क्या होता है और तनाव कितने प्रकार होते हैं और किस तरह के तनाव से कैसे निपटना है, इसके बारे में बताया।



तनाव प्रबंधन शिविर का हमीरपुर कन्या तथा दे मैग्नेट स्कूल में आयोजन किया गया।

डॉ. अनुपम कुमारी ने किशोरियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने, उचित निद्रा लेने तथा समय के बेहतर प्रबंधन के संबंध में कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। दोनों शिविरों में कुल मिलाकर लगभग 160 किशोरियों को तनाव प्रबंधन की जानकारी दी गई। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की प्रधानाचार्य पूनम चौहान और द मैग्नेट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने शिविर के आयोजन के लिए विभाग एवं अधिकारियों का धन्यवाद किया। शिविर में पर्यवेक्षक सुमन लता और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** सेवा पखवाड़े के तहत हमीरपुर जिले में किया गया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, सांसद अनुराग ठाकुर का जताया आभार

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बड़सर व हमीरपुर में जांचा 126 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़े के तहत जिला हमीरपुर के सदर विधानसभा हमीरपुर व बड़सर विधानसभा क्षेत्र मे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच करते हुए अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांधी चौक हमीरपुर मे सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम (सावी, मनीषा, नवीन) ने डॉ. पंकज के नेतृत्व मे भाजयुमो द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की नि शुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच की एवं रक्त की भी जांच की गई। मरीजों को उचित उपचार एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण भी टीम द्वारा किया गया। बड़सर विधानसभा क्षेत्र मे यह स्वास्थ्य जांच शिविर ग्राम पंचायत जमली गांव जांगली में डॉ. अंजू के नेतृत्व मे लगाया गया।



सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

सेवा पखवाड़े के तहत अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने हमीरपुर व बड़सर विधानसभा क्षेत्र मे 126 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की।

हमीरपुर सदर के गांधी चैक मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा ने भी स्वास्थ्य जांच करवाई। इस इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बंदना योगी, भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री, लोकसभा के विस्तारक अमित कुमार, सदर विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, विजय अग्निहोत्री,भाजपा जिला महामंत्री अजय रिंटू, हरीश शर्मा, होशियार सिंह एवं मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल शामा ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर के सौजन्य से 6 वर्षों से निशुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध करवाकर जनता के करोड़ों रुपयों की बचत करवा चुकी है। युवा मोर्चा महामंत्री रोबिन डटवालिया, प्रगुण गौतम, मंडल अध्यक्ष दीक्षित गौतम, तेन सिंह, व युवा मोर्चा जिला के पदाधिकारी एवं मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष पर देश और प्रदेश भर में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसे 17 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक विभिन्न विभिन्न जन सहायक कार्य कर मनाया जाएगा। आज हमीरपुर जिला में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 22 के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला के अध्यक्ष कपिल मोहन शामा उनके पूरी टीम ने इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाया जिसमें लगभग 52 यूनिट रक्तदान इकट्ठा कर किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांगों के लिए भरमौर में लगेगा शिविर

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएचपीसी द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत दिव्यांग जनों के लिए प्रत्यारोपण और चश्मे को छोड़कर निशुल्क सहायता और सहायक उपकरणों की आवश्यकता के लिए 26 सितंबर को ग्राम पंचायत भरमौर में आकलन शिविर (असेसमेंट कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी पात्र दिव्यांगजनों से आग्रह किया है कि वह इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं । उन्होंने बताया कि विकलांग व्यक्तियों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध व्यक्ति इन शिविरों में भाग ले सकते हैं । दिव्यांगता प्रमाण पत्र जिला मैडिकल बोर्ड, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सक्षम प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी मान्य होगा। उन्होंने बताया कि स्थाई निवासी प्रमाण पत्र जैसे राशन कार्ड,वोटर कार्ड,आधार कार्ड, दिव्यांगों का यूडीआईडी इत्यादि मान्य होंगे। लाभार्थियों को एक पासपोर्ट साइज की फोटो भी लानी होगी ।

### 'एचबीवाईसी' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में आशा कार्यकर्तायों के लिए छोटे बच्चों के लिए गृह आधारित देखभाल एचबीवाईसी विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें क्षेत्र की 26 आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ता 3 माह से 15 माह तक के बच्चों के लिए पांच गृह भ्रमण करेगी तथा उनके लिए स्तनपान, पूरक आहार, तथा उनकी सही वृद्धि व विकास को सुनिश्चित करेगी साथ ही बच्चों में होने वाली बीमारियों पर निगरानी रख के उनका समय पर उपचार करवाना सुनिश्चित करना सीखेंगी। इस प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय चंबा से स्वास्थ्य शिक्षका निर्मला ठाकुर तथा लोकिंदर भारद्वाज स्वास्थ्य शिक्षक मेडिकल कॉलेज चंबा बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे । कार्यक्रम के आयोजन में धीरज अकाउंटेंट एनएचएम एनएचएम ब्लॉक भरमौर ने मुख्य भूमिका निभाई।

### सिटी इंचार्ज पर लगे मारपीट करने के आरोप

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के पवन ठाकुर ने मंडी सिटी इंचार्ज मनोज कुमार पर गुंडागर्दी के आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि कुसुम सिनेमा थियेटर के पास सिटी इंचार्ज ने गाली-गलौज की और बाद में हाथापाई कर फोन कब्जे में ले लिया। पवन ठाकुर ने कहा कि इस दौरान मुझे काफी चोटें आई है। मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मिला और न्याय की गुहार लगाई। वहीं इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि शिकायत आई है मामले की जांच की जा रही है।

### सरकाघाट से बरच्छवाड़ तक निकाली स्वच्छता रैली




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट से बरच्छवाड़ पंचायत तक स्वच्छता रैली आयोजित की। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत मिशन के महत्व पर जोर देना था। एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली में भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को समझाया। उन्होंने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर और स्लोगन का उपयोग किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों, प्राचार्य डॉ. रिखी राम कौंडल, डॉ. अनिता कुमारी एवं अन्य आचार्य भी उपस्थित रहे।

#### कांग्रेस कमेटी भटियात और भारती नर्सिंग संस्थान का गणेश विसर्जन पर कार्यक्रम

# जयकारों के साथ किया गणेश विसर्जन

**ओपी शर्मा, चंबा/ ( ककीरा )**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के जन्मदिन के अवसर पर आज स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भटियात के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कुलदीप सिंह पठानिया को इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भटियात एवं संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों, प्रबंधन तथा स्थानीय लोगों ने केक काटकर शुभकामनाएं दी ।

कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा के प्रशिक्षणार्थियों एवं सभी क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए विश्वास, सहयोग और समर्थन के आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जन कल्याण उनकी सदैव प्राथमिकता रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना किसी भी भेदभाव से क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दिया है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा ।





विभिन्न जगहों पर गणेश विसर्जन के दौरान मौजूद कुलदीप पठानिया व अन्य।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान नर्सिंग सेवाओं के साथ संस्कारों के लिए भी प्रदेश के नाम को ख्याति दिला रहा है। उन्होंने संस्थान के बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय के दौरान संस्थान में अन्य विषयों से संबंधित पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे ।

इस दौरान संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र चाढ़क, महासचिव कांग्रेस कमेटी राजीव कौशल, स्वामी श्री हरी गिरी सन्यास आश्रम के ट्रस्टी तरुण मल्होत्रा, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा, विद्युत राजीव ठाकुर , खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे ।( अनंत ज्ञान)



# मेले, उत्सव और त्योहार संस्कृति का अभिन्न हिस्सा : पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा/बनीखेत**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज बैली-जियुन्ता गांव के बाबा लखदाता मंदिर परिसर में आयोजित छिन्ज मेले में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया । कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में मेले, उत्सवों और त्योहारों को संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन मनोरंजन के साथ लोगों में सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ाते हैं ।

विधानसभा अध्यक्ष ने मेला आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार रुपए की धन राशि देने की घोषणा की । उन्होंने छिंज मेला मैदान तथा मंच के विस्तार को लेकर टोकन मनी के तौर पर 6 लाख की धनराशि उपलब्ध करवाने का ऐलान किया । उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द प्राक्कलन तैयार करने को कहा। उन्होंने इस दौरान रोचक कुश्ती मुकाबला का भी आनंद लिया ।

इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा, विद्युत राजीव ठाकुर , खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



कुश्ती मुकाबले के दौरान मौजूद पहलवान

## राजेश ठाकुर ने नेशनल बैंच प्रेस चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**आजम डार, चुराह**

चुराह के राजेश ठाकुर जलवा लगातार बरकार है ।हाल ही में राजेश ठाकुर ने नेशनल सीनियर बैंच प्रेस चैंपियनशिप में 120 किलोग्राम कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया । राजेश ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीत कर पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है।

राजेश ठाकुर की इस उपलब्धि से संपूर्ण चुराह क्षेत्र का मान बढ़ा है ।सोशल मीडिया पर राजेश ठाकुर को लोग काफी मान सम्मान दे रहे हैं। चुराह के प्रसिद्ध पहलवान रमेश ठाकुर ने भी इनकी बडी उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। राजेश ठाकुर का कहना है कि युवाओं को




खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

इन्होंने कहा आज का युवा लगातार नशे की चपेट में आ रहा है जो कि चिंतनीय विषय है। इन्होंने कहा कि औलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल लाना इनका मकसद है और कड़ी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त करेंगे ।( अनंत ज्ञान)

## प्रताड़ित महिलाओं को स्वास्थ्य के साथ मिलती है कानूनी सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जारी कार्यक्रम की निरंतरता में आज सिल्लाघराट पंचायत में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी अमर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं ग्रामीण लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जागरूकता शिविर में सुपरवाइजर धनो देवी ने बच्चों के लिए पौष्टिक आहार, हरी सब्जियों और फलों की उपयोगिता को लेकर जानकारी प्रदान की।




जागरूकता शिविर के दौरान मौजूद महिलाएं व अन्य।

जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ ने बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात को देखते हुए सरकार के द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में बताया ताकि बेटी के जन्म पर माता पिता को सम्मान के साथ प्रोत्साहन भी मिल सके। उन्होंने बताया कि भ्रूण हत्या से माता का स्वास्थ्य भी खराब होता है और यह कानूनन जुर्म भी है जिसमें सजा का प्रावधान हैं। जेंडर विशेषज्ञ ज्योति ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, अडॉप्शन, और आफ्टर केयर के बारे में भी जानकारी दी।

समन्वयक मधु कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में महिलाओं को संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिला वन स्टॉप सेंटर में संपर्क कर सकती है वन स्टॉप सेंटर में आई हुई प्रताड़ित महिलाओं को स्वास्थ्य चिकित्सा के साथ कानूनी सुविधा भी प्रदान की जाती है। पैरामिल फाउंडेशन से विपिन ने भी लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान रीना देवी ने शिविर आयोजित करने के लिए विभाग का आभार व्यक्त किया । शिविर में 90 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## कुत्ते का किया सफल इलाज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आज पशु चिकित्सालय बनीखेत एवं स्थानीय समाजसेवी युवकों संयुक्त अभियान से एक बीमार कुत्ते का सफल इलाज किया गया बता दें बस अड्डा बनी खेत में एक आवारा कुत्ते को कीड़े पड़े हुए थे जिससे उससे बड़ी ही ज्यादा गंदी बदबू आती थी। जिस पर स्थानीय समाजसेवी युवकों द्वारा समय रहते स्थानीय पशु चिकित्सालय को सूचित किया गया।

इसी सूचना के आधार पर पशु चिकित्सालय बनीखेत की पशु चिकित्सक अपने दल द्वारा बनीखेत बस अड्डा के पास पहुंचकर कुत्ते को बेहोश कर उसके शरीर के अंदर जो भी कीड़े थे उन्हें सफलतापूर्वक निकालकर उसके घावों पर मरहम पट्टी कर दी गई ।

## स्वामी हरी गिरी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन का हुआ निरीक्षण

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

स्वास्थ्य विभाग चंबा द्वारा स्वामी हरी गिरी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन व उससे संबंधित रिकॉर्ड का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि जिले में अल्ट्रासाउंड मशीन का समय-समय पर निरीक्षण करने का प्रावधान है जिसके तहत आज स्वामी हरी गिरी अस्पताल ककीरा में स्थापित मशीन का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी।

उन्होंने संचालक को बताया कि गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग बताना अपराध है, जिसके लिए पहली बार पकडे जाने पर कानून के तहत 10000 का जुर्माना तथा तीन साल तक की जेल हो सकती है । उन्होंने बताया कि लिंग समानता को बनाये रखने के लिए यह कानून बनाया गया है।

## खेल को खेल की भावना से खेलें : शशि

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंडर 19 गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को भरमौर के खणी में धूमधाम से हुआ। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ लोक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय गांधीवादी कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष शशि बलबीर ठाकुर ने किया।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अखिल भारतीय गांधीवादी कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष शशि बलबीर ठाकुर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा है कि भविष्य में आप लोगों में से सिंधु और पीटी ऊषा निकलेंगे। उन्होंने कहा की लड़कियों ने आज अपने आप को साबित किया है और हर फील्ड में अपना नाम कमा रही है। उन्होंने कहा है कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और लड़कियों को अधिक से अधिक अवसर इस तरह के खेलकूद प्रतियोगिता में मिलने चाहिए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की वर्तमान में लड़कियां हर जगह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। लड़कियां भी खेलों में लोहा मनवाने से लड़को से कम नहीं । मुख्य अतिथि ने इस मौके पर कहा वर्तमान कांग्रेस की सरकार इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने की भरपूर कोशिश कर रही है।

स्कूल के प्रधानाचार्य लफटेन सिंह ने भी बच्चो को संबोधित किया और उन्होंने मुख्य अतिथि का हर पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि बलबीर ठाकुर ने बच्चो को 11000 की राशि भेट की । इस अवसर पर कृतेश ठाकुर, अभिनव पठानिया, चन्ना सिंह, अशोक ठाकुर इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## मोबाइल टावर के सामान के चोरी मामले में 3 काबू

**बबलू पठानिया, चुबाड़ी**

पुलिस चौकी सिहुंता के तहत पुलिस टीम ने अज्ञात चोरों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी के मुताबिक 11 सितंबर को अज्ञात चोर ने सिहुंता में लगे एयरटेल टावर के आरआरयू को उड़ा ले गए।



जानकारी देते थाना प्रभारी।

जिस पर सिहुंता पुलिस चौकी ने शिकायत दर्ज हुई व चौकी प्रभारी गुरबख्श कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुंरन्त प्रभाव से जांच शुरू की व कार्यवाही करते हुए 3 चोरों को धर दबौचा है।

जानकारी देते हुए पुलिस चौकी सिहुंता प्रभारी गुरबख्श कुमार ने बताया कि सिहुंता में एयरटेल टॉवर में लगे आरआरयू की अज्ञात चोरों ने चोरी की थी। जिस पर पुलिस ने जांच की व सीसीटीवी खंगाले गए व 3 आरोपियों शिवकुमार, विनोद सिंह,व पवन कुमार को गिरफ्तार के लिया गया है।

उन्होंने बताया चोरी के समान को मलकवाल से रिकबरी कर लिया गया है। उंन्होने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### सूडोकु 0060 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0059 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 सितंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** पूर्णिमा : (8:06): **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद (11:01), **पक्ष :** शुक्ल **योग:** गण्ड (11:28) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:14 -01:46) ।

**विशेष दिन**

- 18 सितंबर 2024 :भाद्रपद पूर्णिमा आज।
- 18 सितंबर 2024 : प्रतिपदा का श्राद्ध आज।

**मेष:** आज रचनात्मक ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे। आप जिस काम को काफी दिनों से टाल रहे हैं, उस अधूरे काम को आज पूरा करने के लिये भी दिन ठीक है।

**वृषभ:** स्वभाव में उग्रता और वाणी में संयम रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यग्र रहेगा। जिस काम को पूरे मन से करेंगे।

**मिथुन:** आज आपको व्यापार-सम्बंधित कार्यों में लाभ होगा। उगाही, प्रवास, आय आदि के लिए अच्छा दिन है। सरकार तथा मित्रों, सम्बंधियो से लाभ होगा।

**कर्क:** आज कारोबार में स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप बेहतर मुनाफा ले पाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले बेहतर होगी। आज सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान देंगे।

**सिंह:** आज का दिन मिश्र फलदायी है। शारीरिकरूप से आपको अस्वस्थता का अनुभव होगा। फिर भी आप मानसिकरूप से स्वस्थ रहेंगे।

**कन्या:**आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी सृजनात्मक शक्ति आज श्रेष्ठ रहेगी। स्वस्थ अनुभव करेंगे।

**तुला:** परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाक्माधुर्य से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा। आज आपके अंदर नई उर्जा का संचार होगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। अपने सहोदर के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव आप करेंगे, उनका साथ भी आपको मिलेगा।

**धनु :** आज परिवार में किसी से चल रहा मन-मुटाव खत्म हो जाएगा। आज आप दूसरों से बात करते वक्त संतुलित विचार रखें।

**मकर:** कारोबार में धनलाभ का योग बन रहा है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपके कामों को असफल करने के शत्रु पक्ष के प्रयास असफल रहेंगे।

**कुंभ:** आपका आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपके सीधेपन का दूसरे फायदा उठा सकते हैं।

**मीन:** आज धन लाभ का योग है। ऑफिस में आज आपके काम से बॉस खुश रहेंगे। आज आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करेगा।

## बाथरी और चुवाड़ी में कबड्डी का कड़ा मुकाबला

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आज बनीखेत में जिला स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन चंबा द्वारा जोनल लेवल गर्ल्स अंडर 19 टूर्नामेंट 2024 का आगाज किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायिका आशा कुमारी ने शिरकत की। इस आयोजन में सर्वप्रथम आशा कुमारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया।



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

स्कूल प्रबंधन द्वारा मुख्यातिथि को शाल व टोपी पहनाकर स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस आयोजन में मार्च पास मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें कि विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चों ने मुख्यातिथि को सलामी देकर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई।

वहीं आज की शुरुआती कबड्डी के मुकाबले में बाथरी बनाम चुवाड़ी, ककीरा बनाम नैनीखड, गरनौटा बनाम नगाली, चुहन बनाम बुनाड़, टुंडी बनाम खरगट, भनेटा बनाम समोट के बीच मुकाबला हुए।

## सीमा कॉलेज में हुआ युवा डिजाइनर क्लब का गठन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में युवा डिजाइनर क्लब का गठन किया गया। फैशन डिजाइन की शिक्षिका दिलकुमारी ने बताया कि इस विद्यार्थी कार्यकारिणी का गठन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के निर्देशों के अनुसार किया गया।



प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों के हुनर को निखारना है। विद्यार्थी कार्यकारणी में प्रधान सपना व ऋतु , उप प्रधान पल्लवी एवं कोषाध्यक्ष कशिश को बनाया गया।

## ऋग्वेद ऑटोमोबाइल ने किया जावा 42 एफ जैड 350 लॉन्च

**आदर्श यादव, नेरचौक**

हिमाचल प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बने जावा येजदी ने अपने नए मॉडल जावा 42 एफ जैड 350 का लॉन्चिंग कार्यक्रम ऋग्वेद ऑटोमोबाइल बगला मंडी में किया। जिसमें बतौर मुख्य तिथि चाइल्ड आर्टिस्ट उरवा रूमानी और भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चंद्रमणि ने विधिवत्त लांचिंग की।

ऋग्वेद ऑटोमोबाइल बगला मंडी के मैनेजिंग डायरेक्टर भोपाल जमवाल ने बताया जावा येजदी के मॉडल जावा 42 एफ जैड 350 बेहतरीन कलर वेरिएंट सहित एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से भरपूर इस मोटरसाइकिल को युवा पीढ़ी अपनी पहली पसंद मान रही है लॉन्चिंग के दिन ही 15 बुकिंग कर दी गई है।



ऋग्वेद ऑटोमोबाइल में जावा 42 एफ जैड 350 की लांचिंग करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य चित्र में।

जल्द ही युवा ग्राहकों को उपलब्ध करवाया जाएगा।( अनंत ज्ञान)

## टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. अश्विनी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रिय चुनाव में हिमाचल प्रदेश से डॉ. अश्विनी कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रेम शर्मा को मिडिया प्रमुख चुना गया है। फेडरेशन के नवनिर्वाचित मीडिया प्रमुख प्रेम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की 16 सितम्बर को फेडरेशन के चुनाव लखनऊ में आयोजित हुए तथा इन चुनाव में देश भर से आये लगभग 200 डेलिगेट ने हिस्सा लिया ।

इन चुनाव में देशभर के सभी जोन के शिक्षकों नें भाग लिया । चुनाव में देश के विभिन्न राज्यों से आये शिक्षकों ने चुनावी प्रक्रिया कों दरकिनार करते हुए देश के चारों जोन के प्रतिनिधियों द्वारा डॉ. अश्विनी कुमार को ऑल इंडिया




डॉ. अश्विनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित करते फेडरेशन के पदाधिकारी ।

फेडरेशन ऑफ टीचर्स आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से चुना किया। डॉ. अश्विनी कुमार तीसरी बार ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने है ।

इस दौरान सेक्रेटरी जनरल के पद पर सीएल रोज को चुना गया । कार्यकारणी का विस्तार कर विभिन्न पदाधिकारियों की न्युक्ति की गई कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए गुजरात से हितेष भाई पटेल, केरल से सलाऊद्दीन, पाल रेडी तेलंगाना, मुख्य प्रेस सचिव हिमाचल से प्रेम शर्मा, उपसचिव रजनीश राणा, उपाध्यक्ष सालिगराम प्रजापति , महिला विंग की चेयरपर्सन के लिए महाराष्ट्र से शिल्पा नायक को मनोनीत किया गया। डॉ. अश्विनी कुमार नें बताया की संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मानव संसाधन एवं विकास मंत्री से मुलाकात कर अपना मांगपत्र सौपेगा । (अनंत ज्ञान)

किसी दिन, जब आपके सामने कोई समस्या न आए, आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# एक देश एक चुनाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से 'एक देश एक चुनाव' की घोषणा कर चुके हैं और इस घोषणा के साथ ही एक देश एक चुनाव की सुगबुगाहट एक बार फिर शुरू हो गई है। मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान एक देश एक चुनाव करवाने के लिए तेजी से काम कर रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। वह अपने इस कार्यकाल में जल्द ही विधेयक ला सकती है। अगर विधेयक वाकई पास हो गया, तो साल 2029 में देश में एक देश एक चुनाव की परिपाटी फिर से शुरू हो जाएगी। दरअसल, एक देश एक चुनाव भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा है। मोदी सरकार किसी भी कीमत पर एक देश एक चुनाव करवाना चाहती है। एक देश एक चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों के अलग-अलग विचार हैं। इसीलिए इस पर एक राय नहीं बन पा रही है। राजनीतिक दलों का मानना है कि ऐसे चुनाव से राष्ट्रीय दलों को तो फायदा होगा, लेकिन क्षेत्रीय दलों को इससे नुकसान हो जाएगा। इसीलिए खासकर क्षेत्रीय दल इस तरह के चुनाव के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। वह यह भी तर्क देते हैं कि एक देश एक चुनाव की व्यवस्था की गई तो राष्ट्रीय मुद्दों के सामने राज्य स्तर के मुद्दे दब जाएंगे। इससे राज्यों का विकास प्रभावित होगा। निश्चित रूप से उनकी समस्या भी जायज लग रही है। कुल मिलाकर विपक्षी दल सरकार के इन तर्कों से सहमत नहीं हैं। वह इसे महज शिगूफा बता रहे हैं।

उन्होंने सवाल खड़ा किया कि जो सरकार चार राज्यों के चुनाव को दो फेज में करवाती है वह क्या पूरे देश में एक साथ चुनाव करवा सकती है? बिल पास होने पर पांच साल में सिर्फ एक बार ही चुनाव होगा। हालांकि, हंग असेंबली या नो कान्फिडेश मोशन होने पर बाकी पांच साल के कार्यकाल के लिए चुनाव नए सिरे से करवाए जा सकते हैं। एक देश एक चुनाव होने से सबसे बड़ा फायदा चुनावों पर होने वाला खर्च बचेगा। बार-बार चुनाव होने से देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है और विकास में बाधा उत्पन्न होती है। साल 1950 से लेकर 60 तक 25 चुनाव हुए हैं। वहीं 1961 से लेकर 70 तक 46 चुनाव हुए। 1971 से लेकर 80 तक 71 बार, 1981 से लेकर 90 तक 59 बार, 1991 से लेकर 2000 तक 59 बार, 2001 से लेकर 10 तक 62 बार, 2011 से लेकर 20 तक 63 बार और 2021 से लेकर 23 तक 21 बार चुनाव हुए। ये आंकड़े वाकई भयावह हैं। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे देश की हालत यह हो गई है कि सालभर किसी न किसी कोने में कोई न कोई चुनाव होता ही रहता है। अगर एक देश एक चुनाव पैटर्न लागू हो जाता है तो कम से कम बार-बार चुनाव करवाने का झंझट तो खत्म हो ही जाएगा। एक देश एक चुनाव करवाने से पार्टियों को जनसेवा के लिए ज्यादा समय मिलेगा। वे बेहतर ढंग से नीतियां बनाकर उन्हें अमलीजामा पहना सकेंगे। इसके अलावा सरकारी संसाधनों की बचत होगी और बचत का पैसा विकास कार्यों पर खर्च किया जा सकेगा।

एक देश एक चुनाव पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी। यह कमेटी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप चुकी है। 191 दिनों तक विशेषज्ञों और स्टेक होल्डर्स से चर्चा के बाद कमेटी ने 18 हजार 626 पन्नों की रिपोर्ट दी है। इसमें सभी राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाकर 2029 तक करने का सुझाव दिया गया है, जिससे लोकसभा चुनाव के साथ ही इनके चुनाव भी कराए जा सकें। पहले फेज में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो सकते हैं। दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के चुनाव हो सकते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को सिंगल वोटर लिस्ट तैयार करना भी चुनौतीपूर्ण होगा। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि देशों में भी है। एक देश एक चुनाव करवाने के लिए तीन संवैधानिक शर्तों को पूरा करना होता है। पहला-संविधान में कम से कम पांच संशोधन हों। दूसरा-कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों को भी संवैधानिक संशोधनों पर रजामंदी देनी होगी और तीसरा- संवैधानिक संशोधनों के साथ संसद में बहुमत से बिल को पास करवाना होगा। एक देश एक चुनाव कहने को तो जितना आसान है, लेकिन यह मोदी सरकार के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध हिंदी हास्य कवि

काका हाथरसी भारत के प्रसिद्ध हिंदी हास्य कवि थे। उन्हें हिंदी हास्य व्यंग्य कविताओं का पर्याय माना जाता है। काका हाथरसी की शैली की छाप उनकी पीढ़ी के अन्य कवियों पर तो पड़ी ही थी, वर्तमान में भी अनेक लेखक और व्यंग्य कवि काका की रचनाओं की शैली अपनाकर लाखों श्रोताओं और पाठकों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी रचनाएं समाज में व्याप्त दोषों, कुरीतियों, भ्रष्टाचार और राजनीतिक कुशासन की ओर सबका ध्यान आकृष्ट करती हैं। भले ही काका हाथरसी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी हास्य कविताएं, जिन्हें वे 'फुलझड़ियां' कहा करते थे, सदैव हमें गुदगुदाती रहेंगी। काका हाथरसी का जन्म उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवलाल गर्ग और माता का नाम बरफी देवी था। जब वे मात्र 15 दिन के थे, तभी प्लेग की महामारी ने उनके पिता को छीन लिया और परिवार के दुर्दिन आरंभ हो गए। भयंकर गरीबी में भी काका ने अपना संघर्ष जारी रखते हुए, छोटी-मोटी नौकरियों के साथ ही कविता रचना और संगीत शिक्षा का समन्वय बनाए रखा। वैसे तो काका हाथरसी का असली नाम तो 'प्रभूलाल गर्ग' था, लेकिन उन्हें बचपन में नाटक आदि में भी काम करने का शौक था। एक नाटक में उन्होंने 'काका' का किरदार निभाया और बस तभी से प्रभूलाल गर्ग 'काका' नाम से प्रसिद्ध हो गए। चौदह साल की आयु में काका फिर अपने परिवार सहित इगलास के हाथरस वापस आ गए। यहां उन्होंने एक जगह 'मुनीम' की नौकरी कर ली। ■



काका हाथरसी
जन्म : 18 सितंबर, 1906
मृत्यु : 18 सितंबर, 1995

## अपनी बात

सुबह की सैर का महत्व केवल किताबों और पत्रिकाओं में पढ़ा जाता है या डॉक्टरों या सलाहकारों से सुना जाता है, लेकिन सुबह की सैर के प्रभावों को तभी महसूस किया जा सकता है जब आप इसे अपनी आदत बना लें। यह एक स्वस्थ और उचित शेड्यूल बनाए रखने में मदद करता है और हमारे मूड को तरोताजा रखता है। यहां कुछ विचार दिए गए हैं कि आप सुबह की सैर पर अपने पैराग्राफ में क्या शामिल कर सकते हैं। आप बता सकते हैं कि आप अकेले जाते हैं या अपने दोस्तों/भाई-बहनों/माता-पिता के साथ। आप बता सकते हैं कि आप कब और कहां टहलने जाते हैं, आप वहां कितना समय बिताते हैं, अगर आप वास्तविक दिखना चाहते हैं, तो इसे पहले व्यक्ति के दृष्टिकोण से लिखें और अपने पाठकों को दिखाएं कि जब आप सुबह की सैर पर जाते हैं तो आप क्या अनुभव करते हैं। अगर आप सुबह की सैर पर एक सामान्य पैराग्राफ लिख रहे हैं, तो तीसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण का उपयोग करें। आप सुबह की सैर के लाभों के बारे में लिख सकते हैं और अपने पाठकों को यह भी बता सकते हैं कि अगर वे सुबह की सैर करें तो उन्हें कैसा महसूस होगा। **निशा चौहान,कियोड़िया**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# महालक्ष्मी गारंटी योजना बनी कांग्रेस की मुसीबत

लोकसभा चुनावों में तीसरी बार अपनी नैया पार लगाने को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी महालक्ष्मी गारंटी कार्ड योजना अब उल्टा उसके गले की फांस बन चुकी है। कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनावों में बहुमत हासिल करती, तो अवश्य ही देश की करोड़ों गरीब महिलाओं के खातों में 1 जुलाई से खटाखट पैसे आना शुरू हो जाने थे। गनीमत यह कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन बेशक भाजपा 4 सौ पार का आंकड़ा विफल करने में कामयाब बनी है। अब हालात ऐसे बनते जा रहे है कि महिलाएं महालक्ष्मी गारंटी कार्ड लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यालयों का दरवाजा खटा खट खड़का रही हैं। कांग्रेस पार्टी तीसरी बार भी लोकसभा चुनावों में सेंचुरी नहीं बना पाई है। कांग्रेस का आगामी लोकसभा चुनावों में क्या विकल्प रहेगा, आगामी भविष्य ही बताएगा। मीडिया रिपोर्ट अनुसार प्रचंड गर्मी में उत्तर प्रदेश, बंगलुरु में विशेषकर मुस्लिम महिलाएं महालक्ष्मी गारंटी कार्ड लेकर पैसों के लिए रोजाना कांग्रेस कार्यालयों में दस्तक दे रही हैं। महिलाओं का तर्क वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आश्वासन दिया था कि वह कांग्रेस पक्ष में अपना मतदान करने पर उनके खाते में 1 जुलाई से 8,500 रुपए आना शुरू हो जाएंगें।

महिलाएं अपने बच्चों को घर छोड़कर महालक्ष्मी गारंटी योजना का कार्ड हाथों में लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यालयों समक्ष अपनी धोखाधड़ी की व्यथा मीडिया को सुना रही हैं। कांग्रेस वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावी सभाओं में एलान किया था कि देश में कांग्रेस सरकार बनते ही करोड़ों महिलाओं के बैंक खातों में 1जुलाई से 8,500 रुपए प्रत्येक महीने जादुई तरीके से खटा खट आना शुरू हो जाएंगें। यही नहीं खटा खट का यह क्रम निरंतर जारी रहकर महिलाओं के खातों में एक साल का एक लाख रुपया जमा किया जाएगा। लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की तमाम चाल सफल बनी, मगर महालक्ष्मी गारंटी कार्ड योजना उल्टा उसके लिए मुसीबत बन चुकी है। राहुल गांधी इन चुनावों में बहुत बड़े चाणक्य बनकर निकले की जनता को संविधान खतरे में बताकर उनका मत लेने में कामयाब बने। कांग्रेस पार्टी कार्यालयों में गारंटी पैसे लेने को लेकर जाने वाली महिलाओं को कौन समझाए की कांग्रेस पार्टी को सरकार बनाने का बहुमत नहीं, इसलिए उन्हें सन 2029 का इंतजार करना होगा। राहुल गांधी ने गरीब महिलाओं को चुनावी रैलियों में विश्वास इस कदर मजबूत बंधाया कि उनके बैंक खातों में 1 जुलाई से पैसे खटा खट आने शुरू हो जाएंगें।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी महालक्ष्मी गारंटी कार्ड के जरिए मुस्लिम गरीब महिलाओं ने उनके पक्ष में मतदान करवाया जाना खरीदों फरोख्त समझा जाए? महिलाओं के साथ की गई धोखाधड़ी मानी जाए, यह तय करना देश के चुनाव आयोग का काम है।

मतदान गुप्त किया जाता और जिस तरह महिलाएं अपने साथ हुई ठगी की दास्तान सुना रही यह सुखद संकेत नहीं है। गरीब महिलाओं की भवनाओं से खिलवाड़ करके उनसे अपनी पार्टी पक्ष में मतदान करवाना सफल लोकतंत्र के लिए घातक है। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र खतरे में बताकर केंद्र सरकार के खिलाफ मुद्दा बनाया था। महालक्ष्मी योजना गारंटी कार्ड उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने इस कदर वितरित किया कि गरीब महिलाएं कांग्रेस पार्टी के बहकावे में फंसकर रह गई हैं। महालक्ष्मी गारंटी कार्ड योजना का कार्ड लेकर महिलाएं जिस तरह पार्टी कार्यालयों समक्ष धावा बोल रही उससे पार्टी की साख धूमिल हुई है। कांग्रेस पार्टी लगातार भाजपा मुकबले लोकसभा चुनावों में 2 सौ सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है।

भाजपा ने 241 सीटें जीतकर अपने सहयोगी दलों से मिलकर अपना सन 2019 का आंकड़ा जुटाकर केंद्र में अपनी तीसरी बार सरकार बनाने में सफलता पाई है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा के खिलाफ कई टिप्पणियां करके दिल को तस्सली दे रहे हैं। सन 2029 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के पास क्या विकल्प रहेगा, इस पर मंथन करना जरूरी है। इंडिया गठबंधन बनाकर भी 223 सीटों तक पहुंचना बहुत ही शर्मनाक बात है। हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को 15 सौ रुपए प्रत्येक महीने दिए जाने को लेकर की गई घोषणा उपरांत सुख की सरकार बनाई थी। सुख की सरकार ने 14 महीनों तक महिलाओं के खातों में एक पाई नहीं डाली। लोकसभा चुनावों का डंका बजते ही कांग्रेस ने एक बार फिर इस योजना का जिन्न निकाल दिया था। राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश में हुई चुनावी रेलियों में करोड़ों गरीब महिलाओं के खाते में एक साल का एक लाख रुपए डाले जाने का उन्हें सब्जवाग दिखाया। हिमाचल प्रदेश की खासकर महिलाएं सजग निकली, जो समझ गई कि कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल पुरानी घोषणा को अमलीजामा नहीं पहनाया, तो आगामी एक लाख रुपए जादुई तरीके से आने की क्या गारंटी रहेगी। राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों में कई योजनाएं लागू किए जाने का दावा किया जाता है। चुनाव अपने पक्ष में लिए जाने के लिए महिला मतदाताओं को 8,500 रुपए का प्रलोभन दिया जाना बिलकुल गलत है। कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा चुनावों की बेला पर दावा किया कि प्रत्येक महिला को एक महीने का 15 सौ रुपए उसके खाते में डाला जाएगा। कहने का भाव यह कि अगर एक घर में 4 महिलाएं तो उन्हें 6 हजार रुपए दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने इस योजना के सहारे प्रदेश में सुख की सरकार बनाई।

इस योजना का असली ड्राफ्ट जब महिलाओं समक्ष आया तो कइयों ने दातों तले ऊंगली दवाई थी। कुछेक महिलाओं को इस योजना के तहत 15 सौ रुपए मिलने का भरोसा सुख की सरकार ने दिया था। भारतीय लोकतंत्र का डंका हम पूरे विश्व में बजाते हैं। गरीबी किसी अभिशाप से कम नहीं होती है। गरीब जनता का धर्म, देश, पार्टियों से ज्यादा सरोकार नहीं होता है। आज उत्तर प्रदेश में मुस्लिम महिलाएं जिस तरह कांग्रेस द्वारा जारी महालक्ष्मी गारंटी कार्ड लेकर इधर उधर भटक रही, उससे हमारे देश के लोकतंत्र की सच्चाई सामने आती है। कांग्रेस पार्टी ने आजादी उपरांत दशकों तक देश पर राज किया है। भाजपा की केंद्र में विराजमान रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार भी गरीबों का विकास किए जाने को लेकर बड़े दावे करती रही है।

धार्मिक आस्था के आगे पेट की आग बहुत बड़ी साबित हुई है। गरीब मुस्लिम महिलाओं ने महालक्ष्मी गारंटी योजना से प्रभावित होकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टियों को अपना मत दिया, तो उसमें हमारी सरकारों की नाकामी भी शामिल रही है। देश की राजनीति में सत्ता तक पहुंचाने वाले उत्तर प्रदेश की महिलाएं इतनी भोली भाली की उन्हें इस बात का आभास नहीं कि कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला इसलिए महालक्ष्मी गारंटी कार्ड अब उनके लिए कचरे का टुकड़ा बनकर रह गया है। क्या ऐसा मान लिया जाए कि राहुल गांधी मुस्लिम महिलाओं में इस योजना को लेकर अटूट विश्वास बांधने में सफल बने थे। उत्तर प्रदेश राज्य में लोकसभा की 80 सीट होने कारण केंद्र में सरकार बनाने में अहम योगदान रहता है। इंडिया गठबंधन इस बार भाजपा को पटखनी किस तरह दे पाया इसकी चर्चा खूब है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# संस्कारों से बड़ी कोई पूंजी नहीं

संस्कार अनमोल पूंजी है बेशक आप कितने भी रईस हैं जब तक संस्कार नहीं है, तब तक आपका जीवन शून्य है। संस्कार विरासत में मिलते हैं, संस्कार किसी बाजार में नहीं बिकते, पैसे से नहीं खरीद सकते, संस्कारों से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती। संस्कार हैं तो आप बहुत धनी हो, क्योंकि संस्कार परवरिश की झलक होते हैं। संस्कारी लोग कभी भी गलत राह पर नहीं चलते सदैव अच्छी राह पर चलते हैं। संगत का असर होता है जैसी संगत वैसी रंगत होती है। संस्कार घर से मिलते हैं, लेकिन आज समय बहुत ही विकट होता जा रहा है। संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है और जनाजा निकाला जा रहा है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह बहुत ही त्रासदी है इस त्रासदी को रोकना होगा। संस्कार बहुत जरूरी हैं संस्कार से बढ़कर कुछ नहीं है। अच्छे संस्कार अनमोल पूंजी है। अच्छी संगत में रहो जीवन बदल जाता है, अच्छी सोच रखो सबका अच्छा कीजिए। सकारात्मक विचार रखो। मानव ,मानव से भेदभाव कर रहा है । ऊंच-नीच का तांडव हो रहा है। खून का रंग एक है फिर भी यह भेदभाव क्यों। यह बहुत गहरी खाई है इसे पाटना सबसे बड़ा धर्म है । आज लोग विलासिता पर हजारों -लाखों रुपए पानी की तरह बहा देते हैं, मगर किसी भूखे को एक रोटी नहीं खिला सकते। शराब पर पैसा उड़ा रहे हैं । अनैतिक कार्यों से पैसा कमा रहे हैं। पैसा पीर हो गया है। मानव आज प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहा है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती, प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतघ्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे हैं। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए।

प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा हैं। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इनसान को गिरा सके, इनसान, इनसान द्वारा ही गिराया जाता है । ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है मानव सेवा ही नारायण सेवा है। यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए। भगवान की लाठी जब पड़ती है, तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है।

इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है इनसान खुदगर्ज बनता जा रहा है। मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि जहां 100 में से 80 लोग भूखे मरते हों वहां शराब पीना गरीबों के खून पीने के बराबर है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए, तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर, जो आनंद प्राप्त होगा वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है, जो भेदभाव नहीं करती ,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



## कर लो गौर

राकेश डोगरा

*आज रहीं न कल की बातें*
*कल होंगी कुछ और,*
*ऐसे ही चल रहा जमाना*
*कर लो इस पर गौर।*
*खोजने पर भी नहीं मिलेगी*
*ईमानदारी की चाबी,*
*आज खुला है हरेक घर में*
*बेइमानी का डोर।*
*गरीब बेचारा कड़ी मेहनत कर*
*अपना पेट न पाल सके,*
*दौलत राम का डॉगी नाश्ते में*
*खाए चिकन रोल।*
*देशभक्ति की रचना 'राकेश'*
*सब कम सुनना चाहें,*
*जिसमें हो दिलदार की बातें*
*बोलें वंस मोर।*

# हिमाचल प्रदेश में बढ़ती शतरंज की लोकप्रियता

बेशक शतरंज खेल को मस्तिष्क की व्यायामशाला कहें या मानसिक संवर्धन का खेल-भारतीय मूल से उपजे इस खेल का प्रचलन विश्व के लगभग दो सौ देशों में हो चुका है और आज भारतीय युवा विश्व पटल पर भारतीय का भारतीय शतरंज का डंका बजा रहे हैं। श्रीलंका कॉमनवेल्थ खेलों में 107 मेडल -क्लासिकल, रैपिड व ब्लीट्ज़ स्पर्धाओं में भारतीय युवाओं ने प्राप्त किए। पैंतालीसवां शतरंज ओलंपियाड 10 से 23 सितंबर तक बुडापेस्ट में चल रहा है। जिसमें पुरुष वर्ग में 197 टीम व महिला वर्ग में 183 टीम शिरकत कर रही है । ओपन वर्ग में 975 व महिला वर्ग में 909 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

भारतीय पुरुष टीम दूसरी वरीयता प्राप्त है जबकि महिला टीम को शीर्ष वरीयता प्राप्त है। दोनों टीमें, तीसरे दौर की बाजी में-पुरुष वर्ग ने हंगरी को 3.5-0.5 से हराया व महिला वर्ग ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। दोनों टीमें चौथे दौर की बाजी तक बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। चौथे दौर की बाजी में पुरुष वर्ग ने सर्बिया को 3.5-0.5 से हराया तो वहीं महिला वर्ग ने फ्रांस को 3.5-0.5 से हराया। सभी भारतीयों को दोनों टीमों से बेहतर प्रदर्शन की पूर्ण उम्मीद है। वही भारतीय युवा डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए सबसे युवा दावेदार हैं जो पूर्व चैंपियन डींग लिरेन के साथ 25 नवंबर 2024 से 13 दिसंबर 2024 तक सिंगापुर में यह बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलेंगे। यदि गुकेश यह मुकाबला जीत जाते हैं तो आनंद के बाद दूसरे भारतीय विश्व चैंपियन व विश्व के सबसे युवा चैंपियन का खिताब अपने नाम करेंगे । 29 मई, 2006 को जन्मे 18 वर्षीय डी गुकेश कैंडिडेट्स के सबसे युवा विजेता बनने का कीर्तिमान पहले ही बना चुके हैं। आज पूरे विश्व के युवा, इन भारतीय युवा खिलाड़ियों को अपना आदर्श मान रहे हैं और माने भी क्यों नहीं? भारतीय युवाओं के लिए तो डी गुकेश ,आर प्रगनानंधा, अर्जुन एरिगासी व निहाल सरीन जैसे कई युवा पहले से ही प्रेरणा स्रोत बने हैं।

यह सब एकाएक नहीं हुआ-इन सबकी कामयाबी के पीछे कई महत्वपूर्ण कारक जुड़े हैं जैसे माता-पिता का सहयोग, खेल संघों का समर्थन, इनके कोचिज की भूमिकाव अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं हेतु स्पांसरशिप इत्यादी। एक बात हैरान जरूर करती है कि हमारे देश में खेल प्रतिभाओं को स्थानीय सरकार व केंद्र की सरकारें तब तवज्जो देने लगती है जब कोई खिलाड़ी विश्व पटल पर चमकने लगता है। खिलाड़ियों को स्कूली स्तर पर ही उसके खेल हुनर को तराशने की तवज्जो दी जानी चाहिए।



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

बात करना चाहूंगा-हिमाचल प्रदेश में बढ़ती शतरंज की लोकप्रियता की। रोचक पहलू यह है कि लगभग वर्ष 2005 में शतरंज का खेल स्कूली स्पर्धाओं से गायब ही हो गया था। शायद इसके भी कुछ कारण रहे होंगे- जैसे कि यह एक तकनीकी खेल है और योग्य व तकनीकी शिक्षक की गैर मौजूदगी भी एक कारण हो सकता है। 3 जून 2018 को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हंसराज ठाकुर व राजकुमार शर्मा ने तत्कालीन निदेशक प्रारंभिक शिक्षा के मार्गदर्शन में पहली शतरंज प्रतियोगिता संचालित की।

तत्पश्चात छह बार ऐसे आयोजन पुरुष व महिला वर्ग कर्मचारियों के लिए शिक्षा निदेशालय में हुए। यही से हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में स्कूली शतरंज खेल की पुन: नींव रखी गई। प्रदेश के सभी शतरंज प्रेमी शिक्षक साथ जुड़ते चले गए और वर्ष 2019 तक उच्च शिक्षा विभाग तक यह शतरंज की मसाल- कक्षा से आठवीं के बाद पहुंच गई। उच्च शिक्षा निदेशक ने पहली बार बतौर ट्रायल इसे अंडर 19 खेलों में हमीरपुर राज्य स्तरीय खेलों में शामिल किया। जिसमें प्रदेश के 11 जिलों से (लाहौल स्पीति को छोड़कर) लगभग एक सौ चार खिलाड़ियों ने शिरकत की। फिर शतरंज खेलने हिमाचल प्रदेश स्कूली खेलों में पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। आज जहां कुछ खेलों में जिला स्तर पर चार-पांच ब्लॉक ही शिरकत कर पाते हैं, वही शतरंज खेल में 22-23 ब्लॉक के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और अभी तक शतरंज खेल प्रेमी शिक्षक ही इसे प्रदेश में चला रहे हैं। प्रदेश में खेल प्रतियोगिताओं का सही समय निर्धारण एक बड़ी समस्या रहती है।

कई बार खेल स्पर्धाएं मात्र औपचारिकता बनकर रह जाती है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश शतरंज के युवा खिलाड़ी अधिकतर 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में हैं और स्कूली तथा ओपन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें 14 वर्षीय अतिक्ष ठाकुर हिमाचल का सर्वाधिक रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी है और सुर्यांश वर्मा , जतिन शर्मा, प्रियांशु ठाकुर, प्रणव कुमार,सम्राट सोनी, रितेश भारद्वाज, दुष्यंत सिंह, उज्ज्वल शर्मा, आमिश सूद, अनीश सूद, उदयवीर सिंह,माधव गर्ग, चिराग फांडा, अर्णव बेक्टा, मोक्ष, कनिष्क शर्मा, दिव्यन्श धीमान व सूर्य बहाल जैसे कई युवा खिलाड़ी रेटिंग प्राप्त व बढ़िया खेल प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं महिला वर्ग में प्रांजलि शर्मा, सुर्यांशी शर्मा, सस्मिता ठाकुर, चंद्रिका, मायरा, गुंजन, केशवी, श्रीया गुलेरिया, पलक ठाकुर, श्रेयल वर्मा सहित अनेक खिलाड़ी यूनिवर्सिटी व स्कूली स्तर पर हिमाचल शतरंज को एक अलग पहचान दिला रही है।

आज हिमाचल प्रदेश में दो फीडे आर्बिटर सहित 20 से अधिक सर्टिफाइड आर्बिटर हैं। जिसमें मुख्यत: राज कुमार शर्मा व हंसराज ठाकुर पिछले 10-12 वर्षों से प्रदेश में ओपन शतरंज स्पर्धाएं प्रायोजित करवाते आएं हैं और वर्ष 2018 से नैना देवी, विकास धीमान, चंदन सहगल, जगदीश कुमार जैसे अन्य शिक्षकों के सहयोग से स्कूली शतरंज को निरंतर बढ़ावा दे रहे हैं मगर शिक्षा विभाग को चाहिए कि प्रदेश के सबसे लोकप्रिय स्कूली खेल में शारीरिक शिक्षकों की भूमिका भी सुनिश्चित हो। आज हिमाचल के युवा बेशक प्रदेश के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए हैं और प्रदेश के पुराने शतरंज खिलाड़ियों को मात देकर बहुत आगे निकल चुके हैं।

मगर अब उन्हें प्रशिक्षण की सख्त आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूली खेलों में प्रदेश के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि शिक्षा विभाग व सरकारें- इन युवाओं को समय रहते शीर्ष प्रशिक्षण प्रदान करना शुरू कर दें, तो निकट भविष्य में कोई अंतरराष्ट्रीय मास्टर या ग्रैंडमास्टर भी प्रदेश से निकल सकता है। हालांकि प्रदेश शतरंज संघ भी इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है और कई रेटिड टूर्नामेंट प्रदेश में लगातार हो रहे हैं। जिससे भी युवाओं का मनोबल बढ़ रहा है। बस संघ की तरफ से भी प्रशिक्षण की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदेश के युवा निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सरकार छात्राओं को आत्मरक्षा के क्षेत्र में भी बनाए मजबूत

जिस प्रकार छात्रों के जीवन में शिक्षा अति आवश्यक मानीं जाती हैं, जिस शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है, उसी प्रकार वर्तमान में छात्रों एवं युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने की भी मानों परम आवश्यकता हैं, साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार से भी निवेदन और आग्रह रहेगा कि खेल के साथ-साथ छात्रों को आत्मरक्षा के गुर सीखाने की ओर प्रयास किए जाएं, क्योंकि जिस प्रकार देश एवं प्रदेश में स्कूली छात्राओं से लेकर कालेज की लड़कियों के साथ छेड़खानी एवं विभिन्न घटनाएं घट चुकी है, जिसका ताजा उदाहरण कोलकाता में हुई शर्मनाक घटना हर भारतवासी के लिए बहुत ही लज्जा की बात है।

इन सब घटनाओं के होने से कहीं न कहीं देश सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है, तो वहीं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को भी कहीं न कहीं बेटियों की सुरक्षा और मान-सम्मान के प्रति कड़े कदम उठाने की परम आवश्यकता है, देश को आजाद हुए 75वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं, जिसका केंद्र सरकार द्वारा अमृत महोत्सव भी देश-भर में मनाया जा रहा है, परंतु, जिस प्रकार अलग-अलग राज्यों में शर्मनाक घटनाएं हो रही है, वह बहुत ही चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। जिन घटनाओं से हिमाचल प्रदेश भी अच्छूता नहीं है।

हिमाचल प्रदेश में भी अनेक ऐसे जघन्य अपराध हुए हैं, जिसमें गुड़िया कांड शिमला जैसे घटना को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, इस प्रकार देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भी समय-समय पर इस प्रकार की शर्मनाक घटनाएं होती आ रही है, तो वहीं प्रदेश सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से भी छात्रों एवं युवाओं को विभिन्न आत्मरक्षा के गुर(कराटे) सीखाने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें जैसे प्रशिक्षण में आत्मरक्षा कौशल की प्रारंभिक स्थिति, ट्रिपल पंच, मिडिल पंच, सिंगल हैंड ग्रिप, चिन पंच, फेस पंच, चेस्ट अटैक, थाई डिफेंस, नेक अटैक, एल्बो अटैक, बैक साइड डिफेंस, रिब अटैक, फारवर्ड ब्लाक, मिडिल एब्डामिन किक, फ्रंट नेक ग्रिप, थाई किक, साइड एब्डामिनल, फेस किक, बैक नेक ग्रिप, नोज किक, चेस्ट किक, राउंड किक का प्रशिक्षण दिया जाएं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वहीं प्रशिक्षक के रूप में उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्ति किया जाएं। जैसा कि हम सभी को मालूम है कि इस प्रकार के आत्मरक्षा के गुर सीखाने के लिए फिलहाल प्रदेश सरकार कोई कार्य नहीं करती है, बल्कि विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के संगठन कार्यरत हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भी छात्रों एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए परीक्षणों एवं शिविरों का आयोजन करती आ रही है, जिन आयोजनों से छात्रों एवं युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाती है, जिसमें ब्लेक बेल्ट इत्यादि विजेताओं को पुरस्कृत किया जाता है,तो वहीं आत्मरक्षा के गुर सीखाने से छात्रों एवं युवाओं में शारीरिक सुरक्षा के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनते हैं, क्योंकि तत्पश्चात हर छात्रा किसी भी मुसीबत एवं समस्याओं से निजात पाने के लिए अपने आप सक्षम मानी जाएगी, तो वहीं हिमाचल प्रदेश सरकार को विभिन्न सरकारी शिक्षण संस्थानों में खासकर छात्राओं को आत्मरक्षा (कराटे) जैसे परीक्षणों को देना अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में हिमाचल प्रदेश इस प्रकार की खास पहल करने वाला प्रथम राज्य बनें।

इस प्रकार आज मीडिया बंधुओं के माध्यम से और जनता की मांग एवं भावनाओं के आधार पर प्रदेश सरकार से आग्रह रहेगा कि इस और विशेष ध्यान दिया जाएं और भविष्य में सरकार को इस क्षेत्र में सकारात्मक कदम उठाने की परम् आवश्यकता है, ताकि हिमाचल प्रदेश की बेटियों को काफी हद तक (आत्मरक्षित) अर्थात मजबूत बनाया जा सके, ऐसी उम्मीद और निवेदन हिमाचल प्रदेश सरकार से करते हैं। जो आज के परिप्रेक्ष्य में समय की भी कही न कही मांग मानी जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों की लंबाई व भार का किया मापन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा विकास खंड के तहत आंगनबाड़ी सर्कल ढेलू व मतेहड़ में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) चौंतड़ा बीआर वर्मा ने बताया कि पोषण माह अभियान के तहत आज आंगनबाड़ी सर्कल ढेलू व मतेहड़ में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें जहां सुपोषण के महत्व की जानकारी प्रदान की गई तो वहीं 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों की लंबाई तथा भार का मापन भी किया गया। सीडीपीओ ने बताया कि पोषण माह अभियान के तहत जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एनीमिया के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है तो वहीं पूरक पोषण आहार की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर बांटे फल



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सरकाघाट भाजपा मंडल ने नागरिक अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस कार्यक्रम की अगुवाई स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर ने की। विधायक ठाकुर ने बताया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज के प्रति सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल, महामंत्री पवन ठाकुर, जिला महामंत्री राजेंद्र भूट्टो, प्रेम कुमारी, प्रोमिला देवी मंडल प्रवक्ता विनय राणा समेत कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त किया डोनेट



**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जोनल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में युवा मोर्चा मंडी जिला के पांच मंडलों के युवाओं ने भाग लिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडी जिला के अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने देश में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसमें धारा 370,तीन तलाक जैसे कई अन्य मुद्दे शामिल हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें मंडी जिला के पांच मंडलों में अभी तक 50 यूनिट रक्त डोनेट कर चुके हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडी जिला की पूरी टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उनके अच्छे स्वास्थ्य और मंगल जीवन की कामना करती है।

### रामलीला मंचन में बड़े कलाकार करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** श्री रामलीला मंचन के 25वें संस्करण के लिए जोगिंद्रनगर में तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को रामलीला मैदान में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष मंचन में करीब 100 कलाकार भाग लेंगे। राम, लक्ष्मण, सीता और रावण जैसे मुख्य किरदारों के लिए ऑडिशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस बार के मंचन में प्रमुख भूमिकाओं के लिए नए कलाकारों के साथ-साथ प्रदेश के बड़े नामों को भी शामिल किया जा रहा है। विशेष रूप से लंकापति रावण की भूमिका के लिए बड़े कलाकारों को चुना जा रहा है। मंच के आयोजन ने बताया कि इस साल स्थानीय कलाकारों को भी रामलीला मंचन में अपनी कला दिखाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

### सीनियर सिटीजन होम देहरी में बुजुर्गों को बांटे फल



**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सुंदरनगर ने सेवा पखवाड़े का शुभारंभ कर दिया है। इस मौके पर विधायक सुंदरनगर एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश जंवाल ने सीनियर सिटीजन होम देहरी में बुजुर्गों को फल बांटे। इसके साथ राकेश जंवाल ने नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और सिनियर सिटीजन होम देहरी के अध्यक्ष डॉ. पदम सिंह गुलेरिया द्वारा अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी के जीवन पर प्रकाश डाला। राकेश जंवाल ने कहा कि आज पीएम मोदी पर पूरे विश्व की नजर है। भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी।

### जागरूकता ही आपदा के प्रभाव को कर सकती है कम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आपदा जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय सुंदरनगर के सभागार में तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन और प्रशिक्षिण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने कहा कि लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करके ही प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से 19 सितंबर तक चलेगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में सुंदरनगर उपमंडल की निहारी, जड़ोल, बायला, अरठी और चमुखा पंचायतों के टास्क फोर्स युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा उन्हें आपदा प्रबंधन संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

### चड़याणा में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण



**मंडी।** एक पेड़ मां के नाम के तहत चंडीगढ़ मनाली फोरलेन पर मलोरी-नेला टनल के पास चड़याणा में एनएचएआई की मंडी ब्रांच के परियोजना निदेशक वरुणचारी व अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। यह पौधरोपण कार्यक्रम वर्चुअली प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ जोड़कर संपन्न हुआ। इस मौके पर अभियंता अशोक कुमार झा, अमित ठाकुर, हिमांशु कपूर, कुलदीप ठाकुर, और शमशेर आदि भी उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा मोरया...

## गुलाल से सराबोर हुई सुकेत की धरा



गणपति विसर्जन करते हुए लोग।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ...के जयकारों के साथ मंगलवार को सुंदरनगर उपमंडल में गणपति उत्सव गुलाल के रंगों के साथ संपन्न हो गया।

इस मौके पर गणेश उत्सव कमेटी चांबी, केंद्रीय विद्यार्थी संगठन नेरचौक, महाकाल मंदिर कमेटी नेरचौक, गणेश उत्सव एवं समाज कल्याण समिति धनोटू, गणेश उत्सव कमेटी महादेव, गणेश उत्सव कमेटी धारंडा,गणेश उत्सव कमेटी बीबीएमबी कॉलोनी, गणपति उत्सव कमेटी जयदेवी,गोपाल मंदिर कमेटी भोजपुर और गणपति बप्पा मोरया कमेटी भोजपुर ने प्रशासन की ओर से निर्धारित विसर्जन के समय पर गणपति की मूर्तियों का विसर्जन किया। सबसे पहले गणेश उत्सव कमेटी चांबी ने बीएसएल जलाशय में विधिवत तौर पर गणपति विसर्जन किया। इससे पूर्व गणपति उत्सव को लेकर बनी हुई स्थानीय कमेटियों के पदाधिकारियों और भक्तजनों ने शोभा यात्राओं के माध्यम बीएसएल जलाशय पर मौजूद निर्धारित विसर्जन स्थान पर पहुंचाया।

सबसे पहले नेरचौक गणपति कमेटी ने विसर्जन किया। इस मौके पर गोपाल मंदिर कमेटी के प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

### विभाग रहे मुस्तैद

बीएसएल जलाशय में गणपति विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की गई थी। इसको लेकर प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड और बीबीएमबी प्रबंधन के कर्मचारी मौके पर मुस्तैदी से मौजूद रहे। स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर की टीम भी मौजूद रही। वहीं प्रशासन द्वारा अग्निशमन वाहन और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### गोताखोर रहे मौजूद

**गणपति** विसर्जन को लेकर माहुंनाग डाइविंग एसोसिएशन सुंदरनगर के 5 सदस्य टीम मौके पर मौजूद रहीं। माहुंनाग डाइविंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवराम ने बताया कि धार्मिक आयोजनों के दौरान काफी अधिक मात्रा में लोग जलाशय के किनारे इकट्ठा होते हैं।

## जोगिंद्रनगर में गणेश घाट में किया विसर्जन



विसर्जन से पहले शोभायात्रा की तस्वीर।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंदरनगर उपमंडल शहर में 10 दिन तक गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। स्थापित गणपति प्रतिमाओं को मंगलवार को बडोण स्थित गणेश घाट में सैकड़ों लोगों ने गणेश विसर्जन किया।

अप्रिय घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन और दमकल विभाग ने पुख्ता प्रबंध किए थे। शहर के तीन पंडालों से गणपति की प्रतिमाओं को फूलों से सजे विशेष रथ में विराजमान कर गणपति बप्पा के जयकारों से शोभायात्रा निकाली गई।

शहर के मुख्य बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक, रामलीला मैदान, लक्ष्मी बाजार से गणपति की शोभायात्रा के दौरान काफी संख्या में भीड़ उमड़ी।

# अस्पतालों में क्यूआर कोड स्कैन करने पर बनेगी पर्ची



अस्पताल में पर्ची बनाने के लिए लगी लोगों की लंबी लाइन।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश के अस्पतालों में इलाज करवाने आए मरीजों अब पर्ची बनाने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। अब पर्ची काउंटर पर पहुंचते ही पर्ची झट से बन जाएगी, जिसके लिए बस एक क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।

जानकारी देते हुए सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन सिंह ठाकुर ने बताया कि पर्ची बनाने के लिए आपको मोबाइल फोन पर 'आभा' ऐप डाउनलोड करके मरीज का अकाउंट खोलना होगा। इसके बाद काउंटर पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा, जिसके बाद

### मंडी और सुंदरनगर में सुविधा मिलना शुरू

एक घंटे के लिए एक टोकन नंबर जनरेट होगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद पर्ची काउंटर पर सिर्फ टोकन नंबर, पिता का नाम और जिस विभाग में मरीज को दिखाना है, ये सभी जानकारी देनी होगी और आपकी पर्ची बन जाएगी। चमन ठाकुर ने बताया कि क्यूआर कोड को भविष्य में पर्ची बनाने के लिए मोबाइल की गैलरी सेव कर भी रखा जा सकेगा। जब भी पर्ची बनानी हो तो आभा ऐप में क्यूआर कोड को स्कैन किया, टोकन नंबर लिया और आपकी पर्ची बन कर तैयार हो जाएगी।

## साईगलू क्षेत्र में19 को बिजली रहेगी बंद

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुक्म चंद ने बताया कि कार्य के चलते 19 सितम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक गांव खपरेहड़ा, भलेड़, तरनोह, घेरू, नेरन, ठाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## मेघ सिंह बने माता भैरवा मंदिर विकास कमेटी बडाणू के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



माता भैरवा मंदिर विकास कमेटी के सदस्य।

मंडी कुल्लू मार्ग पर बसे सात मील बडाणू कस्बे के प्राचीन व प्रख्यात माता भैरवा मंदिर की विकास कमेटी का नए सिरे से गठन किया गया।

सात मील बडाणू के समस्त गांव वासियों द्वारा गठित विकास कमेटी के चुनावों हेतु आयोजित बैठक में समस्त ग्रामवासियों ने भाग लिया व नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें मेघ सिंह को प्रधान, पवन शर्मा को उपप्रधान, सौरभ गुलेरिया महासचिव, जगदीश शर्मा कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार महासचिव द्वितीय, अमित गुप्ता व राजकुमार को सचिव चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में राजेश कुमार, रवि कुमार, नरेंद्र शर्मा, गगन, कृष्ण, नरेंद्र पाल, प्यारे लाल, तरूण गुलेरिया, शुभम, राकेश गुलेरिया, अजय गुलेरिया, तरूण कपिल, शेर सिंह, पंकज शर्मा व अंजू शर्मा को चुना गया।

## मस्जिद के नीचे मंदिर के अवशेष, खुदाई की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मस्जिद की खुदाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए शहर के लोग।

मंडी के स्थानीय निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन मंडी से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय निवासियों ने जिला उपायुक्त से मांग की है कि जो जेल रोड में अवैध मस्जिद है वहां पर पुरातत्व विभाग के निरीक्षण में खुदाई करवाई जाए तो वहां पर हिंदू मंदिर होने के अवशेष मिलेंगे।

### लोगों ने डीसी मंडी को सौंपा ज्ञापन

स्थानीय निवासी गगन प्रदीप बहल ने कहा कि जेल रोड में हाल ही में अवैध मस्जिद को पीडब्ल्यूडी की भूमि पर कब्जे से मुक्त कराई गई है, वहां पर सड़क को चौड़ी करने से पहले उस स्थान को समतल करते हुए और जमीन के तीन फूट नीचे खुदाई पुरातत्व विभाग के निरीक्षण में की जाए। राजाओं के समय उस जगह पर ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार वहां हिंदू देव स्थल था और उस जगह पर हिंदू मंदिर होने के अवशेष मिल सकते हैं। लोगों ने डीसी से मांग की है कि शीघ्र ही उस जगह पर पुरातत्व विभाग के तत्वावधान में खुदाई करवाई जाए ताकि जमीन का जो रिकार्ड राजाओं के समय का बताया जाता है वह प्रमाणित हो सके। इस मौके पर कर्नल तारा प्रताप सिंह, अभिषेक, आशीष आधी मौजूद रहे।

## 20 को पेंशनर्स करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन 20 को प्रदेश सरकार के पेंशनरों के प्रति उदासीन रवैये को लेकर धरना-प्रदर्शन करेगी।

एसो. के महासचिव रोशन लाल कपूर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पिछले लंबे समय से सरकार अपनी वित्तीय समस्याओं को लेकर बात करने का समय मांग रही है। 15 सितंबर का वार्ता का समय मांगा गया था, लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई है। अब एसोसिएशन ने फैसला लिया है कि बीस सितंबर को 11 से 2 बजे तक मंडी के सेरी मंच पर प्रदेश स्तरीय रोष व धरना किया जाएगा।

## स्वच्छता को लेकर बच्चों ने ली शपथ

**नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय स्कूलों में स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई तथा बच्चों को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया गया।

क्रार्यक्रम के दौरान नगर परिषद नेरचौक के सफाई पर्यवेक्षक गोपाल शर्मा, उनकी टीम व स्थानीय स्कूल प्रधानाचार्य तथा ओम साई सेवा समिति के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। नगर परिषद के सफाई पर्यवेक्षक गोपाल शर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर से 2अक्तूबर तक वार्ड स्तर पर अभियान चलाया गया है।

## राज्य स्तरीय पखवाड़े में सुश्रुत को मिला तृतीय पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, मंडी**



स्कूल पहुंचने पर सुश्रुत को सम्मानित करते हुए।

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी सुश्रुत को शिमला गेयटी थियेटर में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के हिंदी अध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर भाषा विभाग द्वारा 12 से 14 सितंबर तक राज्य स्तरीय हिंदी भाषण, प्रश्नावली और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिला स्तर से जिला भाषा विभाग ने डीएवी मंडी के दो विद्यार्थियों क्रमश: पल्लवी प्रश्नावली में और सुश्रुत भाषण में, को चयनित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शिमला भेजा गया। जहां हिमाचल के सभी जिलों से लगभग 6 विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने आए थे।

इन विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में पल्लवी और भाषण में सुश्रुत ने जिला मंडी का प्रतिनिधित्व किया।

प्रधानाचार्य के एस गुलेरिया ने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के हिंदी विभाग सहित समस्त अध्यापकों और विद्यार्थी के अभिभावक को ढेर सारी बधाइयां दी।

## नगर निगम ने शुरू किया स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, मंडी**



निरीक्षण करते हुए महापौर व पौधारोपण करने के दौरान।

नगर निगम मंडी द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के कार्यक्रम का आगाज करते हुए नगर निगम मंडी की ठोस कचरा प्रसंस्करण स्थल पर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत व निगम के ठोस कचरा प्रसंस्करण स्थल पर शुद्ध हवा एवं हरियाली बनाए रखने के लिए पौधरोपण किया गया।

नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उक्त स्थल पर पार्षदों व कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा 60 पौधे लगाए गए।इसके अलावा महापौर द्वारा कूड़ा एकत्रित कर के ठोस कचरा प्रसंस्करण स्थल पर पहुंची गाड़ियों का भी निरीक्षण किया गया।

## वुशू एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने जीते 9 मेडल



भारतीय टीम के लीडर पीएन आजाद का स्वागत करते गणमान्य।

**आदर्श यादव, नेरचौक**

10वीं एशियन वुशू चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने 9 मेडल हासिल कर देश का नाम रोशन किया है।

इस दौरान भारतीय टीम के लीडर रहे महासचिव हिमाचल प्रदेश एवं उपाध्यक्ष भारतीय वुशू संघ पीएन आजाद का मंगलवार को वुशू एक्सीलेंस सेंटर में जोरदार स्वागत किया गया।

स्वागत में एक्सीलेंस सेंटर कंसा, वुशू संघ जिला मंडी तथा वुशू संघ सोलन के पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने पीएन आजाद का शॉल, टोपी एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## सैनिक कार्यालय में वेलफेयर अधिकारी की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



बैठक के उपरांत जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक।

सरकाघाट में भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सरकाघाट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैप्टन प्यार चंद ने की, जिसमें पूर्व सैनिक संघ के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान हेतु सरकाघाट के सैनिक कार्यालय में एक वेलफेयर अधिकारी नियुक्त करने की मांग उठाई गई। बैठक के दौरान, संघ के सदस्यों ने बताया कि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द होना आवश्यक है। इस दिशा में एक वेलफेयर अधिकारी की नियुक्ति से न केवल उनकी समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि सहायता भी प्राप्त होगी।

बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही सैनिक कल्याण कार्यालय में वेलफेयर अधिकारी की नियुक्ति के लिए औपचारिक मांग पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा।

## बीमा योजना के तहत कमला को मिले 2 लाख

**जोगिंद्रनगर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा द्रुब्बल ने गांव डुग की निवासी कमला देवी को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है।

यह राशि उनके पति राजमल की मृत्यु के उपरांत प्रदान की गई है, जिनका देहांत 10 फरवरी 2024 को बीमारी के कारण हुआ था। शाखा प्रबंधक बालकृष्ण ने बताया कि बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था।

**सावधान** बीमारियों से बचाव के लिए घर के पास घास, खरपतवार इत्यादि न उगने दें

# मानसून मौसम में स्क्रब टाइफस, मलेरिया व डेंगू से रहें सावधान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

बरसात के मौसम के दौरान मच्छरों तथा पिस्सुओं के काटने से मलेरिया, डेंगू व स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियां होने का ज्यादा खतरा बना रहता है। ऐसे में इन बीमारियों से बचाव को लोग घर के चारों ओर घास, खरपतवार इत्यादि न उगने दें, घर के अंदर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें तथा गड्ढों इत्यादि में पानी को जमा न होने दें ताकि उसमें मच्छर न पनप सकें।

इस संबंध में खंड चिकित्साधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने परामर्श जारी करते हुए आह्वान किया है कि बरसात में मलेरिया, डेंगू तथा स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों से बचाव को लोग विशेष एहतियात बरतें। इन बीमारियों से जुड़ा कोई भी लक्षण दिखे तो तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में जांच अवश्यक करवाएं।

उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिल्ज नामक मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर खड़े पानी में अंडे देता है तथा इस मच्छर के काटने से मलेरिया होने का खतरा बना रहता है।

व्यक्ति को मलेरिया होने पर ठंड लगकर बुखार आता है तथा समय पर मलेरिया का इलाज न हो तो यह कई बार जानलेवा भी साबित हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

### लोग साफ-सफाई का रखें ध्यान : डॉ. संजय

**डॉ.** संजय गुप्ता ने स्क्रब टाइफस, डेंगू व मलेरिया से बचाव को कुछ एहतियात बरतने की भी सलाह दी है। लोग अपने घरों के आसपास समुचित साफ-सफाई बनाए रखें, घर के चारों ओर घास, खरपतवार इत्यादि न उगने दें, घर के अंदर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें, पानी को गड्ढों इत्यादि में जमा न होने दें।

कीटनाशक दवा का छिड़काव करती बार विशेष एहतियात बरतें ताकि बच्चों, पालतू जानवरों इत्यादि को कोई नुकसान न हों। साथ ही लोग अपने बदन को ढक कर रखें तथा सप्ताह में कम से कम एक या दो बार कूलर, एसी तथा टंकी का पानी जरूर बदलें।

### डेंगू का समय पर हो इलाज



**इसी** तरह एडीज नाम मच्छर के काटने से डेंगू की बीमारी होती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देता है तथा दिन के समय काटता है। डेंगू होने पर पीड़ित व्यक्ति को तेज बुखार, जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द तथा आंतरिक रक्तस्त्राव होता है। डेंगू होने पर प्रभावित व्यक्ति के शरीर में प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है। समय पर डेंगू का ईलाज न हो तो यह भी जानलेवा साबित हो सकता है।

### जीवाणु के काटने से फैलता है स्क्रब टाइफस

**स्क्रब** टाइफस एक जीवाणु विशेष (रिकेटशिया) से संक्रमित पिस्सु (माइट) के काटने से फैलता है जो खेतों, झाड़ियों व घास में रहने वाले चूहों में पनपता है। शरीर को काटने पर यह जीवाणु चमड़ी के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है तथा स्क्रब टाइफस बुखार पैदा करता है जो जोड़ों में दर्द व कंपकंपी के साथ 104 या 105 डिग्री फोरेनहाइट तक जा सकता है। इसके अलावा शरीर में ऐंठन, अकड़न या शरीर टूटा हुआ लगना स्क्रब टाइफस के लक्षणों में शामिल है।

## तलवारबाजी में उत्कर्ष व याशिका ने जीता गोल्ड



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी आयोजकों और मुख्यातिथि के साथ ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला मंडी में तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता जिला मंडी तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष दर्शन ठाकुर ने की। प्रतियोगिता में अंडर-12, 14 व अंडर 17 आयु वर्ग तथा सीनियर वर्ग में लड़के और लड़कियों की प्रतिस्पर्धाएं करवाई गईं।

सीनियर वर्ग में लड़कों में एपी इवेंट में उत्कर्ष ने गोल्ड और दिव्यम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया, जबकि लड़कियों के साबरे इवेंट में याशिका ने गोल्ड, जबकि रिशिका ने सिल्वर मेडल जीता।

हिमाचल प्रदेश तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष शादी लाल गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि मदर्स आर्म स्कूल के एमडी निवास कपूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में रेफरी कन्हैया लाल और नेशनल खिलाड़ी आरूषि शर्मा ने रूपल आयोजन में अहम योगदान दिया।

**अज अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी मकरीडी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

| मिसल नं. | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 28 | 16.08.24 | 28.09.24 |

श्री धर्म चंद राणा पुत्र श्री गोविंद राम निवासी प्रैण उप-तहसील मकरीडी जिला मंडी (हि.प्र.) ....प्रार्थी

**बनाम**

आम जनता फरीक दोम

प्रार्थना पत्र सेहत नामा बारे।

श्री धर्म चंद राणा पुत्र श्री गोविंद राम निवासी प्रैण उप-तहसील मकरीडी जिला मंडी (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र गुजारा है, कि मेरा वास्तविक नाम धर्म चंद राणा है, जो प्रार्थी के स्कूल प्रमाण व आधार कार्ड में भी सही दर्ज है। लेकिन प्रार्थी का नाम राजस्व महाल लांगणा व महाल प्रैण में धर्म चंद दर्ज है। जो कि गलत दर्ज हुआ है। लिहाजा प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख महाल लांगणा व महाल प्रैण में धर्म चंद के स्थान पर धर्म चंद राणा दर्ज करने के आदेश पारित किए जावें।

अतः सर्व साधारण आम जनता को इस ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर/एतराज है, तो वह दिनांक 28.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता है। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 30.08.2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी मकरीडी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक बबलू ने आवंटित किए आवासों के स्वीकृति पत्र



**अनंत ज्ञान, जोल।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकास खंड बंगाणा में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की पड़ती 11 पंचायतों के 213 गरीब परिवारों को अपने घर बनाने का सपना पूरा करने के लिए करोड़ों रुपएकी धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक सुदर्शन बबलू ने विश्राम गृह जोल में आयोजित एक कार्यक्रम में पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र सौंपे।

### तलवारबाजी प्रतियोगिता 22 सितंबर से

**बड़ूही।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में इस बार जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 22 से 24 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। जिला फेंसिंग एसोसिएशन के प्रधान अमित ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए कई स्कूलों के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।

### रायपुर में रामलीला का मंचन 11 अक्तूबर से

**विनोद शर्मा, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के रायपुर मैदान में हर वर्ष की भांति इस बार भी रामलीला का आयोजन 3 से 11 अक्तूबर तक किया जा रहा है। रामलीला कमेटी के प्रधान उज्जवल परमार ने बताया कि अभ्यास शुरू हो चुका है। उपप्रधान पम्मी परमार ने बताया कि इस बार रामलीला का स्वरूप पहले की अपेक्षा से अलग ही देखने के लिए मिलेगा। निर्देशक ईश्वर शर्मा रामलीला में अभिनय करने वालों को बार-बार दिशा निर्देश दे रहे हैं ताकि स्थानीय युवा अपना अभिनय बखूबी से कर सकें तथा समाज में एक अच्छा संदेश प्रभु राम के प्रति जागृत हो। रामलीला के सचिव पम्मा राणा ने बताया कि शुरू से ही रामलीला में स्थानीय युवा ही बढ़-चढ़कर अपना अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं। संयोजक राकेश शर्मा ने कहा कि हमें प्रभु राम के आदर्शों पर चलना चाहिए और प्रभु राम नाम जप करने से मन को संतुष्टि मिलती है। रामलीला के सदस्य काला, मान सिंह, अमन, दीपू, दर्शन, राजू, नरेश शर्मा माखनु एवं लवली ने बताया कि कार्तिक परमार-राम, लवली शर्मा-लक्ष्मण, दीपक परमार-रावण, मान सिंह बंगा कुंभकर्ण, काला परशुराम का अभिनय, राजीव धीमान हनुमान, वंश ढिल्लों सीता का अभिनय करेंगे। इस रामलीला को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बंगाणा कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस और एनसीसी इकाई द्वारा 'स्वास्थ्य की सेवा है' कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया और छात्रों को स्वस्थ रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है। स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी और एनसीसी ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### चलेट में स्वयंसेवियों का पढ़ाया एकजुटता का पाठ



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय कन्या माध्यमिक पाठशाला चलेट में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। इसमें बाबा राकेश शाह जी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कैंप में छात्राएं हिस्सा ले रही हैं और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी एनएसएस समन्वयक द्वारा किया जा रहा है जिससे छात्राओं को ग्रुप में काम करने के लिए प्रेरणा मिलती है। बाबा राकेश शाह ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए अपने माता-पिता, गुरुओं और बड़ों की इज्जत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य बालक राम ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी मीना कुमारी और इंदु बाला सहित स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की रोष रैली पर चर्चा




**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला ऊना तथा ब्लॉक हरोली के अध्यक्ष पूर्व उप शिक्षा निदेशक हरमेश राणा की अध्यक्षता में हरोली ब्लॉक पेंशनर्स की विस्तारक कार्यकारणी की बैठक बीडीओ ऑफिस मीटिंग हाल हरोली में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार अपनी मांगों को मनवाने के लिए 20 सितंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाली रोष रैली के बारे में विचार-विमर्श किया गया। पेंशनर संघ का कहना है कि बार-बार याद करवाने के बावजूद सरकार ने मांगों पर विचार करने के लिए पेंशनर से बात करना भी उचित नहीं समझा, इससे प्रदेश के पेंशनर्स में सरकार के तानाशाही रवैया के कारण भारी रोष है। पेंशनर्स की संशोधित पेंशन की बकाया देनदारियां की दी जाएं। बैठक में दिलबाग सिंह, गुरचरण भट्टी, रमेश जसवाल, डीआर कुंडलस, कुबेर चौधरी, प्रताप सिंह, रमेश सलोह, तरसेम सिंह, नरेंद्र राणा, सुरेश मनकोटिया, नरेंद्र जीत, रूप सैनी, जरनैल सिंह, कुलदीप, मंगल, गुरदयाल बग्गा, जगत राम, प्रमिला, राजकुमारी, सुरजीत, ईश्वर, बंसीलाल, सुमेश कटवाल, सहित बड़ी संख्या में अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# श्री चिंतपूर्णी में 3 से 12 अक्तूबर तक मनाया जाएगा असूज नवरात्र मेला : डीसी

## उपायुक्त ने मेले के सफल संचालन के लिए अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**राजेश शर्मा, ऊना**

छिन्नमस्तिका धाम मंदिर माता श्री चिंतपूर्णी जी में 3 से 12 अक्तूबर तक असूज नवरात्र मेला आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को इस मेले के सफल संचालन के लिए अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की और सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि मेले के सुचारु आयोजन के लिए एसडीएम अंब को मेला अधिकारी और डीएसपी अंब को पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। चिकित्सा सुविधा के लिए एसएमओ मेले में चिकित्सा अधिकारी के रूप में तैनात रहेंगे। मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक सेक्टर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और होमगार्ड के सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।



नवरात्र मेलों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते उपायुक्त।

### भिक्षावृत्ति पर कड़ी नजर रखेगी स्पेशल टास्क फोर्स

उपायुक्त ने कहा कि मेले के दौरान स्पेशल टास्क फोर्स गठित करके भिक्षावृत्ति पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यदि कहीं कोई बच्चों से भीख मंगवाते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मेलावधि के दौरान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित किए गए सामाजिक आपातकालीन प्रतिक्रिया स्वयंसेवक भी सुरक्षा कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे।

**स्वच्छता और सुविधा पर विशेष ध्यान :** उपायुक्त ने कहा कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सुपरवाइजर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को मेला क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल टैंकों की सफाई और उपयुक्त स्थानों पर प्याऊ स्थापित करने के निर्देश दिए।

बिजली बोर्ड को मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने और अग्निशमन विभाग को अग्निशामक वाहनों की सही स्थिति बनाए रखने के लिए निरीक्षण करने को कहा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, डीएसपी वसुधा सूद, मंदिर अधिकारी अजय सिंह और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### लंगर लगाने के लिए अनुमति अनिवार्य

उपायुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर माता के दर्शनों के लिए माई दास सदन से सुगम दर्शन प्रणाली की पर्ची मिलेगी। इसके अलावा वहां दिव्यांगजनों के लिए भी पर्ची सुविधा रहेगी। इसके अतिरिक्त श्रद्धालु शंभू बैरियर और एमआरसी (चिंतपूर्णी बस अड्डा) से सामान्य दर्शन पर्ची प्राप्त कर सकेंगे। लंगर लगाने के लिए एसडीएम अंब से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# चोरी के आरोपियों का पुलिस ने हासिल किया तीन दिन का पुलिस रिमांड

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के टटहेड़ा गांव में एक सुनार की दुकान पर हुई चोरी की वारदात में संलिप्त पकड़े गए दो आरोपियों को गगरेट पुलिस ने अंब न्यायालय में पेश कर उनका तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है। चोरी की इस वारदात में इस चोर गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों की भी पुलिस को तलाश है, जिनकी धरपकड़ के लिए गगरेट पुलिस की टीम लगातार पंजाब में कई स्थानों पर दबिश दे रही है।

पुलिस रिमांड के दौरान पुलिस चोरी किए गए आभूषणों को भी रिकवर करने का प्रयास करेगी। पुलिस ने चोरी की इस वारदात में शामिल घुमंतू गुज्जर परिवारों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया और इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल कर ली। पुलिस पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह को कुछ और सदस्य भी चोरी की इस वारदात में शामिल हैं।

पकड़े गए दो आरोपियों में से एक आरोपी नाबालिग है। माना जा रहा है कि चोरी की इस वारदात में शीघ्र ही कुछ और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। कोई सोच भी नहीं सकता था कि भैंस पालन के व्यवसाय में लगे गुज्जर परिवार भी इलाके में चोरी की वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। पकड़े गए चोर गिरोह का इलाके में हुई कई अन्य चोरी की वारदातों में भी हाथ हो सकता है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही इस मामले में कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### सेफ्टी ग्लास उद्योग में भरे जाएंगे 24 पद

**ऊना।** मैसर्ज अतुल ऑटोमोटिव सेफ्टी ग्लास उद्योग में 24 पद भरे जाएंगे। इन पदों में इलेक्ट्रीशियन और फिटर के 10 पद, लाइन इंचार्ज/कोऑर्डिनेटर/सुपरवाइजर के 4 पद और हेल्पर के 10 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रीशियन और फिटर पद के लिए संबंधित ट्रेड में आईटीआई, लाइन इंचार्ज/ कोऑर्डिनेटर/ सुपरवाइजर पदों के लिए मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा तथा हेल्पर पद के लिए 8वीं, 10वीं और 12वीं पास होना जरूरी है। अभ्यर्थी की उम्र 18 से 44 वर्ष होनी चाहिए। योग्यअभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्रों, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोसहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 99901-06611 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आईटीआई चलोला का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हाल ही में घोषित हुए आईटीआई परीक्षा परिणामों में चलोला स्थित निजी आईटीआई परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसमें इलेक्ट्रीशियन प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान अरुण वर्मा, द्वितीय स्थान प्रवेश कुमार शर्मा व तृतीय स्थान विक्रमजीत सिंह ने हासिल किया। फिटर प्रथम वर्ष में बलजिंदर सिंह ने प्रथम, अजय कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया।



मैकेनिक डीजल में प्रथम स्थान अजय कुमार, द्वितीय स्थान दीपक कुमार व तृतीय स्थान विनय कुमार ने हासिल किया। मैकेनिक मोटर व्हीकल में प्रथम स्थान विनीत कुमार, द्वितीय स्थान सौरभ कुमार ने हासिल किया। पलंबर में तजिंदर सिंह ने प्रथम स्थान व लक्की ने द्वितीय व कार्तिक डडवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान भुवन चंदर शारदा व द्वितीय स्थान रोहित शर्मा व तृतीय स्थान अभिषेक ठाकुर ने हासिल किया।

मैकेनिक मोटर व्हीकल में प्रथम स्थान पंकज कौंडल व द्वितीय स्थान अजय कुमार ने हासिल किया फिटर में प्रथम स्थान करण कुमार व द्वितीय स्थान यतिन कुमार ने व तृतीय हर्ष कुमार ने हासिल किया। शोभित आईटीआई के प्रधानाचार्य ने छात्रों के अभिवावकों तथा सभी अनुदेशकों व शोभित आईटीआई की मनेजिंग कमेटी को भी बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. अनिल गौतम व संस्थान के चेयरमैन देशराज गौतम, ममता शर्मा, सुरेश शर्मा, डॉ. सुचांद शर्मा , सर्वजीत संधू, प्रवीन शर्मा, रोबिन व मानसी भी उपस्थित रहे।

# प्राइवेट गाड़ियों को टैक्सी के रूप में चलाने पर टैक्सी यूनियन बंगाणा ने किया सांकेतिक धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन ने मंगलवार को बंगाणा बस अड्डे पर धरना-प्रदर्शन करके पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। टैक्सी यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि उपमंडल बंगाणा में प्राइवेट गाड़िया टैक्सी बनकर सवारियां लेकर जाती है और हमने एक निजी गाड़ी यात्रियों सहित पकड़ी और पुलिस को सूचित किया।

पुलिस अधिकारी ने उक्त प्राइवेट गाड़ी का चालान करने का हमें आश्वासन दिया, लेकिन जब हमने पता किया तो उक्त गाड़ी का कोई चालान नहीं हुआ था। हमने मंगलवार को बंगाणा की सभी टैक्सियों की चाबियां पुलिस थाना में जमा करवा दीं और अपनी मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया है। ज्ञात रहे सुबह दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक उक्त सभी टैक्सी चालक अपनी मांग को लेकर कड़ी धूप में बैठे रहे। शाम चार बजे बंगाणा उपमंडल के उपमंडलाधिकारी नागरिक सोनू गोयल पुलिस टीम के साथ टैक्सी चालकों से बात करने पहुंचे। लंबी खींचतान के बाद यह निर्णय हुआ कि सोमवार को उक्त प्राइवेट गाड़ी चालक और टैक्सी यूनियन के प्रधान को टीम सहित एसडीएम बंगाणा कोर्ट के बुलाकर पूरी सच्चाई निकाली जाएगी, तब जाकर टैक्सी चालकों ने धरना प्रदर्शन बंद किया।



टैक्सी चालक कार्रवाई को लेकर

वहीं, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने कहा कि सवारियों को ले जाना सबसे पहले टैक्सी चालकों का काम है, क्योंकि टैक्सी चालक सरकार को टैक्स देते हैं और अगर कोई प्राइवेट गाड़ी चालक सवारियों को गाड़ी में बैठकर ले जाता पकड़ा जाता है तो पहली बार चालान के साथ उक्त गाड़ी चालक को वार्निंग दे दी जाएगी।और अगर दूसरी बार प्राइवेट गाड़ी चालक सवारियों सहित पकड़ा जाता है तो उक्त गाड़ी की रजिस्ट्रेशन रद्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा और अगर सफर करना है और किराए पर गाड़ी करनी है तो केवल टैक्सी ही यूज करें जिससे खुद और परिवार भी सुरक्षित रहे। उन्होंने बंगाणा पुलिस को भी आदेश दिए है कि अगर टैक्सी चालक किसी प्राइवेट गाड़ी में सवारियों के होने की सूचना देते हैं तो आप भी टैक्सी चालकों की मदद कीजिए। वहीं, टैक्सी यूनियन के प्रधान दिलवाग सिंह राणा ने कहा कि हमें बंगाणा प्रशासन पर पूरा भरोसा है और जो अवैध रूप से प्राइवेट गाड़ियों को टैक्सी बना कर सरकार को टैक्सी चूना लगा रहे हैं, उन पर कानूनी करवाई होनी चाहिए।

### हरि ओम फूड प्रोडक्ट्स में 9 पदों के साक्षात्कार 21 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज हरि ओम फूड प्रोडक्ट्स ऊना में 9 पद भरे जाएंगे। इन पदों में बार कोड स्कैनर, बिल ऑपरेटर और हेल्पर के पद शामिल हैं। इस बारे जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 21 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वी, बीकॉम और बीसीए में स्नातक होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष तक होनी चाहिए। साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह 14 हजार रुपए दिए जाएंगे।

अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक व योग्यक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, हिमाचली बोनाफाइड, बायोडाटा और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 70187-38885 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कर्मचारी विरोधी है प्रदेश की सुक्खू सरकार : वशिष्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कर्मचारियों को 2016 से लेकर 2021 तक नए वेतनमान का एरियर नहीं मिला है। महंगाई भत्ते की किस्त भी नहीं मिल पाई है। महंगाई भत्ते की किस्त भी तब मिलती है, जब महंगाई बढ़ती है। यह बात भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 2016 से रिवाइज्ड पे स्केल दे दिया और महंगाई भत्ते की किस्त 50 प्रतिशत अपने कर्मचारियों को दे दी है। हिमाचल प्रदेश की सरकार ने अपने कर्मचारियों को न ही महंगाई भत्ता व एरियर नहीं दिया है। इसके अलावा अपने चिकित्सा बिलों का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है।

हर कर्मचारी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है, ऐसी सुख की सरकार पहली बार आई है, जिन्होंने समय पर कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया है, जबकि पहली तारीख को सेवानिवृत्त तथा कर्मचारियों को वेतन व पेंशन मिलती रही है। भाजपा सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ है। कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कोरोना कॉल में भी पहली तारीख को वेतन मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर महिला को 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन आज महिलाएं अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही हैं। सुक्खू सरकार ने जनता से 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था, लेकिन आज उल्टा इस वादे को पूरा करने के बजाय बिजली महंगी कर दी गई है।

बिजली यूनिट दरों में काफी इजाफा कर दिया गया है। इसके अलावा डिपुओं में गरीबों को सस्ता मिलने वाला राशन महंगा कर दिया गया। युवाओं को नौकरी देने का वादा किया, लेकिन दो वर्ष में एक भी युवा को नौकरी नहीं दी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अधिकारियों को डरा धमकाकर अपने चहेतों को लाभ देने में जुटे हुए हैं। राजीव वशिष्ट ने कहा कि कर्मचारी नेता प्रदीप ठाकुर कांग्रेस के चहेते बने हुए हैं। कर्मचारियों की आवाज सरकार तक नहीं पहुंचा रहे है।

# मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान और लंगर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को सेवा पखवाड़े का शुभारंभ रक्तदान शिविर से किया गया। इस मौके पर ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल के सभागार में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में स्थानीय विधायक के सतपाल सिंह सत्ती मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर चौधरी ने की।

इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने महादान में हिस्सा लेकर अनमोल जीवन को बचाने की मुहिम में योगदान दिया। इस मौके पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश सेवा के लिए सर्वोत्तम योगदान दिया है।

संपूर्ण भारतीय जनता पार्टी उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करती है ताकि वह आगे भी देश की सेवा कर सकें। इस मौके पर जिला महामंत्री श्याम मिन्हास वा राजकुमार पठानिया, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कमल सैनी, जुम्मा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा, महामंत्री सतवंत, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू, विशाल भाटिया, युवा मोर्चा ऊना मंडल के अध्यक्ष रुपिंदर देहल, विक्की सैणी, खामोश जैतिक, विकास पूरी, ऋषभ कपिला, सुमेश कुमार, रजत, बाबा राजपूत, दिनेश सैणी, अरजीत सिंह वा पार्टी कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



(ऊपर) रक्तदान शिविर में उपस्थित विधायक सतपाल सत्ती और अन्य, (नीचे) ऊना क्षेत्रीय अस्पताल में लंगर में सेवा करते भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो व अन्य।

**मंथन** जतिन लाल ने की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और नेशनल बैंबू मिशन की प्रगति की समीक्षा

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और नेशनल बैंबू मिशन की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने दोनों योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति का ब्यौरा लेने के साथ ही भविष्य के कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**राष्ट्रीय बैंबू परियोजना के संचालन के लिए जिला कमेटी गठित करने के दिए निर्देश :** नेशनल बैंबू मिशन को लेकर संबंधित जिला अधिकारियों के साथ बैठक में उपायुक्त ने घंडावल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय बैंबू परियोजना को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए जिला स्तर पर एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत प्राप्त 10 लाख रुपए की राशि से विभिन्न उपकरणों की खरीद की जाएगी। उन्होंने डीएफओ को घंडावल परिसर में विभिन्न प्रजातियों की बैंबू नर्सरी तैयार कराने को कहा ताकि लोगों को एक जगह पर उच्च गुणवत्ता के बैंबू की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा उन्होंने परियोजना परिसर की चारदीवारी के कार्य, परिसर में पेवर टाइल लगाने और 10 सौलर लाइट लगाने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए।



उपायुक्त जतिन लाल ने अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, पीओ डीआरडीए शैफाली शर्मा, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, और आरएफओ राहुल ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में अब तक 6802 आवेदन

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर 30 अगस्त, 2024 तक कुल 6802 कारीगरों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1575 आवेदनों की पहले चरण की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इन आवेदनों में 139 टेलरिंग के कार्य और मिस्त्री के कार्य के लिए 1138 आवेदन शामिल हैं। इसके अलावा शेष 298 विभिन्न ट्रेडों के आवेदनों को लेकर दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया पूर्ण करके आगामी प्रक्रिया के लिए भेजा जा चुका है। जतिन लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके व्यवसायों के विकास और वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करेगी। योजना के तहत कारीगरों को वित्तीय सहायता, तकनीकी प्रशिक्षण, और विपणन समर्थन प्रदान किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### हिंदी की वृद्धि में दें अपना महत्वपूर्ण योगदान

**कुल्लू।** पार्बती जल बिजली परियोजना चरण-दो में 29 सितंबर की अवधि में हिंदी पखवाड़े का आयोजन भारतीय भाषाओं के सौहार्द के रूप में किया जा रहा है। इस अवधि में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में पार्बती-दो परियोजना में हिंदी पखवाड़े की शुरुआत की गई। निर्मल सिंह, परियोजना प्रमुख ने हिंदी पखवाड़े का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निर्मल सिंह ने हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना तथा इसके प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देना हमारा नैतिक एवं संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की है कि सभी हिंदी में काम करने के दायित्व को समझें और परियोजना में हिंदी की वृद्धि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इसी दिन उपमहाप्रबंधक स्तर से ऊपर के अधिकारियों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### भाजयुमो ने रक्तदान कर मनाया पीएम का जन्मदिन

**कुल्लू।** कुल्लू में भाजयुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजयुमो के द्वारा रक्तदान शिविर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान कर पुण्य कमाया। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष जेनेश ने बताया कि ये शिविर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पूरे देश में करवाया जा रहा है। भाजयुमो 150 कार्यकर्ताओं की सूची रक्तदान के लिए तैयार की गई थी, किंतु क्षेत्रीय अस्पताल में 60 यूनिट रक्तदान की ही जरूरत थी इसलिए भाजयुमो के 60 युवा रक्तदान कर देश के प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को देखते हुए शिविर में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक

**काजा।** एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट धर्मेंद्र ठाकुर और एसडीएम काजा हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 14 एनडीआरएफ की एक टीम एवं स्थानीय प्रशासन ने काजा में सफलतापूर्वक पौधरोपण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत डिप्टी कमांडेंट और एसडीएम ने पौधरोपण कर पर्यावरणीय संतुलन एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। इस अभियान के तहत एडीसी कार्यालय काजा, गर्ल्स स्कूल हॉस्टल काजा और ओल्ड पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस काजा में तीन प्रमुख स्थानों पर पौधे लगाए गए। यह सहयोगात्मक प्रयास क्षेत्र के हरित आवरण और पारिस्थितिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन दोनों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। पर्यावरण के संरक्षण के लिए वृक्षों को लगाया जाना एवं संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की।

### विभिन्न विषयों पर आधारित प्रशिक्षण दिया



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर में स्थित अटल सदन भवन के कान्फ्रेंस हॉल में पांच जिलों से आए हुए वोकेशनल अध्यापकों को कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में पांच जिलों से आए 62 वोकेशनल अध्यापकों ने प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया। यह पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला 16 से लेकर 20 तक अटल सदन भवन के कान्फ्रेंस हॉल और शहिद बालकृष्ण मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वॉयज ढालपुर में आयोजित की जा रहा है। अटल सदन भवन में बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, लाहौल-स्पीति और शिमला से आए वोकेशनल अध्यापकों को योग्य प्रशिक्षकों के सानिध्य में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा एवं शिक्षण संस्थान डाइट जरड कुल्लू के वाइस प्रिंसिपल एवं जिला को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमित मेहता ने बताया कि विभिन्न विषयों को लेकर वोकेश्नल अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुल्लू को दो ट्रेड मिले हैं, जिसमें पहला सिक्योरिटी और दूसरा ऑटोमोबाइल है और सिक्योरिटी से संबंधित ट्रेड के बारे में प्रशिक्षण अटल सदन भवन के कान्फ्रेंस हॉल में दिया जा रहा है, जबकि ऑटोमोबाइल से संबंधित प्रशिक्षण शहीद बाल कृष्ण मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वॉयज के सेमिनार हॉल में करवाया जा रहा है। यह कार्यशाला तीन चरणों मे शुरू की गई थी, जिसमें से पहला 9 से 13 सितंबर को किया गया, जबकि दूसरा 16 से 20 और तीसरा 23 से 27 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में गृहरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपदा के दौरान किस तरह से बचाव अभियान चलाना है, सीपीआर देना, घायलों को सुरक्षित बाहर निकालना, किस तरह से सर्च एंड रेस्क्यू अभियान चलाना है, किस तरह से घायलों के लिए फर्स्टएड और फायर सेफ्टी से संबंधित अहम जानकारियां साझा की गईं। (अनंत ज्ञान)

### अस्पताल में 30 दिन के लिए 4 घंटे सेवाएं की शुरू

**कुल्लू।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, 2 अक्तूबर के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा 'माय भारत' के बैनर तले क्षेत्रीय अस्पताल तथा जिला प्रशासन कुल्लू के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यातिथि डीसी तोरुल एस रवीश द्वारा की गई। डीसी ने अपने संबोधन में कहा, 'स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। हम सबकी भागीदारी से ही हम स्वच्छ और स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। इसी अवसर पर उन्होंने डॉ. लाल सिंह राज्य निदेशक पर पदोन्नत होने पर बधाई दी। डॉ. लाल सिंह, राज्य निदेशक नेहरू युवा केंद्र ने बताया कि आज इस 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी स्वच्छता कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा' का आगाज पूरे देश में किया जा रहा है, जिसका समापन 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर किया जाएगा। कुल्लू में 5500 किलो ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा करने लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि 'माय भारत' के तहत होने वाले अनुभव से सीखें कार्यक्रम के अंतर्गत 18 स्वयंसेवियों ने आज से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 30 दिन के लिए 4 घंटे प्रतिदिन अपनी सेवाएं शुरू कीं।

### लोगों के साथ तालमेल बिठाकर करें कार्य



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों, विभिन्न लाइन विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की। इस दौरान विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, हिम इरा कैंटीन के निर्माण, संवाद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से कार्यों को पूरा किया जाए। सभी खंड विकास अधिकारी को लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए। नए भवनों के निर्माण के लिए भूमि का चयन, ज्ञान केंद्रों में अखबारों और पत्रिकाओं को उपलब्ध करवाने के लिए, मनरेगा के अंतर्गत निर्माण सामग्री तथा श्रम को 60:40 के अनुपात में करवाने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण डॉ. जैवंती ने किया।

# अवैध तरीके से लाई जा रही शराब और बीयर की 1620 पेटियां बरामद, 2 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भुंतर थाना पुलिस ने अवैध तरीके से लाई जा रही शराब और बीयर की 1620 बोतलें पकड़ी हैं। पुलिस ने एक कार और एक जीप को कब्जे में लिया है साथ ही इस मामले में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गड़सा मार्ग पर बामीनाला के पास पुलिस ने नाकाबंदी की थी। इस दौरान पुलिस ने भुंतर की ओर से आ रही एक कार को चैकिंग के लिए रोका। इस कार को कृष्ण कुमार निवासी माहिश कुल्लू चला रहा था तथा इसके पीछे एक जीप चल रही थी, जिस पर तिरपाल लगा हुआ था। इस जीप को चंद लाल निवासी रागी जिला कुल्लू चला रहा था, जब पुलिस ने जीप को रोका, तो उसमें अवैध तरीके से लाई जा रही शराब की खेप पाई गई। चैक करने पर जीप में ब्लैंडर प्राइड शराब की 30 पेटियां, संतरा शराब की 30 पेटियां, रॉयल स्टैग की 30 पेटियां व बीयर की 45 पेटियां पाई गईं। इनमें कुल 1620 बोतलें बरामद हुईं। पुलिस का कहना है कि शराब की खेप से लदी जीप को यह कार एस्कॉर्ट कर रही थी।

भुंतर पुलिस ने मामले में अवैध शराब को कब्जे में लेकर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। भुंतर थाना प्रभारी राम लाल ठाकुर ने बताया कि अवैध शराब से भरी जीप के लिए गाड़ी (एचपी 39 ई 2259) पायलट का काम कर रही थी। ये गाड़ी दूसरी जीप, जिसमें शराब की अवैध तस्करी हो रही थी, उसे रास्ता साफ होने का इशारा दे रही थी, लेकिन भुंतर पुलिस ने उनके प्लान पर पानी फेर दिया और दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है व आगामी जांच शुरू कर दी है।



अवैध तरीके से लाई जा रही शराब के साथ पुलिस ने पकड़े दो आरोपी।

### पहले भी पुलिस नाके को देख बदला था रूट

भुंतर थाना प्रभारी राम लाल ठाकुर ने बताया कि अवैध शराब की जीप मंडी की तरफ से आ रही थी, लेकिन बजौरा में पुलिस ने नाका लगा रखा था, जिसके बाद कार चला रहे ड्राइवर के इशारे पर जीप वाले ने पनारसा से अपना रोड़ बदला और वो हुरला होकर गड़सा से निकलने की फिराक में था, लेकिन भुंतर पुलिस ने गड़सा में जीप और अवैध शराब के साथ पायलट कार ड्राइवर को भी धर दबोचा। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया, भुंतर पुलिस ने अवैध शराब की 1620 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस तरह का अवैध कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जाएगा।

## बुरी आत्माओं से बचने के लिए देवता महर्षि के रथ पर अखरोटों की बारिश



सैंज के घाट खनियारगी में शौयरी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

शौयरी उत्सव के मौके पर सैंज के घाट खनियारगी में मेला धूमधाम के साथ मनाया गया। देवी-देवता को समर्पित इस उत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर बाद अधिष्ठाता देवता महर्षि गर्गाचार्य का रथ वाद्ययंत्रों की धुन पर हारियानों संग मेला की शोभा बढ़ाने पहुंचे, तो देवध्वनि से माहौल देवमयी हो गया।

देवता के कदम रखते ही स्थानीय लोगों व महिलाओं ने देवता के रथ पर अखरोटों की बारिश कर दी तथा अपने आराध्य को धूप व फूल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। देव कार्रवाई के बाद स्थानीय ग्रामीण, देव समाज से जुड़े लोगों व महिलाओं ने घाटी की पारंपरिक वेशभूषा पहनाकर सामूहिक नाटी डालकर मेले में पधारे लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस देव आयोजन में स्थानीय लोग व श्रद्धालु सुख-शांति व समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगने देवता की चौखट पर पहुंचते हैं और बुरी आत्माओं से बचने एवं शांति के लिए अखरोटों की बारिश करते हैं।

देवता के कारदार कुबेर सिंह, भंडारी भोजराज ने बताया कि यह मेला फसलों की कटाई के अंत और आने वाली लंबी और सर्दियों की तैयारी के लिए मनाया जाता है। इस शौयरी मेले में देवता गर्ग ऋषि श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी करने के लिए घर-घर जाकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं तथा किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए वरदान देते हैं। स्थानीय पंचायत प्रधान पूर्ण चंद ने बताया कि मेले में इस बार खूब उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने कुल्लवी नाटी डालकर मेले में आए लोगों का खूब-खूब मनोरंजन करवाया।

## परिवार का मुखिया जो तय करेगा वह होगा मंजूर : चमन कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो मनाली**

नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा है कि वह भाजपा के कर्मठ सिपाही हैं। परिवार का मुखिया, जो तय करेगा उन्हें वह मंजूर होगा। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि एक महीने तक सब अच्छा चल रहा था। शीर्ष नेतृत्व ने चुनाव को लेकर ड्यूटी जम्मू-कश्मीर में लगाई थी।



इस बीच उन्हें खबर मिली कि परिवार के सदस्यों ने ही उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। कपूर ने कहा कि खबर सुनकर वह मनाली वापस लौट आए हैं। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में चमन कपूर ने कहा कि घर के मुखिया एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर जल्द ही मनाली आ रहे हैं। पूर्व मंत्री की भी चुनाव के चलते ड्यूटी जम्मू-कश्मीर में लगी है। पूर्व मंत्री के हस्तक्षेप के बाद जल्द ही इस परिवारिक मसले के हल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पार्टी के खातिर उन्हें अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ता है, तो वह तैयार हैं। परिवार के कुछ पार्षद कांग्रेस के छुटभैया नेता के बहकावे में आ गए हैं। उम्मीद है कि पूर्व मंत्री की मौजूदगी में सब स्पष्ट हो जाएगा। परिवार के यह सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाने से पहले चर्चा कर लेते, तो वह खुशी से अध्यक्ष पद को छोड़ देते, लेकिन यह पार्षद कांग्रेस के छुटभैया नेता के बहकावे में आ गए। वह सभी पार्षदों के सहयोग से मनाली के सभी वार्डों का विकास करने में सफल रहे हैं। गुरुद्वारे के पास वार्ड तीन व दो के बीच बनी सड़क को लगभग 25 लाख की लागत से डंगा लगाकर चौड़ा किया जा रहा है।

## जरी मलाणा सड़क पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### डैम फटने से आई बाढ़ में हुए नुकसान का आकलन न करने पर किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रशासन और मलाणा परियोजना प्रबंधन की अनदेखी के विरोध में मंगलवार को स्थानीय तीन गांव के लोगों ने सरकार, प्रशासन व परियोजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मंगलवार को तीन गांव के लोग अपनी समस्या को लेकर जरी-मलाणा सड़क पर उतरे और डैम फटने से आई बाढ़ में हुए नुकसान का आकलन न करने पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया। इस दौरान नायब तहसीलदार के साथ भी लोगों की खूब बहस हुई। कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के गत माह पूर्व मलाणा नाला में बादल फटने और मलाणा-एक पावर प्रोजेक्ट का बांध फटने से हुई तबाही को डेढ़ महीने से भी अधिक समय बीत गया है, लेकिन चौहकी, बलाधी गांव के प्रभावितों की पावर प्रोजेक्ट के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं।



जरी मलाणा सड़क पर तीन गांव के लोग अपनी समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

प्रभावितों का आरोप है कि पावर प्रोजेक्टों और प्रशासन से नुकसान का दूसरी बार आकलन कर उन्हें मुआवजा देने की मांग रखी थी, लेकिन हर बार अनदेखी हुई, जिस कारण ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया।

इतना ही नहीं ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पावर प्रोजेक्ट प्रबंधन प्रभावितों को मुआवजा देने की हामी नहीं भरता है, उनका विरोध जारी रहेगा। महादेव युवक मंडल चौहकी के प्रधान भगत सिंह ने कहा कि बादल फटने के बाद मलाणा-दो प्रोजेक्ट की ओर से छोड़ गए पानी से भारी तबाही हुई है। चौहकी और बलाधी में मलाणा से आने वाले नाले के किनारे कई बीघा भूमि, मंदिर और घर बह गए हैं। इसके बाद प्रशासन के समक्ष ग्रामीणों ने मांग रखी कि बाढ़ से जो नुकसान हुआ है, उसके आकलन किया जाए। इस मांग को लेकर युवक मंडल के सदस्य उपायुक्त कुल्लू से मिले थे फिर दूसरी बार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी से मिले। प्रभावितों को आश्वासन मिला था कि जल्द ही उनकी मांगों को हल कर दिया जाएगा, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

## बंजार में बताए करियर के विकल्प

**बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार में मंगलवार को हिंदी विभाग के विद्यार्थियों के लिए करियर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल तथा हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

इसमें स्नातक के बाद हिंदी के विद्यार्थियों के लिए करियर में क्या-क्या विकल्प हो सकते हैं और अपने आप को कैसे सक्षम बना सकते हैं, इस पर चर्चा की गई। यह व्याख्यान प्राचार्या डॉक्टर रेणुका थपलियाल की अध्यक्षता में किया गया। हिंदी विभाग की सहायक प्रो. लता ने विद्यार्थियों को बताया कि वे किस प्रकार हिंदी साहित्य विषय को लेकर भविष्य में रोजगार के अलग-अलग अवसर पा सकते हैं। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के हिंदी विभाग से 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## समेज को भेजी छह लाख की सामग्री

**कुल्लू।** प्लान इंडिया गैर-सरकारी संगठन की ओर से निरमंड ब्लॉक के गांव समेज में क्षतिग्रस्त हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय के लिए विभिन्न वस्तुएं तथा शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई गई है।

उपनिदेशक समग्र शिक्षा सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि प्लान इंडिया द्वारा भेजी गई मदद में बच्चों के लिए किचन का पूरा सामान, वाटर फिल्टर, एक कंप्यूटर, 55 इंच की एलईडी तथा इस तरह का सामान और उसके साथ-साथ स्टेशनरी की आइटंस आज पाठशाला को हैंड ओवर की गई हैं। कुल छह लाख रुपए की सामग्री मदद के रूप में प्रदान की गई है। एक अगस्त की रात को समेज में भयंकर बाढ़ आने के कारण यहां का प्राथमिक पाठशाला भवन बाढ़ की भेंट चढ़ गया था, उसके पश्चात 15 दिनों तक यहां बच्चों की कोई भी कक्षा नहीं लग पाई थी।

## बिहार ने गोवा को हराकर जीती टी-10 प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में स्थित खेल मैदान में चार दिवसीय अंडर-19 नेशनल टी-10 टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता रोमांचक फाइनल मैच के साथ समाप्त हो गया है।

फाइनल मैच के मुकाबले में बिहार की टीम और गोवा की टीम ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान बिहार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर के अंदर 162 रन का विशाल स्कोर बनाया और इस दौरान गोवा की टीम के गेंदबाज बिहार की टीम के बल्लेबाजों के सामने बेबस नजर आए। इसके बाद बिहार के द्वारा बनाए गए विशाल स्कोर का पीछा करते हुए गोवा की पूरी टीम मात्र 45 रन में सिमट गई और इस तरह से बिहार की टीम ने गोवा को करारी शिकस्त देते हुए प्रतियोगिता को जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की। इसके साथ ही उत्तरप्रदेश की टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंडर-19 कन्या वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने बिहार की टीम के सामने 92 रनों का लक्ष्य रखा और इसके बाद बिहार की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करते हुआ 85 रन बना डाले, मगर जीत से चूक गईं। बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर बिहार की टीम ने दूसरे स्थान पर रहते हुए उपविजेता का खिताब जीता, जबकि कर्नाटक की टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर इंडिया बॉडी के पदाधिकारी प्रेसिडेंट गुरविंद्र सिंह, सचिव अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष नितेश शिंदे, मेंबर आनंद जायसवाल ने प्रसन्नता जताई। इस दौरान आयोजनकर्ता अध्यक्ष गोपाल शर्मा, आयोजनकर्ता प्रमुख केहर सिंह ठाकुर, जनरल सेक्रेटरी पंकज और एक्सिक्यूटिव मेंबर पवन ठाकुर ने चार दिवसीय टी-10 टेनिस बॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।



अंडर-19 नेशनल टी-10 टेनिस प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट करते मुख्यातिथि।

## 100 दिनों में 3 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मिली मंजूरी : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि विचारधारा में राष्ट्रवाद, उपासना में भारत माता दृष्टि में दूरदृष्टि और सोच में समरसता का भाव लिए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए नरेंद्र मोदी सशक्त और समृद्ध भारत बनाने वाले प्रधानमंत्री के रूप में आज वैश्विक पटल पर स्थापित हैं। यह बात मंगलवार को उन्होंने कुल्लू में प्रेस वार्ता में कही। संगठन से लेकर सरकार तक उन्होंने जो कार्य किए हैं, उससे उन्हें 21वीं सदी का विश्वकर्मा कहा जाता है।

आज समस्त पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रदेशवासी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई नमो ऐप और सोशल मीडिया के माध्यम से भेज रहे हैं। आज भाजपा एवं एनडीए सरकार जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चल रही है, उसके 100 दिन पूरे हो चुके हैं। यह 100 दिन पिछले 10 साल की तरह बेमिसाल रहे हैं, मोदी है तो मुमकिन हैं और जो पीएम मोदी कहते हैं वो करके दिखाते है। उन्होंने कहा की मोदी 3.0 के पहले 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है, अगर पहले 100 दिन ऐसे हैं, तो अगले 4 साल किस प्रकार से होंगे वह आप सोच ही सकते हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दृष्टि से अद्भुत कार्य पूरे देश में हुए हैं, 100 दिनों में 3 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है, प्रमुख फोकस सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई मार्ग पर है। हिमाचल प्रदेश में भी सड़कों के लिए 3000 करोड़ से अधिक का पैसा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

## क्रोएशियाई नाटक द डॉल का किया मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश व संकल्प रंगमंडल शिमला द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग के अटल सदन कुल्लू के ऑडिटोरियम में क्रोएशियाई नाटक द डॉल का मंचन किया गया।

इस नाटक का पहला प्रीमियर जून-2012 में न्यूयॉर्क, यूएसए में स्टोरफ्रंट और बेंच प्रोडक्शंस में किया गया था। अंग्रेजी, जर्मन, पोलिश, चेक, स्लोवेनियाई, रूसी, स्लोवाक, डेनिश, डच, स्पेनिश और अल्बानियाई में अनुवादित यह नाटक संयुक्त राज्य अमेरिका, क्रोएशिया, स्लोवाकिया, चेक गणराज्य, स्लोवेनिया, डेनमार्क, क्यूबा, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के 15 थियेटरों में प्रदर्शित किया गया है और अब ये भारत में भी हो रहा है, जिसे उत्तर आधुनिक नाटक के शैली में किया जा रहा है। नाटक का मूल आलेख अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटककार मीरो गावरान ने लिखा है, जबकि नाट्य रूपांतरण सौरभ श्रीवास्तव ने किया है। नाटक में मुख्य भूमिका में रूपेश भीमटा ने निभाई है, जबकि माया द डॉल की मुख्य भूमिका येशवी भारद्वाज ने निभाई और मुख्यधारा के व्यवसायिक रंगमंच में यह उनका पहला ही नाटक है।



## ओजोन की रक्षा के लिए किया प्रोत्साहित

**कुल्लू।** ओजोन दिवस के उपलक्ष्य पर कुल्लू कॉलेज के पर्यावरणीय विभाग, रसायन विज्ञान विभाग और वीमेन सैल इकाई द्वारा विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस दिवस का विषय ओजोन फॉर लाइफ था। इस एक दिवसीय कार्यक्रम पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें नारा लेखन तथा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताएं थीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को ओजोन की रक्षा के लिए प्रोत्साहित किया।




**स्वच्छता** लाहौल-स्पीति में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ, डीसी राहुल कुमार ने लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

# लोगों का सामूहिक दायित्व, अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर रखें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए इस क्षेत्र में स्वच्छता पर अधिक फोकस करने की नितांत आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सभी लोगों का यह सामूहिक दायित्व बनता है कि अपने आसपास के क्षेत्र को हम स्वच्छ बनाए रखें। इस दौरान उन्होंने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। केलांग मुख्यालय के साथ लगती पंचायत युरनाथ में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीन मुख्य स्तंभ के माध्यम से जिस में स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर की विभिन्न गतिविधियों की ओर से लोगों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित बनाई जा रही है। इस अभियान का समापन 2 अक्तूबर को गांधी जयंती पर होगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला मंडल युवक मंडलों तथा आम जनमानस से आह्वान किया कि स्वच्छता पखवाड़े में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

डीसी ने इस बात पर बल देते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति के स्वच्छ पर्यावरण वह परिस्थितिकीय संतुलन को बरकरार रखने के लिए आम जनमानस की सरकार व प्रशासन के साथ सक्रिय सहभागिता होना बेहद जरूरी है। इससे पूर्व उन्होंने देवदार का पौधा रोपित कर हरित आवरण को बढ़ाने के लिए भी संदेश दिया व पर्यावरण जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, यह वाहन पंचायतों में लोगों को जागरूक करेगा और स्वच्छता का संदेश देगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और आसपास के क्षेत्र से कूड़ा-कचरा एकत्रित किया और इसका उचित निस्तारण भी सुनिश्चित बनाया।




लाहौल घाटी की यूरनाथ पंचायत में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान डीसी राहुल कुमार लोगों को संबोधित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### नहर स्वार में विजेता खिलाड़ियों का किया स्वागत



**नाहन।** सिरमौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर स्वार में पूरा माहौल उत्सव जैसा रहा, जब विजेता खिलाड़ी स्कूल पहुंचे, उनका गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सभी खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन और एसएमसी की ओर से फूल-मालाएं पहनाई गईं। इसके बाद स्कूल में मिठाइयां बांटकर उत्सव मनाया गया। बता दें कि अंडर-19 जोन स्तरीय प्रतियोगिता हाल ही में नाहन के बनकला स्कूल में आयोजित की गई थी, जिसमें वॉलीबाल स्पर्धा में नहर स्वार स्कूल का कब्जा रहा। इसके बाद विजेता टीम सोमवार को स्कूल पहुंची, जहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष सुरेश शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। पाठशाला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों समेत स्टाफ सदस्यों और शारीरिक शिक्षक राजेंद्र कुमार के अलावा सभी अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस पाठशाला के चार खिलाड़ियों का जिला स्तरीय खेलकूद के लिए चयन किया गया।

### भाषण प्रतियोगिता में इशमीत कौर प्रथम



**नाहन।** राजकीय उच्च विद्यालय बहराल में आयोजित हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा अपनी उदारता के कारण विश्व बंधुत्व को बढ़ावा देती है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम हिंदी भाषा भाषी हैं और हिंदुस्तान हमारा देश है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में इशमीत कौर प्रथम, जसप्रीत कौर द्वितीय और सुखमन प्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं। कविता पाठ में नंदिनी प्रथम, समरदीप द्वितीय और मधु तृतीय स्थान पर रही। पोषण आहार पर सुलेख प्रतियोगिता में सोनिका, विशांत और मनप्रीत क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। नारा लेखन में पुनीत सावन और मानव ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### शिमला में लोक अदालत का किया दौरा



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ के कानूनी सहायता क्लिनिक ने उच्च न्यायालय, शिमला में लोक अदालत में छात्रों के लिए एक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का समन्वय विधि विज्ञान संकाय के दोनों सहायक प्रो. विनीत कुमार और डॉ. स्वाति सोनी ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत सत्र की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) और अध्यक्ष जेएल गुप्ता ने की, साथ ही हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता नील कमल सूद और अधिवक्ता डॉ. ललित कुमार शर्मा एचपी उच्च न्यायालय द्वारा की गई। इस अवसर पर छात्रों को विभिन्न प्रकार के विवाद समाधानों को देखने का अवसर मिला, जिससे भारतीय कानूनी प्रणाली के भीतर वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र के बारे में उनकी समझ गहरी हुई।

### श्री राधे गोशाला में 201 ने किया रक्तदान

**बीबीएन।** नोबल चैरिटी वेलफेयर सोसायटी हिमाचल प्रदेश की ओर से तीसरी बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर श्री राधे गोशाला परिसर थाना में एक



विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 201 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सहजल ने किया। इसके पश्चात उन्होंने हवन में पूर्णाहुति डाली। डॉ. राजीव सहजल ने कहा कि पीएम का जन्मदिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के रूप में मनाए जा रहे जन्मदिवस पर यह रक्तदान शिविर का आयोजन एक बहुत सराहनीय कार्य है। रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी सेक्टर-37 सी चंडीगढ़ की डॉ. शैली अग्रवाल की अगुवाई में उनकी 15 सदस्यीय टीम ने रक्त एकत्रित किया और रक्तदाताओं को आवश्यक सलाह भी दी। इस अवसर पर जिला परिषद सोलन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, गो सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, नगर परिषद बद्दी की पूर्व अध्यक्ष उर्मिला चौधरी, समाजसेवी गुरमैल चौधरी, जिला परिषद सदस्य अमर चंद संधू आदि मौजूद रहे।

### बरोटीवाला की कई इंडस्ट्री में मना विश्वकर्मा दिवस



**बीबीएन।** बरोटीवाला के फ्रेंड्स अलोयस कंपनी में विश्वकर्मा दिवस पर कामगारों को सम्मानित किया गया। कंपनी में सुबह विश्वकर्मा पूजा शुरू हुई। उसके बाद समारोह में कंपनी के एमडी चंद्र किरण शर्मा ने कामगारों को प्रमाणपत्र और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। शर्मा ने बताया कि कंपनी हर वर्ष यह विश्वकर्मा दिवस धूमधाम से मनाती है और विशाल लंगर का आयोजन किया जाता है। कंपनी में अच्छी सेवाएं देने वाले हर वर्ग के कामगार को सम्मानित किया जाता है। कंपनी के महाप्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि इस विश्वकर्मा दिवस पर इस बार भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों समेत भारी संख्या में लोगों ने भंडारे का आनंद लिया। इस अवसर पर बिजली बोर्ड के एक्सइएन दीपक कुमार, एसडीओ बरोटीवाला आर विधुर, लघु उधोग भारती के महासचिव संजीव शर्म आदि उपस्थित रहे।

### वीर नारियों और विधवाओं को किया सम्मानित



**सोलन।** सोलन सैन्य स्टेशन में सोलन के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं के लिए 2 जैक एलआई (शेरवानी) बटालियन की ओर से मुख्यालय 95 इन्फैंट्री ब्रिगेड के तत्वाधान में एक पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया। यह जानकारी 95 इन्फैंट्री ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर कुनाल बक्शी ने दी। ब्रिगेडियर कुनाल बक्शी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीर माताओं और युद्ध विधवाओं तक पहुंचना और उनकी सेवा एवं अन्य नागरिक प्रशासन से संबंधित शिकायतों का समाधान करना था। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि पूर्व सैनिकों की शिकायतों के समाधान के लिए सेना और नागरिक प्रशासन की ओर से यथा संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न संगठनों का धन्यवाद किया। परिवार कल्याण संगठन (एफडब्ल्यूओ), वीसी ब्रिगेड की अध्यक्ष अंजलि बक्शी ने इस अवसर पर सोलन की वीर नारियों और विधवाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न काउंटर स्थापित किए गए थे। इनमें पेंशन विसंगतियों को सुलझाने के लिए रिकॉर्ड कार्यालयों, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) तथा जिला सैनिक बोर्ड और पुनर्वास जैसे अन्य स्टॉल शामिल थे।

### खेलकूद को स्थगित करना बच्चों से नाइंसाफी

**रिकांगपिओ।** शिक्षा निदेशक द्वारा अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिता के स्थगित करने के निर्देश को किन्नौर के अध्यापकों ने बच्चों के लिए नाइंसाफी कहा है। सुरेंद्र नेगी जिलाध्यक्ष प्राथमिक अध्यापक संघ ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजनों से बच्चों को अपने छिपी प्रतिभा को दिखाने का सुनहरा अवसर होता है। बच्चों को खेल के साथ-साथ अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, लोक संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य की प्रतियोगिता आदि मंच होते हैं, जिन्हें छीना जाना बिलकुल गलत है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिमाचली कलाकारों को दिया जा रहा अधिमान : अग्निहोत्री

## राज्य स्तरीय सायर मेले में कलाकारों ने बांधा समां, बाड़ीधार मेले को जिला स्तरीय करने की घोषणा





राज्य स्तरीय सायर मेले की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार (दाएं) सांस्कृतिक संध्या में पहुंचे उपमुख्यमंत्री।

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश के कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने सभी मेलों, महोत्सवों आदि में एक रात्रि स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रमों के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है।

मुकेश अग्निहोत्री गत रात्रि राज्य स्तरीय सायर मेला अर्की की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुल राशि का 50 प्रतिशत हिमाचल के कलाकारों पर खर्च करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रयास भी किया जा रहा है कि इन आयोजनों में सभी प्रस्तुतियां 'लाइव' हों।

मुकेश अग्निहोत्री ने इस अवसर पर अर्की के ऐतिहासिक बाड़ीधार मेले को जिला स्तरीय करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बाड़ीधार में रोप-वे स्थापित करने के प्रस्ताव को विशेषज्ञ पैनल को प्रेषित करने के उपरांत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर उचित स्तर पर मामला भेजा जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अर्की में शीघ्र ही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। अर्की विधानसभा क्षेत्र के लिए गंभर खड्ड से महत्वाकांक्षी जल परियोजना तथा बस अड्डा अर्की को शीघ्र ही लोगों को समर्पित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### दिलीप के नाम रही दूसरी सांस्कृतिक संध्या



**अर्की।** अर्की के प्रसिद्ध ऐतिहासिक सायर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली नाटी स्टार गायक दिलीप सिरमौरी तथा वॉयस ऑफ पंजाब हरजिंदर मनी के नाम रही। हरजिंदर ने जैसे ही स्टेज संभाला युवाओं ने तालियों व सीटीयों से उनका स्वागत किया। उन्होंने पंजाबी गीत उदारियां से अपने कार्यक्रम की शुरुआत की , जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इसके बाद उन्होंने सानु इक पल चैन न आवे सजना तेरे बिना गीत गाकर श्रोताओं को भावविभोर किया। इसके साथ ही उन्होंने नित खैर मंगा सोणेया मैं तेरी तथा दमादम मस्त कलंदर, ओ रंगरेज तथा की बणु दुनियां दा आदि सूफी गीत गाकर माहौल को सूफियाना बना दिया। हरजिंदर ने इसके बाद ये तूने क्या किया, रश्के कमर तथा कीवें मुखदे आदि गीतों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को खूब लुभाया। साथ ही गाए गए गीत बॉलीवुड की हो क्वीन से कार्यक्रम आरंभ किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। संध्या के तीसरे कलाकार हिमाचल की आवाज विनोद रांटा ने मंच संभालते ही ढाई सौ ग्रामे रा दिल गीत से कार्यक्रम आरंभ किया। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां देकर संध्या को रंगीन बनाने का प्रयास किया।

### राज शर्मा, योगेश के नाम रही सांस्कृतिक संध्या





**सोलन।** हिमाचल उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पहाड़ी गायक राज शर्मा और हिंदी गायक योगेश मुकुल के नाम रही। सिरमौरी गायक नरेंद्र नीटू का कार्यक्रम भी खूब सराहा गया। राज शर्मा ने नाटियों पर युवाओं को खूब झूमाया, जबकि योगेश मुकुल ने अपनी गायकी से सबको अपना मुरीद बना दिया। कांगड़ा से आए गायक मोहित गर्ग के सुरीले कांगड़ी नग्मों ने खूब रंग जमाया।

दूसरी संध्या में मुख्यातिथि के तौर पर पैरागोन पैलेस के एमडी सुरेंद्र वर्मा मौजूद थे, जबकि भाजपा पार्षद रेखा साहनी, सुषमा शर्मा और रजनी कुमारी विशिष्ठ अतिथी के तौर पर मौजूद रहे। इसके अलावा खास मेहमानों में विनोद कुमार, संधीरा दुल्टा भी मौजूद रहे। डायनामिक इंडिया युवा मंडल की ओर से संस्थापकों, अध्यक्ष पंकज सूद, संस्थापक उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा संस्थापक आदि सदस्यों ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

# चंबाघाट में 600 मीटर लंबा फ्लाई ओवर छोटे वाहनों के लिए खुला

**आर मोहन चौहान, सोलन**

राष्ट्रीय राजमार्ग-5 के सोलन-शिमला सड़क पर चंबाघाट में बहुप्रतीक्षित 600 मीटर लंबा फ्लाईओवर आखिरकार छोटे वाहनों के लिए आधिकारिक तौर पर खोल दिया गया। इसके लिए रेलवे की परमिशन मिल गई है।

इसके लिए 9 सितंबर को रेलवे का निरीक्षण हुआ। यह फ्लाईओवर राष्ट्रीय राजमार्ग-5 के चंबाघाट-कैथलीघाट स्ट्रेच को चौड़ा करने के चल रहे काम का हिस्सा है। एनएचएआई के अधिकारियों ने रेलवे के निरीक्षण के बाद फ्लाईओवर को खोलने की अनुमति दी। रेलवे लाइन के ऊपर बनाया गया यह फ्लाईओवर भीड़भाड़ को कम करने और वाहनों को भीड़भाड़ वाले चौराहों या लेवल क्रॉसिंग को बायपास करने की अनुमति देकर यातायात प्रबंधन की



सोलन के चंबाघाट में बना फ्लाईओवर से गुजरते वाहन।

सुविधा प्रदान करेगा। यह रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा में सुधार करते हुए यातायात में देरी को भी समाप्त करेगा और सफर भी सुहाना होगा। एनएचएआई, शिमला के परियोजना निदेशक आनंद दहिया ने कहा कि रेलवे अधिकारियों की ओर से निरीक्षण के अभाव में फ्लाईओवर के उद्घाटन में तीन महीने की देरी हुई। यह जुलाई में पूरा हो गया और निरीक्षण का मुद्दा रेलवे के साथ लगातार उठाया गया। दहिया ने कहा, फ्लाईओवर का निर्माण मेसर्स एरेफ इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड (एईपीएल) द्वारा किया गया है और यह राष्ट्रीय राजमार्ग-5 के परवाणू-कैथलीघाट खंड पर 600 मीटर लंबा सबसे लंबा पुल है, जिसमें 19 स्पैन हैं, जबकि 18 स्पैन 30.5 मीटर के हैं, एक स्पैन 51.48 मीटर ऊंचा है। सोलन की तरफ लंबाई 175 मीटर और शिमला की तरफ 350 मीटर है। एईपीएल के महाप्रबंधक दीपक सिंह ने कहा, पुल का निर्माण स्टील कंपोजिट गर्डर का उपयोग कर किया गया है, जो अन्य प्रकार के गर्डरों की तुलना में उच्च भार क्षमता, स्थायित्व और ताकत प्रदान करता है। पुल के निर्माण में विशेष वाहन लोडिंग विनिर्देशों को समायोजित करने के लिए प्रीस्ट्रेसिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। रेलवे लाइन के ऊपर बनाया गया यह फ्लाईओवर भीड़भाड़ को कम कर और वाहनों को भीड़भाड़ वाले चौराहों या लेवल क्रॉसिंग को बायपास करने की अनुमति देकर यातायात प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, इससे यातायात में होने वाली देरी भी समाप्त होगी, साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा में सुधार होगा, जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम कम होगा। फ्लाईओवर द्वारा बनाया गया यह विभाजन सुरक्षित यातायात प्रवाह को बनाए रखने में मदद करेगा। (अनंत ज्ञान)

# पीएम के जन्मदिन पर 100 युवाओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सोलन**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सोलन की ओर से सनातन धर्म मंदिर सोलन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 100 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि पीएम के जन्मदिवस को भजपा सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है, जिसमें पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर सनी ने कहा कि युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा तेजस्वी सूर्य के निर्देशानुसार पूरे भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे हैं व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज के निर्देशानुसार पूरे हिमाचल में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत रक्तदान शिविर लगाकर हर जिले में नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया जा रहा है, जिसके प्रदेश संयोजक साकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने कहा इसके बाद स्वच्छता अभियान, कबड्डी और अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, ताकि युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाए। सेवा ही संकल्प पखवाड़े के रूप में 17 से 2 अक्तूबर तक भाजपा कार्य करने वाली है। इसी के साथ भाजपा का सदस्यता अभियान भी इन दिनों जोरों-शोरों पर चल रहा है, जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर कार्य कर रहे हैं।

### कालाअंब में टाइफाइड मलेरिया और उल्टी दस्त के लगातार बढ़ रहे मामले

# दूषित जल से फैल रही बीमारियां

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भले ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से जल जनित बीमारियों से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन औद्योगिक नगरी कालाअंब में इन दिनों जल जनित बीमारियों ने पैर पसार दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक कालाअंब में इन दिनों टाइफाइड मलेरिया और उल्टी दस्त के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोग सहमे हुए हैं। कालाअंब पंचायत के उपप्रधान इस्लाम मोहम्मद ने बताया कि कालाअंब में ट्यूबवेल से जो पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें बारिश का पानी मिल जाता है, जिसके चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इस्लाम मोहम्मद ने बताया कि कालाअंब स्थित ट्यूबल में जैसे ही बारिश होती है, तो उसमें बारिश का पानी मिल जाता है, जिसके चलते ट्यूबवेल का पानी भी दूषित हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर उन्होंने करीब 10 माह पहले जल शक्ति विभाग को भी अवगत करवाया था कि ट्यूबवेल के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से चारों तरफ दीवार लगाई जाए, ताकि बारिश का पानी ट्यूबवेल में प्रवेश न करे, लेकिन विभाग द्वारा इस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

#### ट्यूबवेल के पानी की आपूर्ति को सही किया जाए

**इस** बारे में उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता से भी बात की है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कालाअंब में इन दिनों मलेरिया, टाइफाइड और उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने जल शक्ति विभाग और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि कालाअंब में जो ट्यूबवेल के पानी की आपूर्ति हो रही है, उसको सही किया जाए।

## बागवानों को सिंचाई के लिए पानी की कमी से मिलेगी निजात



सिंचाई योजना का भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ करते तंजीन डादुल लामा।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

सुन्नम गांव के किसानों, बागवानों को सिंचाई के लिए पानी की कमी से निजात मिलेगी। क्षेत्र के किसानों व बागवानों के लिए सिंचाई के लिए पानी की समस्याएं हमेशा बनी रहती है।

ग्रामीणों की वर्षों से लंबित सिंचाई योजना की मांग पूरी होगी। स्थानीय ग्रामीण पिछले कई वर्षों से सिंचाई की समस्याओं को लेकर सरकार से मांग उठाते रहे हैं, लेकिन इस बार राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी लंबित मांग को पूरा करते हुए सिंचाई योजना को मंजूरी देकर ग्रामीणों को सौगात दी है, जिस का विधिवत भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ सुन्नम ग्राम कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तंजीन डादुल लामा ने किया। (अनंत ज्ञान)

### 30 जेबीटी के पद रिक्त : सुरेंद्र

**रिकांगपिओ।** राजकीय प्रदेश शिक्षक संघ किन्नौर की ओर से प्राथमिक विद्यालयों में पिछले डेढ़ सालों से उठाई गई विभिन्न समस्याओं पर कार्रवाई नहीं होने पर गहरा रोष प्रकट किया गया। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र नेगी ने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के 3000 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं, जबकि किन्नौर में 30 से अधिक जेबीटी अध्यापकों के पद रिक्त हैं, जिस कारण प्राथमिक स्कूलों को चलाना कठिन हो गया है। इस समय 20 से कम संख्या वाली पाठशालाओं में दूसरा शिक्षक नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है व प्राथमिक शिक्षकों में भारी रोष है।

### नारा लेखन में सिमरन प्रथम

**नाहन।** टोक्यो स्कूल में विश्व ओजोन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए ओजोन संरक्षण जागरूकता के लिए फिल्म शो का आयोजन किया गया। ओजोन जागरूकता पर स्कूल में द विंचित शो नामक फिल्म द अर्थ विदाउट ओजोन फिल्म मुख्य रूप से बच्चों को दिखाई गई। इस मौके पर इस्कूल में चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नारा लेखन में 10वीं कक्षा की सिमरन, रेहाना और रितिका ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि चित्रकला में दसवीं कक्षा के मनदीप, अंशिका व प्रिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए

**नाहन।** माजरा पंचायत में 11 पंचायतों के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर तीनदिवसीय युवा स्वयंसेवी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कार्यालय से पंचायत निरीक्षक राजेंद्र मणि बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोलर, धौलाकुआं, सैनवाला मुबारिकपुर, पल्होड़ी, हरिपुरखोल, माजरा, मेलियों, फतेहपुर, क्यारदा, कोटडी व्यास, पड़दूनी (प्रत्येक पंचायत) से 10-10 युवा स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 80 से 90 युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षित होंगे। पंचायत निरीक्षक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन विषय पर स्वयंसेवी समूहों का गठन करना है, जो किसी भी प्रकार की स्थानीय आपदाओं में प्रथम प्रति क्रियाकर्ता के रूप में त्वरित सेवाएं दे सकें।

### रमणीक और विशाल की डाक्यूमेंट्री रही सर्वश्रेष्ठ

**सोलन।** सोलन कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर वैश्विक जलवायु परिवर्तन और ओजोन परत के क्षरण के कारणों व संरक्षण के उपाय पर ईको क्लब और भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रील मेकिंग कंपटीशन, डाक्यूमेंट्री मेकिंग कंपटीशन और बेस्ट आउट आफ वेस्ट के अंतर्गत गमला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में डॉक्टर चमन शर्मा और डॉक्टर प्रेम प्रकाश नेगी ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। रील मेकिंग कंपटीशन में आशीष, नितेश और कार्तिक ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट आफ वेस्ट के अंतर्गत गमला निर्माण प्रतियोगिता में पंकज, पायल और आंचल ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। डाक्यूमेंट्री मेकिंग कंपटीशन में रमणीक अटल और विशाल ठाकुर की डाक्यूमेंट्री सर्वश्रेष्ठ रही।

## 12 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हरियाणा के सिरसा में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-16 खेलों में दून वैली पब्लिक स्कूल नालागढ़ ने 26 मेडल जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल देवेंद्र महल ने बताया कि 10 से 15 तक हुई इन प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के 60 स्कूलों के 600 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।



दून वैली के खिलाड़ियों ने 13 गोल्ड, 8 सिल्वर और 5 ब्रांज मेडल जीतकर विद्यालय के लिए गौरव अर्जित किया है, जबकि लड़कियों के वर्ग में इशरूप सैनी ने लांग जंप, 100 मीटर रेस और 400 मीटर रिले रेस में तीन गोल्ड मेडल और ऋद्धि कौशल ने हाई जंप और 400 रिले रेस में गोल्ड मेडल और 400 मीटर रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अनुष्का ने चार गुना 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड और 200 मीटर रेस में ब्रांज मेडल, अरुणिमा ने 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड, 3000 मीटर रेस में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। वहीं, राधिका ने 1600 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया, अब गोल्ड मेडल जीतने वाले 12 खिलाड़ी वाराणसी में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। प्रिंसिपल देवेंद्र महल ने विजेता खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट को इस गौरवशाली अवसर पर बधाई दी व उनके समर्पित प्रयासों की सराहना की।

### रिकांगपिओ में फल वितरण किया

**रिकांगपिओ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्तूबर गांधी जयंती तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता मनाया जा रहा है, जिसको लेकर पूर्व प्रदेश वन विकास निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी की अध्यक्षता में भाजपा किन्नौर ने क्षेत्रीय चिकित्सालय रिकांगपिओ में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में उपचाराधीन रोगियों सहित वहां मौजूद सभी लोगों में फल वितरित किया व उनका कुशल क्षेम जाना।

**नुकसान** ट्रांसफार्मर जलने से चार वार्डों में 50 घंटे ब्लैक आउट, महीने में यह चौथी बार हुआ

# सोलन के सपरून में अंधेर नगरी चौपट राजा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर के सपरून में पिछले करीब 50 घंटे से चार वार्डों में ब्लैकआउट होने से बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली से स्थानीय लोगों सहित कारोबारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे दुकानदारों की आइसक्रीम, दूध-दही आइसक्यूब, मिठाई, बेकरी आइटम्स, दवाइयां खराब हो गई हैं।

बिजली नहीं होने से लोगों के मोबाइल चार्ज, इनवर्टर की चार्जिंग नहीं हो पर रही है। आरो नहीं चलाने से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। बिजली बोर्ड के अधिकारीयों के ढुलमुल रवैये से दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा



है। जानकारी के मुताबिक सोलन के सपरून क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बिजली गुल है। इससे नगर निगम के वार्ड नंबर 1, 2, 12, 13 की सैकड़ों दुकानें, होटल, दफ्तर सहित रिहायशी घरों में अंधेरा छाया है। ऐसा नहीं की यह पहली बार हुआ है, पिछले एक महीने में यह चौथी बार हुआ है। पिछली बार तो एक-एक दिन लाइट नहीं थी, लेकिन इस बार तो हद हो गई कि पिछले दो दिनों से लगातार लाइट नहीं है। दुकानदारों का जहां काफी नुकसान हुआ है। वहीं, मोबाइल चार्ज सहित घर के काम ठप पड़े हैं।

कोर्ट परिसर के समीप बिजली विभाग का 630 केवीए का ट्रांसफर लगा हुआ है, जो 1 महीने में कई बार खराब हो चुका है, जिसकों विभाग द्वारा नालागढ़ से बदलवाया भी गया है। बावजूद इसके यह ट्रांसफार्मर फेल हो गया बीती रात को भी ट्रांसफार्मर को बदलकर दूसरा पुराना ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन उसकी भी चिंगारियां निकल गई, अब विभाग द्वारा शिमला से 1 एमबीए का नया ट्रांसफार्मर मंगवाया गया है, ताकि वह लोड संभाल सके। गौर करने वाली बात है कि इस समय न तो हीटर गीजर या कोई ज्यादा लोड इस ट्रांसफार्मर पर है और आने वाला समय सर्दियों के मौसम का है, जिसमें हीटर, गीजर सब चलते हैं, तो इससे ट्रांसफर पर और ज्यादा लोड पड़ेगा। वहीं, अगर बिजली बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो पिछले कल ट्रांसफर मंगाया गया था और उसे जब लगाया गया तो वह शॉर्ट हो गया। उन्होंने बताया कि अब नया ट्रांसफार्मर शिमला से मंगाया गया है, जो कि आज रात को लगाया जाएगा।

## किन्नौर में स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया अभियान का शुभारंभ



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

संपूर्ण देश सहित प्रदेश में आरंभ किए गए स्वच्छता अभियान के तहत जनजातीय जिला किन्नौर में सहायक आयुक्त विजय कुमार ने इस अभियान के तहत आयोजित रैली को रामलीला मैदान रिकांगपिओ में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह 17 से 02 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका विषय 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' रखा गया है। इस अभियान को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि किन्नौर को स्वच्छ व सुंदर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि जिले के कल्पा, निचार एवं पूह विकास खंडों सहित पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन बारे जागरूक किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कंगना रनौत को अदालत में पेश होने का नोटिस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। क्योंकि कंगना रनौत को चंडीगढ़ जिला अदालत में पेश होने के आदेश जारी हुए हैं। यह आदेश कंगना रनौत की नई फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ दायर की याचिका पर अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। जारी हुए नोटिस में कंगना को 5 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए मोहाली निवासी गुरिंदर सिंह व गुरमोहन सिंह ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। दोनों ने याचिका में कहा था कि इस फिल्म में सिखों को गलत तरीके से पेश किया गया है। यदि फिल्म ऐसे ही रिलीज हुई तो इससे सिखों की भावनाएं आहत होंगी। फिल्म जानबूझकर सिखों की छवि खराब करने के इरादे से बनाई है। उन्होंने मांग की है कि फिल्म की रिलीज से पहले एक्सपर्ट्स का पैनल बनाया जाए, जिसमें एसजीपीसी के सदस्य शामिल हों।

### श्री विश्वकर्मा की मंत्रोच्चारण से की पूजा



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** श्री विश्वकर्मा पूजा समिति, चंडीगढ़ द्वारा रायपुर खुर्द में 13वां विश्वकर्मा पूजा समारोह का आयोजन समिति के प्रधान दिलीप यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर भव्य हवन कर भगवान श्री विश्वकर्मा की मंत्रोच्चारण के साथ पूजा विधि विधान से की गई। इस अवसर पर भाजपा, चंडीगढ़ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की जबकि कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर व पार्षद हरजीत सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे, तथा अन्यों में जीत सिंह, मंगत राम, दलबीर सिंह, नौनिहाल सिंह सोढी, लक्ष्मण सिंह उपस्थित है। वहीं दूसरी ओर समिति द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जागरण व भजन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं मंत्र मुग्ध कर दिया। इतना ही नही इस अवसर पर भजन गायकों ने सुंदर भजनों में ओम् हरे विश्वकर्मा प्यारा, कोटि कोटि नमन हमारा.,हे विश्वकर्मा जय हो तुम्हारी, आदि 'नारायण जय हो तुम्हारी' जैसे भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

### 26.82 करोड़ की शराब, नकदी व सामान जब्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मंगलवार तक 26.82 करोड़ रुपए की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद राशि व कीमती वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह कार्रवाई 16 अगस्त से 17 सितंबर तक हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा पुलिस के अलावा अन्य एजेंसियां भी कड़ी निगरानी रख रही है। उन्होंने बताया कि 4.73 करोड़ रुपये नकद, 9.82 करोड़ रुपये की 3,26,017 लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी गई है। इसमें हरियाणा पुलिस ने 7.80 करोड़ रुपए की, आबकारी विभाग ने 1.96 करोड़ की और अन्य एजेंसियों ने चार लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी है। साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और पुलिस ने कुल 6.76 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ पकड़ा है। वहीं, 3.10 करोड़ रुपए के सोना, चांदी व अन्य धातु और 2.41 करोड़ रुपए का अन्य सामान पकड़ा गया हैं।

### अमानतुल्लाह ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्हें एजेंसी की ओर से दिल्ली वक्फ बोर्ड में अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान की गई नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### पंजाबी सिंगर आर. नैत को जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** फेमस पंजाबी सिंगर आर. नैत को जान से मारने की धमकी मिली है। आर. नैत को विदेशी नंबरों से धमकी भरा फोन आया है, जिसमें उनसे एक करोड़ की फिरौती मांगी है। इस घटना के बाद पुलिस फोन कॉल की जांच कर रही है। हाल ही में मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों के कनाडा वाले घर के बाहर जमकर गोलीबारी हुई। आर. नैत के मैनेजर राजिंदर पाल सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। शिकायत में कहा कि उन्हें विदेशी नंबरों से बार-बार धमकी भरे फोन कॉल आ रहे हैं।

### न्यूयॉर्क में मंदिर में तोड़फोड़ भारतीय दूतावास ने की निंदा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारत के महावाषिज्य दूतावास ने मेलविले में बीएपीएस के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की। उन्होंने इस घटना को अस्वीकार्य बताना। इस मामले को उन्होंने अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के सामने रखा और इस घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस की सुनवाई 4 नवंबर को



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के बाद अगली सुनवाई 4 नवंबर तक के लिए टाल दी गई है। याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मंदिर पक्ष की 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की याचिका पर नोटिस जारी किया था।

### तेलंगाना में नीलाम हुआ 1.87 करोड़ का 'गणेश लड्डू'

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के बंदलागुडा जागीर में स्थित कीर्ति रिचमंड विला में गणेश चतुर्थी समारोह आयोजित किया गया, जिसका समापन गणेश मूर्ति विसर्जन से पहले एक शानदार गणेश लड्डू की नीलामी के साथ हुआ। इस साल गणेश लड्डू की नीलामी 1.87 करोड़ में की गई और इस तरह पिछले साल के 1.26 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। नीलामी में कुल 100 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जो 25-25 सदस्यों के चार समूहों में विभाजित थे। एक समूह ने सफलतापूर्वक लड्डू को खरीद लिया।



# पिछले अढ़ाई वर्षों में 40 हजार मादक पदार्थ तस्कर पकड़े : पंजाब पुलिस

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने सोमवार को कहा कि पिछले अढ़ाई साल में 39,840 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 29,152 प्राथमिकी दर्ज की गयीं।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुखचैन सिंह गिल ने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का ब्यौरा साझा करते हुए कहा कि पुलिस ने मादक पदार्थ प्रभावित क्षेत्रों में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाकर राज्य भर से 2,546 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने राज्य भर से 2,457 किलोग्राम अफीम, 1,156 क्विंटल चूरा पोस्त और 4.29 करोड़ गोलियां, कैप्सूल, फार्मा ओपिओइड इंजेक्शन बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 30.83 करोड़ रुपए की धनराशि भी बरामद की गई है।



उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन ढाई वर्षों में 602 बड़े तस्करों की 324.28 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है, जबकि 103.50 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने के 192 मामले मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी के पास लंबित हैं।

राज्य सरकार ने राज्य से मादक पदार्थ की समस्या का का खात्मा करने के लिए तीन-आयामी रणनीति 'प्रवर्तन, रोकथाम और पुनर्वास' लागू की है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ मामलों में घोषित अपराधियों या भगोड़ों को गिरफ्तार करने के लिए जारी विशेष अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 16 मार्च, 2022 से 2,378 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है।

आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई का ब्योरा देते हुए आईजीपी ने कहा कि पुलिस ने 34 राइफल, 303 रिवॉल्वर या पिस्तौल, 14 हैंड ग्रेनेड और 290 ड्रोन बरामद करने के बाद 272 आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के साथ 45 आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया।

## भगवान वाल्मीकि की तस्वीर को 'विकृत' करने पर विरोध-प्रदर्शन

फगवाड़ा । वाल्मीकि समुदाय के सदस्यों ने भगवान वाल्मीकि के चित्र को कथित रूप से विकृत किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार यह चित्र वाल्मीकि जयंती से पहले लगाए गए पोस्टर पर था।

इस घटना के बाद वाल्मीकि समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक रूपिंदर कौर भट्टी ने घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।बाद में पुलिस ने बताया कि उसने धार्मिक भावनाएं

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के समर्थन में किया पौधरोपण



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के क्रम में, जहां उन्होंने बुद्ध जयंती पार्क, नई दिल्ली में पीपल का पौधा लगाया था, सिटको ने 17 सितंबर, 2024 को एक दिवसीय विशेष पौधारोपण अभियान चलाकर इस पहल को और मजबूत किया।

यह अभियान होटल माउंटव्यू, होटल शिवालिकव्यू, होटल पार्कव्यू, सिटको पेट्रोल स्टेशन, आईडीएफसी, सुखना लेक और अन्य इकाइयों सहित इसकी सभी इकाइयों में चलाया गया। सिटको के मुख्य महाप्रबंधक, अमित कुमार, दानिक्स के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करना और जलवायु परिवर्तन से निपटने में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

सिटको के प्रबंध निदेशक, श्री हरि कल्लिक्कट आईएएस ने कहा कि यह पौधारोपण अभियान पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हमारे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से, हम न केवल चंडीगढ़ के हरित आवरण में योगदान दे रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रकृति का सम्मान करने के संदेश को भी बढ़ावा दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## राजीव वर्मा ने की सुविधाओं के कामकाज की जांच

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा ने मंदीप बराड़ गृह सचिव, सुरेंद्र सिंह यादव डीजीपी, विनय प्रताप सिंह उपायुक्त, रमेश कुमार गुप्ता राज्य सूचना अधिकारी, एनआईसी यूटी चंडीगढ़ और चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ पुलिस और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेक्टर-17 में एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और पुलिस कमांड कंट्रोल सेंटर का दौरा किया, उसके बाद सेक्टर-18 चंडीगढ़ में साइबर संचालन और सुरक्षा केंद्र का दौरा किया। संबंधित अधिकारियों ने संबंधित सुविधाओं के संचालन के बारे में प्रस्तुति और लाइव प्रदर्शन दिया। प्रशासक के सलाहकार ने सुविधाओं के कामकाज की जांच की और परिचालन और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए समयबद्ध तरीके से संबंधित विभाग से आगे के डेटा स्ट्रीम प्राप्त करने पर जोर दिया।

## सीएम धामी से की विधायक सौरभ और शिव ने मुलाकात

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और विधायक शिव अरोड़ा के नेतृत्व में उधम सिंह नगर जनपद के सितारगंज, गदरपुर एवं रूद्रपुर क्षेत्र के बंगाली समुदाय के लोगों ने भेंट कर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं रखी।

राज्य में विस्थापित बंगाली समुदाय के सदस्यों को जारी किए जाने वाले जाति प्रमाण पत्रों से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाये जाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा जो समस्याएं रखी गई हैं, उन पर गहनता से विचार कर उचित समाधान करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना से कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा विभिन्न समुदायों की समस्याओं का हर संभव समाधान के लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर बंगाली समुदाय से उत्तम दत्ता, हिमांशु सरकार, के.के.दास, विष्णुपद प्रमाणिक, देबू मंडल, कार्तिक राय, सुनील विश्वास संजय बाछाड़, गोपाल सरकार, विधान दास, रवि मजूमदार, अशोक माली, कृष्ण पद मण्डल, रविन्द्र विश्वास, विक्की राय, मयंक अगवाल, विश्वजीत हालदार, अशोक मंडल, प्रभाकर राय, शंकर गोलदार और पंकज बसु मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### 'हिन्दुस्तान शिखर समागम' कार्यक्रम में लिया भाग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मालसी, देहरादून स्थित एक होटल में आयोजित 'हिन्दुस्तान शिखर समागम' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का मुख्य सेवक होने के नाते उन्होंने जो भी निर्णय लिए हैं, राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप लिए हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता जल्द लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में डेमोग्राफिक चेंज को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मामले को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध अतिक्रमण करने वालों पर राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

## देश-विदेश

## मेरे गणेश पूजन में हिस्सा लेने पर कांग्रेस और उसका 'इकोसिस्टम' भड़का हुआ है: पीएम मोदी

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अंग्रेजों की तरह आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे 'सत्ता के भूखे लोगों' को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है और उन्होंने पिछले दिनों गणेश पूजन में भाग लिया था इसलिए कांग्रेस और उसके 'इकोसिस्टम' के लोग उन पर भड़के हुए हैं।

भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर उनके गणेश पूजा अनुष्ठान में भाग लेने के लिए विपक्षी दलों द्वारा आलोचना किए जाने के संदर्भ में की। गणेश विसर्जन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के इस अहम दिन देश को उन चुनौतियों पर भी ध्यान देना है, जो देश को पीछे धकेलना में जुटी हैं।

### मोदी के जन्मदिन पर 'सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय से 'सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ किया। वहीं, रक्तदान शिविर लगाया गया। पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू, अमित शाह, नीतीश, योगी, खडग़े, राहुल गांधी, मायावती समेत दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं। उधर, काशी विश्वनाथ मंदिर में सीएम योगी ने 74 किलो का लड्डू काटा।

## जल्द होगी जनगणना की घोषणा: शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार देश में जनगणना कराने के लिए बहुत जल्द घोषणा हर 10 साल में होने वाली जनगणना की कवायद में कोविड-19 महामारी के कारण देरी हुई है।



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर शाह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 100 दिनों में कृषि उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं।

### रेल हादसों की साजिश लंबे समय तक नहीं चल पाएगी, जल्द लाएंगे सुरक्षा योजना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि रेल दुर्घटनाएं कराने की कोई भी साजिश लंबे समय तक नहीं चल पाएगी और सरकार देशभर में 1.10 लाख किलोमीटर लंबे रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा के लिए जल्द एक योजना का अनावरण करेगी। शाह का यह बयान देश में पिछले दिनों हुईं रेल दुर्घटनाओं की पृष्ठभूमि में आया है। इनमें अधिकतर में रेलवे पटरियों पर अवरोधक रखे गए थे और तोड़फोड़ एवं नुकसान पहुंचाने की साजिश नजर आई।

### मणिपुर में शांति के लिए चल रही बातचीत

**शाह** ने कहा कि सरकार मणिपुर में स्थायी शांति के लिए मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बातचीत कर रही है और उसने घुसपैठ रोकने के लिए म्यांमा से लगती देश की सीमा पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। पिछले सप्ताह तीन दिनों की हिंसा को छोड़ दिया जाए तो मणिपुर में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही है और सरकार अशांत पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम शांति बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। हम मणिपुर में स्थायी शांति के लिए एक खाका भी तैयार कर रहे हैं।

## पेरू के जंगलों में लगी भीषण आग, 15 लोगों की गई जान

**एजेंसी, लीमा**

**पेरू** के जंगलों में लगी भीषण आग से 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोगों के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पेरू में पिछले कुछ समय से देश के कई जंगलों में आग लग गई है। आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर पूरी तरह काबू पाने में कामयाबी नहीं मिली है। पेरू के जंगलों में लगी इस आग से नुकसान भी बढ़ रहा है। कई जंगलों की आग तो बुझा ली गई है, लेकिन कई जंगल ऐसे भी हैं जो अभी भी सुलग रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री सीजर वास्क्वेज ने कहा कि अधिकारी सतर्क रहें और आग से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को मेडिकल मदद देना जारी रखें।

## आज लगेगा साल का अंतिम चंद्र ग्रहण, भारत में नहीं दिखेगा असर



**नई दिल्ली।** साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण 18 सितंबर को भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को सुबह 6 बजकर 12 मिनट से शुरू होगा और यह ग्रहण सुबह 10 बजकर 16 मिनट पर खत्म होगा। यह चंद्र ग्रहण पितृ पक्ष के शुरू होने के पहले दिन लग रहा है। चंद्र ग्रहण एक उपछाया चंद्रग्रहण होगा, जिसमें चंद्रमा के कुछ हिस्सों में मात्र हल्की सी परछाई पड़ेगी। यह ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा इस कारण से भी सूतक काल प्रभावी नहीं रहेगा।

## जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की जरूरत: राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद मोती के समान मूल्यवान है और इसका सोच-समझकर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने आठवें भारत जल सप्ताह शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पौधरोपण के माध्यम से भूजल पुन:पूर्ति के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें पौधारोपण कर भूजल स्तर को बढ़ाना चाहिए। हर मां के नाम पर लगाया गया हर पेड़ उसकी विरासत के लिए सम्मान होगा।

## सेंसेक्स में 90 और निफ्टी में 34 अंक की बढ़त



**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 90 अंक की बढ़त के साथ 83,079 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 34 अंक की बढ़त रही। ये 25,418 के स्तर पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त देखने को मिली। ऑटो, मेटल और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट रही। हालांकि हीरो मोटोकॉर्प आज निफ्टी का टॉप गेनर रहा। इससे पहले कल यानी 16 सितंबर को बाजार ने ऑल टाइम हाई बनाया था।

## 4 महीने के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सब्जियों,** खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से थोक महंगाई में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई और अगस्त में यह 1.31 प्रतिशत रही। यह 4 महीने का निचला स्तर है। रोजाना की जरूरत वाला सामान सस्ता होने से महंगाई घटी है। इससे पहले जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई थी। अगस्त 2023 में यह (-) 0.46 प्रतिशत रही थी।

जून में यह 3.36 फीसदी और मई में 2.61 फीसदी पर थी। वहीं, अप्रैल में ये 1.26 फीसदी पर थी। इससे पहले 12 सितंबर को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे। अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65 फीसदी हो गई है।



**अगस्त में 1.31 और जुलाई में 2.04 फीसदी पर थी थोक महंगाई**

जुलाई महीने में ये 3.54 फीसदी पर थी। उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2024 में खाद्य पदार्थों, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, कपड़ा विनिर्माण तथा मशीनरी और उपकरण आदि के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि हुई। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति सब्जियों की बढ़ती कीमतों के कारण अगस्त में 3.65 प्रतिशत रही। यह जुलाई के 3.60 प्रतिशत से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। आरबीआई ने अगस्त की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को लगातार नौवीं बार 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।

- फ्यूल और पावर की महंगाई बढ़ी, प्राइमरी आर्टिकल्स की घटी
- रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 3.08 फीसदी से घटकर 2.42 फीसदी हो गई।
- खाने-पीने की चीजों की महंगाई 3.55 फीसदी से घटकर 3.26 फीसदी हो गई।
- फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 1.72 फीसदी से बढ़कर -0.67 फीसदी रही।

**आम आदमी पर असर** : थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।

## म्यांमार में तूफान से अब तक 226 लोगों की मौत

**बैंकाक।** म्यांमार में पिछले सप्ताह आए तूफान यागी और मानसून की बारिश की वजह से आई बाढ़ और भू-स्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई है और 77 लोग लापता हैं। सरकारी 'म्यांमा एलिन्न' एजेंसी की ओर से बताई गई मृतकों की संख्या शुक्रवार को बताए गए शुरुआती आंकड़ों का करीब सात गुना है और ऐसी आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि गृह युद्ध से प्रभावित देश में संचार दिक्कतों के चलते हताहतों की संख्या पता लगाने का काम धीमा है। आसियान मानवीय सहायता समन्वय केंद्र के मुताबिक, तूफान यागी ने सबसे पहले वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस को प्रभावित किया था। वियतनाम में करीब 300, थाईलैंड में 42 और लाओस में चार लोगों की मौत हुई थी।

### भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू बैठक

## रणनीतिक और रक्षा मुद्दों पर की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और अमेरिका के बीच टू प्लस टू अंतरसत्रीय बैठक हुई। बैठक में दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा प्राथमिकताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर बताया कि बैठक के दौरान प्रमुख चर्चा विषयों में द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा प्राथमिकताएं शामिल थीं। इसके साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तार से बातचीत की गई। इस बैठक से दोनों देशों के बीच सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को और भी मजबूत करने की दिशा में कदम उठाने की उम्मीद है। इससे पहले, 13 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

# पुरुषों और महिलाओं को आईसीसी विश्व कप में मिलेगी समान इनामी राशि

**एजेंसी, दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व कप में अब पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दी जाएगी जिसकी शुरुआत अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20 विश्व कप से होगी।

आईसीसी के बयान के अनुसार महिला टी-20 विश्व कप में विजेता बनने वाली टीम को अब 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डालर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खेले गए महिला टी-20 विश्व कप जीतने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। इस तरह से इसमें 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय पुरुष टीम को इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप का विजेता बनने पर 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। आईसीसी ने कहा,''आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान पुरस्कार राशि मिलेगी जो इस खेल के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।''

बयान के अनुसार,''यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरस्कार राशि समान करने का निर्णय किया। इस तरह से क्रिकेट पहला प्रमुख खेल बन गया है जिसमें विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है।''

महिला टी-20 विश्व कप तीन अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होगा।



**अब मिलेंगे 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर**
**134 प्रतिशत की हुई वृद्धि**

# बेटियों ने आर्मेनिया को दी मात

## शतरंज ओलंपियाड : पुरुष टीम ने हंगरी पर 3-1 से दर्ज की जीत

**एजेंसी, बुडापेस्ट**

विश्व के नंबर-4 भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की यहां खेले जा रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में लगातार छठी जीत से भारत की पुरुष टीम ने छठे दौर में भी अपना विजय अभियान जारी रखा। एरिगैसी ने छठे दौर में हंगरी के सजुगिरोव सानन पर शानदार जीत हासिल की।

डी गुकेश ने हंगरी के शीर्ष खिलाड़ी रिचर्ड रैपोर्ट के खिलाफ काले मोहरों से आसान ड्रॉ खेला तो वहीं प्रज्ञानानंद ने भी पीटर लेको के साथ अंक बांटें। विदित गुजराती के बेंजामिन ग्लेड्रा को हराने के साथ ही भारत ने हंगरी पर 3-1 से जीत दर्ज करते हुए छह दौर के बाद पुरुष वर्ग में एकल बढ़त कायम कर ली।

**ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की लगातार छठी जीत**



45th FIDE Chess Olympiad BUDAPEST 2024

महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने एलेना डेनियलियन पर जीत के चलते भारत ने आर्मेनिया के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल की। डी हरिका और आर वैशाली को अपने अपने मुकाबले में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा।

तानिया सचदेव ने मजबूत स्थिति से सुरक्षित खेलते हुए अन्ना सरगास्यान के साथ चौथे बोर्ड पर मैच ड्रा किया और भारत ने मुकाबला 2.5-1.5 से जीत लिया। पुरुष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी तालिका में शीर्ष पर है।



तानिया सचदेव

## स्पोर्ट्स विंडो

### अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में खेल सकते हैं जेम्स एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन एक दशक के बाद टी-20 क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की एक टीम ने 2025 के सत्र के लिए उनके साथ अनुबंध करने में दिलचस्पी दिखाई है। इस 42 वर्षीय खिलाड़ी ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना आखिरी मैच 2019 में खेला था। जहां तक टी-20 क्रिकेट की बात है तो इस प्रारूप में उनका अंतिम मैच लंकाशर के लिए 2014 में नेटवेस्ट ब्लास्ट फाइनल था। एंडरसन ने इंग्लैंड की तरफ से अपना आखिरी टी-20 मैच 2009 में खेला था। एंडरसन ने 188 टेस्ट मैच में 704 विकेट लिए हैं। एमएलसी में खेलने पर उन्हें 1,35,000 पाउंड की मोटी धनराशि मिल सकती है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने कहा था कि क्रिकेट में अपना करियर जारी रखने के लिए वह अभी काफी फिट हैं और सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने पर विचार कर सकते हैं।



### महिला हैंडबॉल लीग में हिस्सा लेगी कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स टीम

**नई दिल्ली।** महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) के आयोजकों ने घोषणा की कि कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स (केटीएस) लीग में हिस्सा लेने वाली छह टीम में से एक टीम होगी। युवा लड़कियों को प्रेरित करने, एक मजबूत जमीनी नेटवर्क बनाने और खेलों में महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा करने के दृष्टिकोण के साथ, डब्ल्यूएचएल महिला खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। लीग के अधिकार धारक पावना स्पोर्ट्स वेंचर की निदेशक प्रिया जैन ने टूर्नामेंट में कोलकाता की टीम का स्वागत किया।

### संतोष भारतीय महिला फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने संतोष कश्यप को राष्ट्रीय सीनियर महिला टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया। वह पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चाओबा देवी की जगह लेंगे। कश्यप का पहला टूर्नामेंट 17 से 30 अक्तूबर तक नेपाल के काठमांडू में होने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप होगी। भारत की 29 सदस्यीय टीम चैंपियनशिप की तैयारी के लिए 20 सितंबर से गोवा में शिविर में हिस्सा लेगी। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कश्यप को आईलीग में कोचिंग का लगभग एक दशक का अनुभव है। उन्होंने मोहन बागान, आइजोल एफसी और मुंबई एफसी जैसे क्लबों को कोचिंग दी है। कश्यप 58 वर्ष के हैं और इंडियन सुपर लीग में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और ओडिशा एफसी के सहायक कोच भी रह चुके हैं।

### तानिया की तारीफ करते हैं क्रिकेट फैंस

**नई दिल्ली ।** जब हम दुनियाभर की सबसे सुंदर महिला क्रिकेटरों की बात करते हैं तो उसमें टीम इंडिया की विकेटकीपर तानिया भाटिया का नाम भी शामिल है। तानिया भाटिया की सुंदरता की तारीफ अक्सर क्रिकेट फैंस करते रहते हैं। अपनी ब्यूटी के चलते वह क्रिकेट फैंस के बीच काफी लोकप्रिय हैं। पंजाब की रहने वाली तानिया ने कॉलेज के समय में युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह से ट्रेनिंग ली थी।



### 'खेलो इंडिया' खेलों का दक्षिण अफ्रीका में हुआ सफल आयोजन

**जोहान्सबर्ग।** 'खेलो इंडिया' खेलों का देश के बाहर पहली बार दक्षिण अफ्रीका में सफल आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलों में भाग लिया। दक्षिण अफ्रीका में बसे प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडिया क्लब' के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि कबड्डी, खो-खो, कैरम, और सातोलिया (लागोरी) जैसे चार पारंपरिक भारतीय खेल इस आयोजन के दूसरे चरण का हिस्सा बनेंगे। 'इंडिया क्लब' ने जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास के साथ कार्यक्रमों की सह-मेजबानी की।

# हरमनप्रीत और श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार की दौड़ में शामिल

**एजेंसी, लुसाने**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया जबकि दिग्गज पीआर श्रीजेश वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान के दावेदार होंगे। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां टीम ने कांस्य पदक जीता था।

कप्तान हरमनप्रीत ने 10 गोल के साथ टीम की शानदार अगुवाई की। वह इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने थे।

भारत के लिए अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की। उन्होंने खासकर ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल कमाल का प्रदर्शन किया। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और बाद में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।



हरमनप्रीत सिंह



पीआर श्रीजेश

### विशेष समिति ने किया चयन

नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं।

### उदीयमान खिलाड़ी

**महिला ।** क्लेयर कोलविल (ऑस्ट्रेलिया), जो डियाज (अर्जेंटीना), टैन जिनजुआंग (चीन), एमिली व्हाइट (बेल्जियम), लिनिया वीडेमैन (जर्मनी)।

**पुरुष ।** बॉतिस्ता कैपुरो (अर्जेंटीना), ब्रूनो फॉन्ट (स्पेन), सुफियान खान (पाकिस्तान), मिशेल स्ट्रूथॉफ (जर्मनी), अर्नो वान डेसेल (बेल्जियम)।



### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**महिला ।** गु बिंगफेंग (चीन), यिब्बी जेन्सन (नीदरलैंड), नाइके लोरेंज (जर्मनी), स्टेफनी वैंडेन बोर्रे (बेल्जियम), ज़न डे वार्ड (नीदरलैंड्स)।

**पुरुष ।** थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी), हरमनप्रीत सिंह (भारत), जैच वालेस (इंग्लैंड)।

### सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

**महिला ।** क्रिस्टीना कोसेंटिनो (अर्जेंटीना), आइस्लिंग डी'हूघे (बेल्जियम), नथाली कुबाल्स्की (जर्मनी), ऐनी वीनेंडाल (नीदरलैंड), ये जिओ (चीन)।

**पुरुष ।** पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना), पीआर श्रीजेश (भारत)।

# नए कोचिंग स्टाफ की शैली द्रविड़ से अलग : रोहित शर्मा

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर की शैली उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ से अलग है लेकिन नए कोच के साथ उनका तालमेल अच्छा है।

विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने जुलाई में श्रीलंका के सीमित ओवर के दौरों से भारतीय टीम की कमान संभाली थी। बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही दो मैचों सीरीज में वह पहली बार टेस्ट टीम का मार्गदर्शन करेंगे।

गंभीर की देखरेख में भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में सूपड़ा साफ किया था जबकि एकदिवसीय सीरीज में टीम को 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जाहिर तौर पर राहुल भाई, विक्रम राठौड़ और पारस महाम्ब्रे एक अलग टीम थे। हमें पता है कि नया सहयोगी स्टाफ अलग दृष्टिकोण लाएगा। श्रीलंका में हमने (नए स्टाफ के साथ) जो मैच खेले, वे चीजों को समझते हैं और उन्हें तालमेल बैठाने में कोई परेशानी नहीं है। वह टीम के माहौल में ढलने लगे हैं।''



बल्लेबाजी कोच राठौड़ और गेंदबाजी को महाम्ब्रे की जगह क्रमशः अभिषेक नायर (सहायक कोच) और दक्षिण अफ्रीका के मोर्ने मोर्कल ने ले ली है। नीदरलैंड के पूर्व हरफनमौला रियान टेन डोएशे भी टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर जुड़े हैं।

रोहित भारतीय टीम में गंभीर के साथ खेल चुके हैं। वह और नायर घरेलू क्रिकेट में लंबे समय तक मुंबई के लिए एक साथ खेले हैं।

# पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन स्टीफंस पहले दौर में हारी

**एजेंसी, सियोल**

अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को डब्ल्यूटीए कोरिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हमवतन अमेरिकी हेली बैपटिस्ट के खिलाफ 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में अमांडा एनिसिमोवा ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय यूलिया पुतिंतसेवा को 6-3, 7-6 से हराया जबकि पोलिना कुदरमेतोवा ने प्रिसिला होन को 7-5, 6-4 से शिकस्त दी।

विक्टोरिया तोमोवा ने तातजाना मारिया को तीन सेट में 6-2, 1-6, 6-0 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ डब्ल्यूटीए थाईलैंड ओपन में बारिश और तूफान के कारण खेल को निलंबित करना पड़ा, जिन मुकाबलों को निलंबित किया गया उनमें शीर्ष वरीय डयाना यास्त्रेमस्का का मेई होनटेमा के खिलाफ पहले दौर का मुकाबला भी शामिल है। जब खेल रोका गया तब होनटेमा पहले सेट में 4-3 से आगे चल रही थी।



स्लोएन स्टीफंस

# आईएसएल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की जीत



**कोलकाता।** मोरक्को के स्ट्राइकर अलाउद्दीन एजेरी के अंतिम क्षणों में किए गए गोल के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने प्रतियोगिता में पहली बार भाग ले रही मोहम्मडन एससी को 1-0 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

जब मैच गोलरहित ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी एजेरी ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया, जिससे डूरंड कप विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड पूरे तीन अंक हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले दोनों टीम कुछ मौके ही बना पाई थी। दोनों टीम को गेंद पर नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के विंगर जितिन स्मिथ को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# प्रियांशु चाइना ओपन के पहले दौर में बाहर

**एजेंसी, चांगझू (चीन)**

भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कनाडा के ब्रायन यांग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल ऑरलियंस मास्टर जीतने वाले 22 वर्षीय राजावत इस सुपर-1000 टूर्नामेंट में 36 मिनट तक चले मैच में अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी से 13-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी राजावत दो साल पहले ऐतिहासिक थॉमस कप खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। विश्व रैंकिंग में 40वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज अब पुरुष एकल स्पर्धा में एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं। वह पहले दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे।

पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी सहित पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी साल के इस आखिरी बीडब्ल्यूएफ सुपर-1000 टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली तथा रुतपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी महिला युगल स्पर्धा में जबकि एन सिक्की रेड्डी और बी सुमीत रेड्डी की जोड़ी मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे। आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और सामिया इमाद फारूकी महिला एकल में अपना भाग्य आजमाएंगे।



प्रियांशु राजावत

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा की समीक्षा करेगा आईसीसी

**एजेंसी, कराची**

आईसीसी का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए कराची जाएगा।

आईसीसी के आयोजन एवं सुरक्षा विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ क्रिकेट महाप्रबंधक और प्रोडक्शन प्रबंधक इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। आईसीसी पिच सलाहकार एंडी एटकिंसन भी अप्रैल से अब तक तीन बार पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल टूर्नामेंट के संभावित कार्यक्रम पर चर्चा करेगा।

# पिकलबॉल विश्व कप में भारत से दो टीमें लेंगी भाग

**नई दिल्ली ।** भारतीय की दो टीमें पेरू के लीमा में 22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पिकलबॉल विश्व कप में चुनौती पेश करेंगी। भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने कहा कि उसे वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए दो टीमें भेजने के लिए आमंत्रित किया गया था। आईपीए ने मंगलवार को पिकलबॉल विश्व रैंकिंग के साथ साझेदारी में घोषणा भी घोषणा की।



आईपीए ने कहा, ''आईपीए और गुजरात राज्य पिकलबॉल संघ (जीएसपीए) के तत्वावधान में अहमदाबाद में हाल ही में संपन्न चयन ट्रायल में नौ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। ओपन वर्ग के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व धीरेन पटेल करेंगे और इसमें हिमांश मेहता, सूरज देसाई, रक्षिका रवि और अंशी शेठ शामिल होंगे।

सीनियर्स (50 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों की टीम) टीम में नोजर अमलसदीवाला, किरण सालियान, बेला कोटवानी और सुजय पारेख शामिल होंगे। पिकलबॉल को टेनिस की तरह खेला जाता है लेकिन इस खेल में खिलाड़ी रैकेट की जगह पैडल का इस्तेमाल करते हैं। इसके कोर्ट का आकार बैडमिंटन कोर्ट से दोगुना होता है।

**फुटबॉल** वायरल संक्रमण से पीड़ित होने के बाद रोनाल्डो ने नहीं की बगदाद की यात्रा

# रोनाल्डो के बिना मैच ड्रॉ कराया अल नासर ने

**एजेंसी, बगदाद**

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में इराक के अल शॉर्ट के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

अल नासर ने बताया कि रोनाल्डो ने बगदाद की यात्रा नहीं की क्योंकि वह वायरल संक्रमण से पीड़ित हैं। पुर्तगाल के सुपरस्टार ने पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग में खिताब जीता है, लेकिन वह सऊदी अरब के अपने क्लब की तरफ से अभी तक कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। अल नासर ने मैच में अच्छी शुरुआत की।

सुल्तान अल घनम ने 14वें मिनट में गोल करके अल नासर को बढ़त दिला दी थी, लेकिन इसके 10 मिनट बाद मोहम्मद दाउद ने इराक के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। सऊदी अरब के एक अन्य क्लब अल अहली ने जेद्दा में खेले गए मैच में ईरान के पर्सेपोलिस को 1-0 से हराया। बार्सिलोना और एसी मिलान के पूर्व मिडफील्डर फ्रक केसी ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।



## रेयो वैलेकानो ने ओसासुना को 3-1 से हराया

**मैड्रिड।** रेयो वैलेकानो ने दूसरे हाफ में तीन शानदार गोल करके शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की और ओसासुना को 3-1 से हराया जो उसकी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में पहली जीत है। राउल गार्सिया डी हारो ने 26वें मिनट के बाद लंबी दूरी से गोल करके ओसासुना को बढ़त दिला दी, लेकिन दूसरा हाफ पूरी तरह से रेयो के नाम रहा। रेयो की तरफ से अब्दुल मुमिन ने 49वें में बराबरी का गोल किया जबकि आद्रेई रतिउ ने बॉक्स के ठीक बाहर से पेप चावरिया के पास पर खूबसूरत गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। रेयो की तरफ से तीसरा गोल उनाई लोपेज ने 25 गज की दूरी से किया। इस जीत से रेयो छठे स्थान पर पहुंच गया है जबकि ओसासुना उससे चार स्थान पीछे है।